वैशाख कृष्ण पक्ष 03, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 30.0° न्यून. 17.0°
रांची: अधिक. 30.7° न्यून. 17.6°

रांची, बुधवार
16 अप्रैल 2025
वर्ष-26, अंक- 74, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## झारखंड मुक्ति मोर्चा में नए युग की शुरुआत, शिबू सोरेन बनाए गए पार्टी के संस्थापक संरक्षक

# हेमंत सोरेन बने झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष



झामुमो का महाधिवेशन संपन्न, कल्पना सोरेन बनीं केंद्रीय समिति की सदस्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में नए युग की शुरुआत हुई। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन मंगलवार को सर्वसम्मति से पार्टी के 13वें महाधिवेशन में केंद्रीय अध्यक्ष चुन लिए गए। साथ ही, झामुमो के संविधान में संशोधन करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष के पद को समाप्त कर दिया गया है। झामुमो के 13वें महाधिवेशन के दूसरे दिन मंगलवार को पार्टी ने हेमंत सोरेन को केंद्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी। वहीं, शिबू सोरेन को पार्टी का संस्थापक संरक्षक बनाया गया। इसी के साथ राजधानी रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में चल रहे झामुमो के दो दिवसीय महाधिवेशन का समापन हो गया।

शिबू सोरेन को पार्टी का संस्थापक संरक्षक बनाए जाने का प्रस्ताव पार्टी नेता नलिन सोरेन ने रखा और स्टीफन मरांडी ने इसका समर्थन किया। इसके बाद शिबू सोरेन ने हेमंत सोरेन को झामुमो का केंद्रीय अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। महाधिवेशन में शिबू सोरेन ने मौजूद लोगों से हेमंत सोरेन को आशीर्वाद देने का आग्रह किया। वहीं, गांडेय विधानसभा सीट की विधायक कल्पना सोरेन झामुमो की केंद्रीय समिति की सदस्य बनाई गई हैं। केंद्रीय समिति में कुल 289 लोगों को शामिल किया गया है।

केंद्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि नई ऊर्जा के साथ पार्टी चलेगी और राज्य का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ा जाए, इस पर भी काम किया जा रहा है। महिलाओं को जिला अध्यक्ष के साथ तमाम पदों पर बैठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब कार्यकारी अध्यक्ष था, तब गलती करने का मौका था, लेकिन अब गलती करने की भी गुंजाइश नहीं है। पार्टी के अंदर अनुशासन सबसे मुख्य बिंदु है। संगठन को पूरे देश के अंदर बढ़ाने की तैयारी है। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित होना होगा, तभी सफर को मंजिल तक पहुंचाएगा जा सकेगा।

वहीं, उन्होंने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, बाबा दिशोम गुरुजी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, पार्टी के लाखों साथियों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसे दिन-रात कड़ी मेहनत कर पूरा करने का काम करूंगा। आप सभी का यही साथ ही मेरी ताकत है। बाबा के मार्गदर्शन में वीर पुरुखों के सपनों को साकार करने के लिए मैं दोगुनी ताकत के साथ राज्यवासियों की सेवा के लिए आगे बढ़ूंगा। आप सभी के अपार स्नेह और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद, आभार। झामुमो के नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि आज से झारखंड मुक्ति मोर्चा लंबी यात्रा के लिए आगे बढ़ेगा, पार्टी को आगे बढ़ाने में सभी ने सहयोग किया। यहां के आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक, गरीब-गुरबा एवं सभी वर्गों ने मिलकर पार्टी को यहां तक लाया है। इस राज्य की जनता ने प्यार, सम्मान देकर शिबू सोरेन को गुरुजी बनाया। इस राज्य की जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ना, सामंती विचार वालों से लोहा लेना साधारण बात नहीं है। आज के समय में बिरले ही ऐसे लोग मिलते हैं।

हेमंत सोरेन ने कहा कि दिशोम गुरु ने पार्टी को पार्टी की तरह नहीं, परिवार की तरह चलाया है। गुरुजी ने आदेश देकर एक बड़ी जिम्मेवारी दी है। पार्टी में नई पीढ़ियों का समवावेश हो रहा है, इनके साथ पार्टी के विचारों को आगे लेकर जाना है। राज्य अलग करने का संघर्ष था, अब सत्ता का संघर्ष है। इस राज्य को सजाने-संवारने का संघर्ष है। पूरे विश्व में झारखंड सोने की चिड़िया के रूप में जाना जाता है। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि यहां के भोले-भाले लोगों को बाहर आए लोग छलते रहे हैं, ठगते रहे हैं। चाहे सरकार के रूप में, पदाधिकारी के रूप में, बिचौलिए के रूप में। यह राज्य पूरे देश का पेट पालता है और यहां के लोग भूख से मरें, विश्वास की बात नहीं। हेमंत सोरेन ने कहा कि सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में आज भी जात-पात, ऊंच-नीच, अगड़ा-पिछड़ा का भेदभाव खत्म नहीं हो रहा है। आज भी गरीब, अल्पसंख्यक, दलित, आदिवासी का शोषण हो रहा है, शोषण करने वाले ये कौन लोग हैं। ये सामंती विचार के लोग अपना षड्यंत्र फैला रहे हैं। जब तक राज्य के अंदर सौहार्द्र का माहौल नहीं होगा, किसी भी राज्य का विकास नहीं होगा। राज्य के अंदर सदियों से चले आ रहे ताना बाना जहां हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, आदिवासी, दलित मिल-जुलकर रहता था, एक दूसरे की मदद के लिए खड़ा रहता था, वही एकता कायम करना है। हमलोग सरकार चला रहे हैं, जो भी भेदभाव करने का षड्यंत्र रचेगा, उसे सबक सिखाया जाएगा। सिपाही, पुलिस कितना काम करेगा, जबतक समाज जागृत नहीं होगा और आज हमें जागरूक रहने की जरूरत है। हम अपनी कार्य योजना में भेदभाव नहीं करते, सभी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मंईयां सम्मान योजना, बताइए क्या केवल हिंदु को मिल रहा है या केवल मुस्लिम या केवल आदिवासी को मिल रहा है। यह सभी को मिल रहा है, कोई भेदभाव की जगह नहीं है। हेमंत सोरेन ने कहा कि अपने कंधों पर पार्टी को ढोते-ढोते पचास साल हो गए। हम नहीं चाहते कि हमारी जनता विकास के लिए और पचास वर्ष की बाट जोहे। अभी भी राज्य की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है। अभी तो विकास शुरू हुआ है, जिसके लिए राज्य सरकार दिन-रात लगी है। योजना के बेहतर प्रबंधन, वित्त के बेहतर प्रबंधन पर सरकार कार्य कर रही है। आपका सहयोग हमारे विचार को और गति दे सकती है। इसके लिए आप सबों से समय-समय पर फिर मिलेंगे।



**नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा**

- नई ऊर्जा के साथ पार्टी चलेगी, राज्य का सर्वांगीण विकास किया जाएगा
- महिलाओं को जिला अध्यक्ष के साथ तमाम पदों पर बैठाया जाएगा
- गुरुजी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे दिन-रात मेहनत कर पूरा करूंगा

**289** लोगों को शामिल किया गया है केंद्रीय समिति में

## पार्टी ने तय की शिबू सोरेन की नई भूमिका

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने शिबू सोरेन की नई भूमिका तय की है। शिबू सोरेन 1987 से झामुमो के अध्यक्ष थे और उन्होंने पार्टी को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब उनकी भूमिका बदलकर संस्थापक संरक्षक की होगी, जिसमें वे पार्टी के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम करेंगे। झामुमो ने वर्ष 2025 में अपने गठन के 53 वर्ष पूरे कर लिए हैं। पार्टी का गठन चार फरवरी 1973 को हुआ था। पार्टी का पहला स्थापना दिवस धनबाद के गोल्फ मैदान में मनाया गया था। मौजूदा समय में झामुमो झारखंड की राजनीति में एक प्रमुख दल है और सत्ता में है।



### राज्य जुमलों से नहीं काम से चलता है

पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष के लोग आए दिन सरकार गिराने में लगे रहते हैं, लेकिन वे कामयाब नहीं हो पाए। हमलोगों ने भी कमर कस लिया और उनके साथ दो-दो हाथ करने का निर्णय लिया। जब पांच साल के कार्य को राज्य की जनता ने देखा, तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि इतनी बड़ी बहुमत के साथ राज्य की जनता से पुन: सत्ता पर बैठाने का जनादेश दिया, क्योंकि राज्य जुमलों से नहीं काम से चलता है। जितनी उंचाई पर आप चढ़ते हैं, चुनौती उतनी बड़ी होती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी नहीं, जन-जन की आवाज है। इस विचार को लोगों ने गले से लगाया। आज हमें सुनिश्चित करनी होगा कि विचार घर-घर तक पहुंचे और राज्य का सर्वांगीण विकास हो सके।

### किसान भगवान के रुप हैं

हेमंत सोरेन ने कहा कि किसान भगवान का रूप माना जाता है और यहां के किसान आत्महत्या करते थे। किसान के बिना देश की परिकल्पना नहीं की जा सकती। पूरे देश के किसान आज हतोत्साहित हैं। किसान आंदोलन को पढ़ा, देखा, सुना, किसानों ने संघर्ष किया, लड़ाई लड़ी। अंत में किसानों की ताकत के आगे केंद्र सरकार को झुकना पड़ा था। हक अधिकार की लड़ाई पूंजीपति-व्यापारी नहीं लड़ते हैं, लड़ते हैं तो शोषित, पीड़ित, गरीब लोग।

### गुरुजी के संघर्ष को नमन

हेमंत सोरेन ने कहा कि इस महाधिवेशन को झारखंड के इतिहास में सुनहरे अक्षरों से लिखा जाएगा। गुरुजी के संघर्ष को हम सभी लोग नमन करते हैं। अपने आंदोलनकारियों का सम्मान करते हुए वीर शहीदों को नमन करते हैं और उनसे प्रेरणा लेकर उनके विचारों को पूरे जोश-खरोश के साथ लंबी यात्रा पर आगे बढ़ेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा को उखाड़ने वाले कई लोग उखड़ गए।

### आंदोलनकारियों के निधन पर परिवार को एक लाख की आर्थिक सहायता

पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की किसी भी वजह से मृत्यु होती है, हमें साथ छोड़ जाते हैं। उन आंदोलनकारियों का विवरण पार्टी के कार्यालय में सूचित करें, उनके परिवार को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता की जाएगी और उनके दु:ख की घड़ी में पार्टी उनके साथ खड़ी रहेगी।

**इंडिया**

## बंगाल-मणिपुर की हिंसा पर सतही बयानबाजी और विदेशी षड्यंत्र



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बौद्धिक और सामाजिक आंदोलन से लेकर स्वतंत्रता की लड़ाई में उल्लेखनीय योगदान देनेवाला बंगाल अपनी साहित्यिक, सांस्कृतिक और अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए जाना जाता रहा है पर विगत कुछ वर्षों से हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रहीं हैं और उसके साथ भाजपा तृणमूल की राजनीतिक बयानबाजी भी पर हाल में जो हुआ और भविष्य में होने वाला है उसपर केंद्र और बंगाल की ममता सरकार को राजनीति से ऊपर उठकर कार्रवाई करनी चाहिए अन्यथा इसकी आंच देश के अन्य भागों तक पहुंचेगी और स्थिति कश्मीर से कश्मीरी पंडितों के पलायन जैसी होकर उन विदेशी तत्वों का मकसद पूरा कर देगी जो चाहती हैं कि भारत अंदरूनी झगड़ों में उलझा हुआ रहे और इसकी तेज आर्थिक विकास का पहिया थम जाए । वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के बाद से जहां तनाव की स्थिति से अल्पसंख्यक हिंदू भयभीत हैं। हिंसा प्रभावित इलाकों से सैंकड़ों हिंदू पलायन कर भागीरथी नदी पार कर मालदा जिले में या झारखंड में शरण ली है। इनके अनुभव कश्मीर से कश्मीरी पंडितों के पलायन जैसे हैं । राज्य के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि कट्टरपंथियों के डर से लोग भागने को मजबूर हैं। फरक्का से तृणमूल कांग्रेस विधायक मनिरुल इस्लाम के भी पलायन करने की खबर है। उनके घर ताला लगा है। हिंसाग्रस्त शमशेरगंज में उपद्रवियों ने बीएसएफ टीम पर फिर फायरिंग की है। हिंसा में बच्चे घायल हुए हैं उपद्रवियों पर कई महिलाओं से छेड़खानी का भी आरोप है।सैंकड़ों लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई थी। एक अलग घटना में शनिवार शाम धुलियान में एक व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया था। ऐसे में प्रशासन द्वारा हिंसाग्रस्त इलाकों में शांति कायम करने की कोशिशों के बीच रविवार सुबह जिले के हिंसाग्रस्त शमशेरगंज के धुलियान इलाके में उपद्रवियों ने फिर फायरिंग की। क्षेत्र में शांति बहाल करने में राज्य पुलिस की सहायता के लिए तैनात बीएसएफ टीम को निशाना बनाकर फायरिंग की गई। इसमें दो बच्चे घायल हो गए।कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के दावों के बीच फिर वक्फ संशोधन कानून की आड़ में हिंसा की साजिश रची गई। जांच एजेंसी को इस बात का भी अंदेशा है कि यह स्लीपर सेल मुर्शिदाबाद के अलावा भारत-बांग्लादेश सीमा के अन्य सीमावर्ती भारतीय जिलों के भीतर भी इसी तरह की हिंसा को अंजाम देने की फिराक में है।जांच एजेंसियों को ऐसे डिजिटल और वित्तीय ट्रांजैक्शंस के सबूत मिले हैं जो संकेत देते हैं कि हिंसा को अंजाम देने के लिए विदेशी स्त्रोतों से पैसे भेजे गए।इन पैसों का इस्तेमाल भीड़ जुटाने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज फैलाने और जमीन पर संगठन बनाने में किया गया।एजेंसियों को यह भी आशंका है कि मुर्शिदाबाद के अलावा, नदिया, मालदा, उत्तर व दक्षिण 24 परगना और कूचबिहार जैसे सीमावर्ती जिलों में भी हिंसा फैलाने की साजिश रची जा रही है। ऐसे में इन इलाकों को लेकर केंद्र और राज्य की एजेंसियों को अलर्ट किया गया है।मुर्शिदाबाद के धुलियान में पिता-पुत्र की हत्या के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, अफवाह फैलाने वाले 1093 सोशल मीडिया पोस्ट को पुलिस ने ब्लॉक किया है। पुलिस ने एक विशेष टीम बनाई है। इस टीम में एसटीएफ, सीआईडी और जिला पुलिस अधिकारी शामिल हैं। सोशल मीडिया पोस्ट से लेकर इंडी गठबंधन के अनेक नेता बंगाल हिंसा पर सवाल उठाने के बजाय भाजपा और केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि मणिपुर पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई ? भारत के पूर्वोत्तर के राज्यों को 7 सिस्टर्स या 7 बहनें भी कहा जाता है। मणिपुर की सीमा म्यांमार से लगती है। यहां अनुमानित 33 लाख लोग रहते हैं। जिसमें आधे से अधिक मैतेई समुदाय के लोग निवास करते हैं, जबकि लगभग 43 फीसदी कुकी और नगा समुदाय के लोग निवास करते हैं, जो प्रमुख अल्पसंख्यक जनजातियां मानी जाती हैं। मणिपुर में जातीय हिंसा के 600 दिन बाद 22 दिसंबर, 2024 को पहली बार हुआ है, जब लगातार एक महीने से हिंसा की कोई घटना नहीं हुई। छिटपुट प्रदर्शन के लिए भी मैतेई-कुकी समुदायों की महिलाएं सड़कों पर नहीं उतरीं। सरकारी दफ्तर रोजाना खुल रहे हैं और स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ रही है। कारण यहां चल रहा सेना का कश्मीर जैसा ऑपरेशन 'क्लीन' है। कश्मीर में सेना जहां भी सर्च ऑपरेशन चलाती है, वहां पूरे इलाके को आतंक से क्लीन करने के बाद ही सामाजिक गतिविधियों को पटरी पर लाने का काम होता है। मणिपुर में भी कुछ ऐसा ही ऑपरेशन हो रहा है।सवाल यह है कि क्या हमें बंगाल या मणिपुर में शांति बहाली का प्रशासनिक अनुभव या समस्या की जड़ों में जो कारण हैं पता हैं यदि नहीं तो क्या बयानबाजी और सोशल मीडिया पोस्ट से इसका समाधान होगा ?



**नेशनल हेराल्ड मामला**

## ईडी ने राहुल, सोनिया और पित्रोदा के खिलाफ दायर किया आरोपपत्र

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने इस मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा की सदस्य सोनिया गांधी और ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में मनी लांड्रिंग मामले में दायर ईडी के आरोपपत्र में सुमन दुबे और अन्य के नाम भी शामिल हैं। अदालत ने मामले में संज्ञान पर बहस के लिए 25 अप्रैल की तारीख तय की है। इससे पहले ईडी ने इस मामले से जुड़ी संपत्तियों पर कब्जा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। राज्यसभा सदस्य एवं दिग्गज कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इसे बदले की राजनीति बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करना कानून के शासन का मुखौटा पहनकर सरकार प्रायोजित अपराध है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करना प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा बदले की राजनीति और धमकी के अलावा कुछ नहीं है। कांग्रेस और उसका नेतृत्व चुप नहीं रहेगा।



25 अप्रैल को होगी सुनवाई

शेष पेज 11 पर

# ड्रग्स के उत्पादन, वितरण व उपभोग पर रखें कड़ी नजर : मुख्य सचिव

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की पांचवीं राज्यस्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, समाज कल्याण सचिव मनोज कुमार, उत्पाद सचिव अमिताभ कौशल, स्कूली शिक्षा सचिव उमाकांत सिंह सहित अन्य विभागों के वरीय अधिकारी मौजूद थे। वहीं संबंधित जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक वर्चुवल माध्यम से जुड़े थे। बैठक में मुख्य सचिव ने ड्रग्स के उत्पादन, वितरण और उपभोग पर कड़ी नजर रखने का निर्देश उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को दिया है। साथ ही नशे के अवैध कारोबार से जुड़े तत्वों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई करने को कहा। इस मसले से जुड़े सभी संबंधित विभागों को ड्रग्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ जन जागरूकता अभियान को और गति देने पर भी बल दिया। दवा की दुकानों से नशीली दवाईयां तथा सीरप की बिक्री से जुड़े मसले पर उन्होंने चिंता जताते हुए इसके नेटवर्क को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं लाइसेंसधारी दवा दुकानों की सूची गृह सचिव को उपलब्ध कराने का आदेश दिया, ताकि गैर लाइसेंसी दवा दुकानों पर कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।



## 2023-24 की तुलना में 2024-25 में छह गुना अधिक पोस्ते की फसल की गई नष्ट

बैठक में बताया गया कि 2024-25 में लगातार अभियान चलाकर पोस्ते की खेती के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उसका परिणाम यह है कि 2023-24 में जहां 4860 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल नष्ट की गई थी, वहीं 2024-25 में 27015 एकड़ में लगी फसल का विनष्टीकरण किया गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में छहगुना है। उसी तरह मादक पदार्थों के खिलाफ 2023 में 529 केस दर्ज किये गये थे और 773 गिरफ्तारियां हुईं थीं। 2024 में दर्ज मामलों की संख्या जहां 803 रहीं, वहीं गिरफ्तारियां भी 1062 की गईं।

### नशे के अवैध धंधे पर नकेल कसने वाले किए जा रहे प्रशिक्षित

नशे के अवैध धंधे पर नकेल कसने के लिए सभी प्रवर्तन एजेंसियों के लोगों को लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के सहयोग से राज्य के पुलिस पदाधिकारियों को एनडीपीएस एक्ट के महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में प्रशिक्षित किया गया है और यह प्रक्रिया लगातार जारी है। साथ ही अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय, होटवार, रांची में भी प्रशिक्षण लगातार जारी है। इसमें वन विभाग के कर्मियों को भी जोड़ने का निर्देश दिया गया है। वहीं एनसीबी और राज्य पुलिस को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया( एसओपी) भी निर्धारित की गयी है।

### मादक पदार्थों की जांच के लिए खरीदें किट

जिलों के डीसी और एसपी को मादक पदार्थों की जांच में काम आनेवाली किट की खरीदारी 15 दिन के भीतर करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो द्वारा प्राप्त डीडी किट, प्रेकर्सर किट, केटामाइन किट जिलों को आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया गया था। बताते चले कि मादक पदार्थों की जांच से संबंधित एफएसएल की रिपोर्ट मिलने में कुछ समय लगता है, लेकिन प्राथमिक तौर पर किट के द्वारा जांच कर न्यायालय को रिपोर्ट सुपुर्द कर देने से न्यायायिक कार्यवाही बाधित नहीं होती। इसके अलावा बैठक के दौरान अवैध मादक पदार्थों से जुड़े मामले की सुनवाई के लिए जिलों में स्पेशल कोर्ट का गठन, वित्तीय अनुसंधान आदि पर भी चर्चा की गई।

### जब्त मादक पदार्थों का निपटारा सुनिश्चित करें

बैठक में जब्त मादक पदार्थों के निपटाव सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। कतिपय जिला द्वारा इस कार्य में पीछे रहने की बात को गंभीरता से लेते हुए तय समयसीमा में उसके निपटाव का निर्देश दिया गया। वहीं जब्त मादक पदार्थों को सुरक्षित रखने के लिए यथाशीघ्र जिलों में मालखाना निर्माण पर भी बल दिया गया। कुछ जिले में जमीन या निर्मित स्थान अभी तक नहीं मिलने की सूचना पर संबंधित जिला के उपायुक्तों को रुचि लेकर इसका निदान करने का निर्देश दिया गया।

### मानस पोर्टल पर दें सूचना, पाएं इनाम

अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन, वितरण और उपभोग की सूचना देने के लिए आम लोगों को भी जोड़ने पर बल दिया गया है। इसके लिए जुलाई 2024 में मानस पोर्टल लांच किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन, वितरण और उपभोग की सूचना दे सकता है। सूचनादाता की पहचान पूर्णतः गुप्त रहती है। वहीं सत्यापन के बाद सूचना सच होती है, तो सूचनादाता को ईनाम की राशि भी मिलती है। एनसीबी द्वारा बताया गया कि पूरे देश में अब तक इस पोर्टल के माध्यम से 60 हजार सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। रांची में 70 सूचनाएं इस पोर्टल के माध्यम से मिली हैं।

# राज्य के मेडिकल कॉलेजों में बेड की संख्या में होगी बढ़ोत्तरी : डॉ इरफान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य के चार मेडिकल कॉलेजों दुमका, पलामू, हजारीबाग और धनबाद में बेड की कुल संख्या 1560 से बढ़ाकर 3560 की जाएगी। यानी इनमें कुल 2000 बेड बढ़ाए जाएंगे। पलामू में 360 से बढ़ाकर 860 बेड, हजारीबाग में 400 से बढ़ाकर 900, दुमका में 300 से बढ़ाकर 800 और धनबाद मेडिकल कॉलेज में बेड की संख्या 500 से बढ़ाकर 1000 की जाएगी। साथ ही राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में भी बेड की क्षमता 2400 से बढ़ाकर 4450 की जा रही है। एमजीएम, जमशेदपुर में 751 बेड के अस्पताल भवन में उपचार की सुविधा शुरू हो चुकी है। एमजीएम में भी बेड की संख्या बढ़कर 1251 हो चुकी है।



पलामू, हजारीबाग, दुमका और धनबाद मेडिकल कॉलेजों में बेड की संख्या बढ़ाए जाने के साथ ही अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस सेंट्रलाइज्ड मॉडर्न लैब की स्थापना की जाएगी। सेंट्रलाइज्ड मॉडर्न लैब में एक ही छत के नीचे सभी प्रकार के पैथोलॉजी एवं रेडियोलॉजी जांच की सुविधा उपलब्ध होगी, ताकि मरीजों के लिए सुगमतापूर्वक सभी जांच अस्पताल में उपलब्ध हो सके। मरीजों को इलाज के लिए कहीं भटकना न पड़े। सभी मेडिकल कॉलेजों में एमआरआई, सीटी स्कैन व डिजिटल एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। दुमका, पलामू, हजारीबाग और धनबाद के मेडिकल कॉलेजों में जितने भी ऑपरेशन थिएटर संचालित हैं।

# ग्रामीण एसपी ने की लंबित कांडों की समीक्षा




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** समाहरणालय में ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने अपराध गोष्ठी सहित सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी में ग्रामीण क्षेत्र के सभी पुलिस उपाधीक्षक और थाना/ओपी प्रभारी उपस्थित रहे। गोष्ठी में रामनवमी, ईद और सरहुल पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी को धन्यवाद दिया गया। वहीं पिछले महीने दिए गए निर्देशों की समीक्षा थाना प्रभारियों से की गई। वहीं, आगामी महीने में अनुपालन के लिए कई निर्देश दिए गए। लंबित कांडों की समीक्षा की गई।

# कांके डैम से मिला युवक का शव

**रांची।** गोंदा थाना क्षेत्र के कांके डैम से मंगलवार को एक युवक का शव मिला। शव मिलने से इलाके में सनसनी का माहौल है। घटना की सूचना मिलने पर गोंदा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हत्या या आत्महत्या सहित कई बिंदु पर मामले की जांच चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तक हत्या या आत्महत्या का संशय बरकरार रहेगा। वहीं पुलिस के द्वारा जरुरी कार्रवाई की जा रही है।

# तंजानिया में भारतीय मूल के लोगों से मिले संजय सेठ



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** तंजानिया प्रवास के दौरान भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दार-एस-सलाम स्थित भारतीय उच्चायोग में आत्मीय मुलाकात और लोगों से संवाद किया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने कहा कि भारतीयों से मिलकर आत्मिक सुखद अनुभूति मिली। तंजानिया के विकास में इनका योगदान और प्रतिबद्धता प्रशंसनीय है। उच्चायुक्त बिश्वदीप डे ने तंजानिया में भारतीय समुदाय के कल्याण की प्रगति और देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। भारतीय समुदाय दुनिया के जिस देश में भी हैं, वहां अपने समर्पण, अनुशासन और कर्त्तव्यपरायणता से अपनी अलग पहचान बनाते हैं। भारत की प्रगति को देखकर आज दुनिया भी अचंभित है। भारत ने वह सब कुछ करके दिखाया, जो लोगों को असंभव लगता था। तंजानिया में भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ श्री सनातन धर्म मंदिर एवं स्वामीनारायण मंदिर, किसुतु में दर्शन, पूजन और अभिषेक का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मंदिर परिसर का भ्रमण कर अद्भुत आध्यात्मिक की अनुभूति हुई। भगवान से विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए प्रार्थना किया।

# चिटफंड कंपनी के निदेशक की याचिका हाईकोर्ट से खारिज

**रांची।** हाईकोर्ट ने चिटफंड कंपनी केयर विजन इंफ्रास्ट्रक्टर एंड एग्रोटेक लिमिटेड के निदेशक अरूप चटर्जी की याचिका खारिज कर दी है। याचिका में कंपनी के खिलाफ गिरिडीह के तिसरी थाने में महाराज सिंह की शिकायत पर दर्ज की गयी प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि इस कंपनी के खिलाफ धनबाद सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई ने इस प्राथमिकी की जांच के बाद 30 नवंबर 2022 को आरोप पत्र दायर कर दिया है। याचिका में कहा गया था कि सीबीआई द्वारा कंपनी के खिलाफ आरोप पत्र दायर करने के महाराज सिंह ने कंपनी पर ठगी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। चूंकि इसी तरह के मामले में सीबीआई ने जांच के बाद कंपनी के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर दिया है। इसलिए एक ही तरह के मामले में दोबारा जांच नहीं हो जा सकती है। याचिका की सुनवाई न्यायाधीश आनंदा सेन की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और रिशभ कुमार ने दलील पेश की। सीबीआई की ओर से दीपक भारती ने दलील पेश की। याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत ने अरूप चटर्जी की याचिका खारिज कर दी।

# हिमाचल ने देश को आत्मनिर्भर बनाने में निभाई है सशक्त भूमिका : राज्यपाल



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की उपस्थिति में मंगलवार को रांची स्थित राजभवन में हिमाचल प्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड में निवासरत हिमाचल प्रदेश के नागरिक उपस्थित थे।

राज्यपाल ने सभी को हिमाचल प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हिमाचल न केवल अपनी नैसर्गिक सुंदरता और आध्यात्मिक विरासत के लिए जाना जाता है, बल्कि यह राज्य वीरता, सेवा और राष्ट्रनिष्ठा की भावना से भी ओतप्रोत है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश केवल 'देवभूमि' ही नहीं, बल्कि ऐसी भूमि है जहां की सरल, कर्मठ और राष्ट्रनिष्ठ जनता ने भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में अनुकरणीय भूमिका निभाई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, हरित ऊर्जा और जैविक खेती जैसे क्षेत्रों में हिमाचल ने महत्त्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। पर्यटन की दृष्टि से भी हिमाचल प्रदेश अब वैश्विक मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश को हरित राज्य और जैविक कृषि केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं, जो सतत विकास और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल के अंतर्गत इस प्रकार के आयोजन आपसी समरसता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को और सुदृढ़ करते हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने कहा कि राज भवन की ओर से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत विभिन्न राज्यों का स्थापना दिवस मनाया जाता है, जिससे राष्ट्रीय एकता, सौहार्द और साझा सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश को प्राकृतिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध बताते हुए उसे पर्यटकों के लिए एक अनुपम स्थल कहा।

# परिवार कल्याण पर सिमटा झामुमो का महाधिवेशन : प्रतुल शाहदेव

- *ना घुसपैठ पर चिंतन और ना ही अधिकार पत्र पर हुई चर्चा*
- *केवल तुष्टिकरण और परिवार केंद्रित रहा महाधिवेशन*

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि झामुमो महाधिवेशन में झारखंड कल्याण को छोड़ सिर्फ परिवार कल्याण पर अमल किया गया। प्रतुल ने कहा भाजपा लंबे समय से कह रही थी कि झामुमो का अगला अध्यक्ष भी सोरेन परिवार से ही होगा। और हुआ भी वही। मुख्यमंत्री के पास बहुत बेहतर अवसर था कि वह अपने दल के किसी समर्पित वरिष्ठ कार्यकर्ता को अध्यक्ष बना सकते थे। लेकिन मुख्यमंत्री पद की बड़ी जिम्मेवारी होने के बावजूद भी उन्होंने किसी पर विश्वास करना उचित नहीं समझा। प्रतुल ने कहा कि परिवारवादी पार्टियों में यही होता है अध्यक्ष समेत तमाम प्रमुख पदों पर परिवार के ही सदस्यों को बैठाया जाता है।आम कार्यकर्ता को सिर्फ हाथ उठाने के लिए बुलाए जाते हैं।

प्रतुल ने कहा कि झारखंड में घुसपैठ बहुत बड़ी समस्या बनता जा रहा है। संताल परगना और झारखंड के दूसरे जिलों में डेमोग्राफी बदलती जा रही है।आदिवासियों की जनसंख्या लगातार गिरती जा रही है और मुसलमानों की बढ़ती जा रही है।पर यह अफसोस जनक बात है कि खुद को आदिवासियों की पार्टी कहने वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आदिवासियों की घटती आबादी और घुसपैठ पर कोई चर्चा तक नहीं की। पूरे महाधिवेशन में घुसपैठ के मुद्दे पर पार्टी का एक शब्द भी नहीं कहना तुष्टिकरण की राजनीति को इंगित करता है।

प्रतुल ने कहा कि झामुमो ने अपने अधिकार पत्र में लंबे चौड़े और लुभावने वादे किए थे। इस अधिकार पत्र को किस तरीके से सरकार लागू करेगी, इस पर एक लाइन ना प्रस्ताव आया ना कोई चर्चा हुई। जबकि जनता ने झारखंड मुक्ति मोर्चा को दोबारा सरकार में आने का अवसर इसी घोषणा पत्र के आधार पर दिया था।जाहिर है अधिकार पत्र का भी वही हश्र होने जा रहा है जो 2019 के निश्चय पत्र का हुआ था।वादे सिर्फ घोषणा पत्र पर ही सिमट कर रहने वाले हैं।

# आठवीं-नौवीं के आंतरिक मूल्यांकन का स्कूल नहीं दे रहे अंक

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल को आठवीं और नौवीं क्लास के आंतरिक मूल्यांकन का अंक स्कूल नहीं दे रहे हैं। आठवीं का 466 स्कूलों में अभी तक अंक पोर्टल में इंटर भी नहीं किया है। वहीं, 2691 स्कूलों ने सब्मिट नहीं किया है। इसी तरह नौवीं में 33 स्कूलों ने मार्क्स इंटर्ड नहीं किया है और 23 ने सब्मिट नहीं किया है। स्कूलों को पहले 30 मार्च और उसके बाद 12 अप्रैल तक आंतरिक मूल्यांकन का अंक उपलब्ध कराना था, लेकिन अभी भी स्कूलों ने इसे उपलब्ध नहीं कराया है। जैक ने कहा है कि यह परीक्षा और छात्रों के प्रति स्कूलों की घोर लापरवाही को दर्शाता है। ऐसे में जैक ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि 18 अप्रैल तक आंतरिक मूल्यांकन का अंक पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड कर दें। पोर्टल बंद होने के बाद स्कूल के किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। इससे छात्र-छात्राओं का रिजल्ट भी प्रभावित हो सकता है। इसके लिए स्कूल के प्रधान खुद जिम्मेवार होंगे।

# हरमू बाजार में रेहड़ी-पटरी वालों के लिए बनेगा वेंडिंग जोन

## निगम के अधिकारियों ने किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम अब शहर में रेहड़ी-पटरी वालों के लिए तय जगह (वेंडिंग जोन) बना रहा है, ताकि बाजार और सड़कें साफ-सुथरी और व्यवस्थित रहें। इसी के तहत आज मंगलवार, 15 अप्रैल को निगम की टीम ने हरमू हाउसिंग कॉलोनी (वार्ड 26) स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर और श्री पंच मंदिर के आसपास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि वहां सड़क किनारे कई दुकानें और ठेले बिना अनुमति के लगे हुए हैं, जिससे आने-जाने में दिक्कत हो रही थी। नगर आयुक्त संदीप सिंह ने आदेश दिया कि इन दुकानों को हटाकर एक तय जगह पर ही लगाया जाए, जहां सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। नगर निगम की टीम ने वहां के वेंडरों से बात कर उन्हें समझाया कि अब तय जगह पर ही दुकान लगानी होग। निगम जल्द ही वहां साफ-सफाई, पानी और अन्य व्यवस्था करेगा। बता दें कि पहले भी नगर निगम ने हरमू बाजार इलाके में अभियान चलाकर अवैध दुकानें और ठेले हटाये थे। अब फिर इस क्षेत्र को व्यवस्थित करने का काम शुरू हुआ है।

## धरोहर कार्यक्रम का आयोजन, बोले के. राजू

# झारखंड के कलाकारों के लिए नीति बनानी होगी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विरासत का सम्मान, वर्तमान का उत्सव और भविष्य की प्रेरणा की सोच के साथ नामकुम में धरोहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड के कलाकारों का सम्मान करने के साथ- साथ उनके सुनहरे भविष्य की चिंता करना रहा। गीत, संगीत, नृत्य, सिनेमा सहित कला के क्षेत्र में प्रसिद्धि पा चुके कलाकारों को इस मौके पर सम्मानित किया गया। धरोहर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सह मुख्य वक्त के तौर पर झारखंड के कांग्रेस प्रभारी के राजू, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की सहित दूसरे नेता शामिल हुए। इस मौके पर पैनल डिस्कशन के जरिए झारखंड के कलाकारों की समस्याओं पर चर्चा हुई। झारखंड के कलाकारों ने कांग्रेस प्रभारी को एक ज्ञापन भी सौंपा।



झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि तेलंगाना राज्य के गठन में कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कलाकारों के माध्यम से अलग राज्य गठन का संदेश केंद्र सरकार तक पहुंचा। तेलंगाना सरकार ने कलाकारों के लिए कई तरह की नीति बनाई है। कलाकारों के लिए पेंशन से लेकर स्कॉलरशिप योजना की शुरूआत हुई। झारखंड के कलाकारों के लिए भी नीति बनानी होगी। अकादमी का गठन करना होगा।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाषा, संस्कृति, साहित्य और कला का अलग स्थान है। राज्य में अलग अकादमी बनाने की बात कांग्रेस ने पहले भी की है। इसको लेकर प्रयास किया जाएगा। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड के कलाकारों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। आजाद अंसारी से लेकर दूसरे कलाकारों को कैसे सहयोग कर सके, इसके लिए कुछ करना है। कला के क्षेत्र में युवा कलाकारों को सरकार के द्वारा मौका दिया जा सकता है। संविधान की रक्षा करने में कलाकारों की भी बड़ी भूमिका रही है। कार्यक्रम में राजीव रंजन प्रसाद, किशोर शाहदेव, रियाज अहमद, कुमार राजा, रमा खलखो राजेश गुप्ता छोटू, मोहम्मद तौसीफ भी शामिल हुए।

### झारखंड के वाद्ययंत्र की धुनों के सामने सब फीके: मंत्री

मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आधुनिकता से दूर आज पारंपरिक नृत्य, संगीत और कला संस्कृति को अपनाने की जरूरत है। झारखंड के वाद्ययंत्र की धुन के सामने सब फीका है। झारखंड के निर्माण में कलाकारों की बड़ी भूमिका रही है। कलाकारों ने झारखंड की संस्कृति को जिंदा रखा है। उन्होंने कहा कि पैनल डिस्कशन के माध्यम से कलाकारों ने जो मांग उठाई है उसका समाधान हो जाए तो कलाकारों को फायदा होगा। इसके लिए सरकार को बेहतर नीति निर्धारण करना होगा। मंत्री ने कहा कि आज मीडिया, फिल्म और आर्ट को पॉलिटिकल टूल्स की तरह इस्तमाल किया जा रहा है। कुछ मनुवादी सोच के लोग भाषा की विभिन्नता को खत्म करने की साजिश रच रहे हैं। किसी एक भाषा को थोपा नहीं जा सकता है।

# राजधानी के पौश इलाके में हुई दिनदहाड़े लूट, दहशत में हैं आसपास के लोग

● दो युवकों ने रिवाल्वर की नोक पर लूट की घटना को दिया अंजाम, पुलिस कर रही जांच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में फिर से दिनदहाड़े लूट की घटना हुई है। अपराधियों ने दुकान में घुसकर रिवाल्वर की नोक पर लूटपाट की है। घटना मंगलवार को गोंदा थाना क्षेत्र के कांके रोड स्थित एक फ्लावर डेकोरेशन दुकान की है। जहां अपराधियों ने फ्रेश पेटल नाम की दुकान से 1 लाख 67 हजार रुपए लूट ली। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। आस पास के दुकानदारों का कहना है ऐसे पौष इलाके में भी अगर चोर बेखौफ हैं तो राजधानी वासियों के लिए चिंता का विषय है। फ्रेश पेटल शॉप के संचालक राकेश सिंह ने कहा कि मेरी दुकान से बस पांच सौ मीटर की दुरी पर विधानसभा स्पीकर, मुख्यमंत्री आवास और गोंदा थाना है। पूरी राजधानी में यह सबसे पौष इलाका कहलाता है। ऐसे में इस जगह पर भी लूट की घटना का होना रांची पुलिस पर कई सवाल खड़ी करती है। उन्होंने कहा कि घटना घटने के बाद राकेश सिंह ने अपने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। संचालक के परिजनों का कहना है गोंदा थाना से दुकान मात्र तीन सौ मीटर की दूरी पर है बावजूद इसके पुलिस को पहुंचने में 40 मिनट लगे। वहीं, लूट सीसीटीवी में कैद हो गई जिसमे देखा गया कि संचालक राकेश सिंह दुकान में अकेले थे उसी दौरान दो युवक दुकान में आए रिवाल्वर निकाली और उन पर तान दी। साथ ही उनके साथ मारपीट भी की गई। राकेश सिंह के पॉकेट में रखे कुछ रुपए और ड्रावर में रखे 1 लाख 67 रुपए लेकर फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लूट में शामिल दोनों युवक हतमा के हैं।




### कुलदीप, ज्वेलरी दुकान संचालक



वहीं, बगल के ज्वेलरी दुकान संचालक कुलदीप ने कहा कि बगल की दुकान में लूट हुई है। रांची में लगातार लूट की घटनाएं हो रही है। रांची पुलिस और सरकार को इस ओर कठोर कदम उठाने की जरूरत है। राजधानी में अब अपनी सुरक्षा खुद के ही हाथों में है पुलिस पर कोई भरोसा नहीं है।

### सौरभ कुमार, राशन दुकान संचालक



राकेश सिंह के दुकान के बगल में राशन दुकान के संचालक सौरभ कुमार ने कहा कि ऐसे इलाकों में भी दिनदहाड़े लूट की घटना घट रही है। उन्होंने कहा राजधानी में कोई सुरक्षा नहीं है। इससे लोगों में खौफ का माहौल बना हुआ है। सुरक्षा के नाम पर कुछ भी नहीं है।

भारतीय वायुसेना के एयर शो में एंट्री निशुल्क

# एसडीओ ने कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची पहली बार भारतीय वायुसेना के भव्य एयर शो का गवाह बनने जा रही है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम 19 और 20 अप्रैल को नामकुम स्थित खोजा टोली आर्मी मैदान में आयोजित होगा। खास बात यह है कि इस रोमांचक एयर शो को देखने के लिए कोई टिकट नहीं लगेगा, यानी प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रहेगा। जिला प्रशासन भी इस एयर शो को सफल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारी लगातार मैदान का निरीक्षण कर रहे हैं। मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) उत्कर्ष कुमार ने तैयारियों का जायजा लिया और सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला के सभी वरीय पदाधिकारी, नगर निगम, फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम, स्थानीय थाना प्रभारी और कार्यक्रम से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



### व्यवस्था पूरी, सुरक्षा चाक-चौबंद

भीड़ और व्यवस्था को संभालने के लिए बैठने की जगह, पीने का पानी, शौचालय, मेडिकल सुविधा, फायर ब्रिगेड, पुलिस बल और सुरक्षा जवानों की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है, ताकि दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### स्कूली बच्चों को किया गया आमंत्रित

19 अप्रैल को स्कूली बच्चों को विशेष रुप से आमंत्रित किया गया है, ताकि वे वायुसेना के करतब को नजदीक से देख सकें और उससे प्रेरित हो सकें।

**एयर शो सुबह 9:45 बजे से 10:45 बजे तक आयोजित होगा। दर्शकों को सुबह 8:30 बजे तक मैदान में अपनी सीट पर पहुंच जाना होगा। इस शो की खासियत भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम होगी, जो आसमान में अद्भुत और हैरतअंगेज हवाई करतब दिखाएगी।**

## डॉ दीपक प्रसाद को मिलेगा 'भारत श्री सम्मान'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के रंगकर्मी डॉ. दीपक प्रसाद को भारत श्री सम्मान 2025 से नवाजा जाएगा। इस गौरवपूर्ण सम्मान की घोषणा भव्या फाउंडेशन, जयपुर की निदेशक डॉ. निशा माथुर ने की। यह सम्मान 1 जून 2025 को जयपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा, जिसमें डॉ. प्रसाद को शॉल, पगड़ी, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। डॉ. दीपक प्रसाद को यह सम्मान कला, साहित्य, रंगमंच, निर्देशन, लेखन, अध्ययन-अध्यापन एवं शोध कार्य जैसे विविध क्षेत्रों में उनके पिछले 25 वर्षों की निष्ठापूर्ण साधना, समर्पण एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जा रहा है।



● भव्या फाउंडेशन करेगा सम्मानित

## स्वच्छ पर्यावरण शिखर सम्मेलन का समापन

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के फादर प्रूस्ट सभागार में 12 अप्रैल से चल रहे स्वच्छ पर्यावरण शिखर सम्मेलन का समापन हो गया। आयोजन स्नातकोत्तर वनस्पति विभाग, आइक्यूएसी द्वारा अंतरराष्ट्रीय बेनेवोलेंट रिसर्च फाउंडेशन, कोलकाता व ग्लोबल वार्मिंग रिडक्शन सेंटर, कोलकाता के सहयोग से किया गया। वक्ताओं ने जैव प्रौद्योगिकी और पारिस्थितिकी को सहयोग देने में इसकी भूमिका, अनुसंधान और इसके घटकों तथा जीवों के विभिन्न समूहों द्वारा सामना किये जाने वाले मानवीय शोषण जैसे विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र दिये गये हैं। इस अवसर पर स्वर्णिमा झा सहित लगभग 170 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## सफाईकर्मियों की न्याय रैली आज श्रमायुक्त कार्यालय के सामने होगा प्रदर्शन

**रांची।** झारखंड नगर निगम मजदूर संघ और सीटू की ओर से बुधवार को दिन के दो बजे से डोरंडा के एजी मोड से न्याय रैली निकाली जाएगी। इसमें रांची नगर निगम व कंपनी के सफाईकर्मी शामिल होंगे। रैली विभिन्न मार्ग से होकर डोरंडा के श्रम भवन तक जाएगी। जहां पर सफाईकर्मी के लिए आठ दिन का राष्ट्रीय समेत आकस्मिक अवकाश और महिलाकर्मियों के लिए 24 सप्ताह के मातृत्व अवकाश की मांग श्रमायुक्त से की जाएगी। संघ के अध्यक्ष भवन सिंह ने बताया कि पूर्व में सफाईकर्मियों की जायज मांग पर संबंधित विभाग की ओर से मजदूर सेवा शर्त नियमावली बनाई गई थी, इसे अधिसूचित भी किया गया था। इसके बावजूद श्रम विभाग की उदासीनता व अधिकारियों की लापरवाही से सफाईकर्मियों को उनके अधिकार से अभी तक वंचित रखा गया है। इस कारण अभी भी निगम की ओर से राष्ट्रीय अवकाश पर भी सफाईकर्मियों से काम लिया जाता है।

# श्री श्याम मंदिर में 149वां श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 149 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जय जय जय हनुमान गोसाई कृपा करो गुरुदेव की नाही के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अनिल नारनौली ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित की। यजमान ने केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत व ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा, सेवा श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा, मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा, एवं रंजन अग्रवाल, आशा अग्रवाल, राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।



## आईएचएम रांची और आर्ट ऑफ लिविंग में करार

**रांची।** होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम), रांची और आर्ट ऑफ लिविंग, के बीच युवा सशक्तीकरण और कौशल कार्यक्रम के लिए मंगलवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य आईएचएम, रांची और आर्ट ऑफ लिविंग के बीच एक सहयोगात्मक साझेदारी स्थापित करना है, ताकि लोगों में स्वास्थ्य, जागरुकता और तनाव प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा दिया जा सके। साथ ही, छात्रों को- शिष्ट कला, में प्रशिक्षित करना है।

# 13 सालों से पिंक ऑटो के साथ डट कर खड़ी हैं पिंक ऑटो चालक

देश में पहली बार पिंक ऑटो संचालन की योजना रांची से शुरू की गई थी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में गुलाबी ऑटो यानि पिंक ऑटो कई वर्षों से रांची की महिलाएं चला रही है जिस से महिला यात्रियों को काफी राहत मिलती है। गुलाबी ऑटो यह विशेष रूप से महिलाओं के लिए डिजाइन किए गए ऑटो रिक्शा को संदर्भित करता है, जिनकी सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखा जाता है। दिल्ली में 2012 में निर्भया के बाद साल 2013 में भारत सरकार द्वारा रांची में पिंक ऑटो योजना की शुरूआत की गई थी। जिसका मकसद था यात्रा के समय महिलाएं अभद्रता और दुर्व्यवहार से सुरक्षित रहें। इससे महिला यात्रियों को तो सुविधा और सुरक्षा मिल रही है लेकिन पिंक ऑटो चालकों की सुरक्षा और सुविधा के बारे में कौन सोच कर रहा। पिंक ऑटो चालक महिलाओं ने राष्ट्रीय नवीन मेल से विशेष बातचीत की जिसमें उन्होंने अपनी परेशानियों को बताया।




● कुछ पुरुष ऑटो चालक कसते हैं फाब्दियां

### पुरुष ऑटो चालक देते हैं गंदी गलियां : हीरा देवी



पिंक ऑटो चालक हीरा देवी ने कहा महिलाओं की सशक्त करने लिए तो ऑटो परिवहन के लिए दे दिया गया लेकिन सुरक्षा और सुविधा नहीं मिली। उन्होंने कहा महिला ऑटो चालक हैं इसलिए महिला यात्रियों को काफी आसानी होती है लेकिन जब हम पुरुष यात्री को ऑटो में बिठाते हैं तो दुसरे पुरुष ऑटो चालक ही गंदे- गंदे कमेंट्स करते हैं। कई बार सवारी बिठाने को लेकर कई पुरुष ऑटो चालकों से बहस हो जाती है। इसी बहस के दौरान कई पुरुष चालक गंदी गालियां देते हैं। बदसुलूकी करते हैं।

### हमारी भी सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखना चाहिए : सिलावंती भगत



सिलावंती भगत ने कहा कि शिकायतें तो कई है और कई बार कह भी चुकें हैं लेकिन कुछ सुधार नहीं होता है। सिलावंती का कहना है कई पुरुष ऑटो चालकों के द्वारा किए दुर्व्यवहार के खिलाफ चौक चौराहों पर मौजूद पुलिस कर्मियों से कर चुके हैं। कई बार पुलिस उन्हें फटकार भी लगाई फिर भी कोई बदलाव नहीं आया। पुलिस को ऐसे में कठोर कदम उठाना चाहिए।उन्होंने कहा कि पिंक ऑटो जहां-जहां है सरकार या जिला प्रशासन के द्वारा शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराना चाहिए। इन जगहों पर सुरक्षा के लिए गार्ड तैनात किया जाना चाहिए।

### महिला ऑटो चालकों के लिए शौचालय का ना होना बड़ी चुनौती : ममता देवी




पिंक ऑटो चालक ममता देवी ने कहा कि काफी लंबे समय से ऑटो चला रहीं हूं। इस क्षेत्र में कई तरह की चीजें सिखाने को मिली है और कई परेशानियां झेल चुके हैं, अब सब कुछ आम लगता है। महिला ऑटो चालकों के लिए कोई ढंग का शौचालय तक नहीं है। हम महिलाएं है हमारे लिए सबसे बड़ी परेशानी शौचालय की है। अरगोड़ा चौक पर तो मिल जाता है लेकिन अन्य जगहों पर शौच के लिए दिक्कत होती है। साथ ही ममता देवी ने कहा कि हर दिन कुछ ना कुछ बकझक होती ही है। कई बार पुरुष यात्री भी हमसे बदसलुकी कर देते हैं।

### आला अधिकारी करेंगे मॉनीटरिंग : एसएसपी



पिंक ऑटो चालक महिलाओं के विषय में डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को अवगत कराया गया। इसके बाद उन्होंने कहा कि मुद्दे की मॉनिटरिंग करेंगे। उन्होंने कहा भी कहा कि यदि महिला चालकों को यदि परेशानी होती है तो वह शक्ति कमांडो से अपनी परेशानी कह सकती हैं।

## एक नजर

### मुरी में हिंडाल्कोकर्मी की संदिग्ध स्थिति में मौत जांच में जुटी पुलिस

**सिल्ली।** मुरी के कोकोराना निवासी सह हिंडाल्को पावर प्लांट में कार्यरत हिंडाल्कोकर्मी प्रदीप वनवार की घर पर ही संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घटना मंगलवार की दोपहर लगभग 12 बजे की है। परिजनों के अनुसार दिन के 11 बजे उनका पुत्र सिल्ली आर्चरी सेंटर से तीरंदाजी का अभ्यास कर घर लौटा। इसके बाद प्रदीप ने उससे पानी मांगा और कहा कि अब वह अपने कमरे में आराम करने जा रहे हैं। तुम भी अपने कमरे में आराम कर लो। कुछ देर बाद जब उनकी पत्नी कमरे में गई तो प्रदीप अचेत अवस्था में पड़े थे। परिजन उन्हें आनन-फानन में सिंगपुर नर्सिंग होम ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### खलारी के मजहर आलम ने भाजपा से दिया इस्तीफा

**खलारी।** भाजपा ग्रामीण जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री मजहर आलम ने भाजपा से इस्तीफा देने की घोषणा की है। इस संबंध में उन्होंने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि वे स्वेच्छा से इस्तीफा दे रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी से उन्हें कोई दिक्कत परेशानी नहीं है।

### बारिश से सब्जी को फायदा, गेहूं की फसल को नुकसान

**चान्हो।** पिछले दो-तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण जहां एक और सब्जी की खेती को काफी फायदा पहुंचा है। वहीं दूसरी ओर गेहूं और शिमला मिर्च की फसल को काफी नुकसान हो रहा है। कई किसानों ने अपनी गेहूं की फसल को खेतों में ही काटकर छोड़ा था और कई किसान अपनी गेहूं की फसल काटने की तैयारी में थे।

### मांडर में प्लेसमेंट मेगा ड्राइव का आयोजन



**मांडर।** मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र नेता जी संस्थान बुड़मु रोड मांडर मे मंगलवार को मेगा स्कील सेंटर मे प्लसमेंट मेगा ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमे 150 प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया। 61 प्रशिक्षुओं का चयन किया गया और 60 प्रशिक्षुओं को कौशल पाठ्यक्रम पूरा करने का प्रमाण पत्र दिया गया। इसके बाद रोजगार से जोड़े जाने का अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर प्लेसमेंट इंचार्ज चंद्रशेखर सिंह, रांची जिला के यूएनडीपी से कृष्णकांत, नेताजी संस्थान के केंद्र परियोजना प्रमुख अरविन्द कुमार सिंह , प्रोजेक्ट हेड गुलाम मुस्तफा, सेंटर मैनेजर अरविन्द गायकवाड़, समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

झारखंड हॉकी टीम का हुआ ट्रायल

# महिला वर्ग में 74 और पुरुष वर्ग में 48 प्रतिभागियों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 ,(अंडर-18) का आयोजन 07 से 13 मई तक राजगीर में आयोजित किया गया है। इसके लिए झारखंड हॉकी टीम महिला और पुरुष दोनों वर्ग का चयन ट्रायल मंगलवार को रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हुई। इसमें सिमडेगा, खूंटी, गुमला, रांची, हजारीबाग, बोकारो, एकलव्य हॉकी सेंटर, नवल टाटा हॉकी अकादमी, साई इत्यादि से महिला वर्ग में 74 और पुरुष वर्ग में 48 प्रतिभागी ने भाग लिया। कई घंटे ट्रायल लेने के उपरांत महिला वर्ग में 32 व पुरुष वर्ग में 30 खिलाड़ी चयनित किए गए। जिनका विशेष प्रशिक्षण के उपरांत 18-18 सदस्यों की टीम उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेगी। जिला खेल पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी तुषार राय की देखरेख में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 आयोजित की जा रही है। इस चयन ट्रायल में मुख्य रूप से ओलंपियन मनोहर टोपनो, भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, हॉकी रांची के सचिव जयंत केरकेट्टा, एन टी एच ए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुरमीत राव, एकलव्य रांची के कोच सुधीर गोला, बरियातू हॉकी सेंटर की कोच करुणा पूर्ति इत्यादि उपस्थित थे।

### पुलिस ने शराब भट्ठियों के विरुद्ध की छापेमारी

**खलारी।** सहायक आयुक्त उत्पाद रांची तथा पुलिस उप अधीक्षक खलारी के निदेशानुसार जिला उत्पाद टीम व खलारी थाना पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से खलारी थाना अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर उत्पाद छापामारी की गई। जिन स्थानों पर छापेमारी की गई उनमें मोहन नगर 128 नम्बर कालोनी, चंदन नगर, दुर्गा मंडप मोहन नगर, उड़िया ब्रेक, धोबी टोला, बमने, पाही व अन्य स्थान शामिल हैं। छापामारी में कुल 4 अवैध चुलाई शराब भट्ठी को नष्ट किया गया व अन्य स्थानों से चुलाई शराब जब्त किया गया। जिसमें 1050 किलो जावा महुआ घटनास्थल पर विनष्ट किया गया तथा 220 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त किया। अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत फरार अभियोग दर्ज किया जाएगा। छापामारी दल में रजनीश कुमार निरीक्षक उत्पाद सदर ए क्षेत्र रांची, जयदीप टोप्पो पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी खलारी, रूपेश कुमार अवर निरीक्षक उत्पाद मांडर अंचल, राजकिशोर सिंह सअनि खलारी थाना के अलावा उत्पाद कर्मी, पुलिस बल व गृह रक्षक वाहिनी शामिल थे।



रांची समाहरणालय की सीढ़ियों पर अपने आधे दिन की कमाई का हिसाब करते एक वृद्ध

### नागपुरी हास्य कलाकार की सड़क दुर्घटना में मौत



**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के पिठोरिया बीआईटी रोड में चौली-उलातू के पास सोमवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हो गई। गौरतलब है कि वह पतरातू थाना क्षेत्र के उचरिंगा स्थित अपने घर लौट रहे थे। उनकी मौत से नागपुरी कलाकार दुखी हैं। गूंज कला मंच के सतीश रजक, नागपुरी संस्थान के सचिव सुजीत केशरी और झलक सांस्कृतिक मंच के भादी प्रकाश उरांव के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। शोक सभा में भादी प्रकाश उरांव, सुजीत केशरी, सतीश रजक, मुकेश राय, लतीफ अंसारी, अजय राम, रतन मुंडा, इग्नेश कुमार, मिथिलेश प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

### पार्डी गैंग के सदस्यों की जांच में जुटी पुलिस



**रांची।** मध्य प्रदेश के पार्डी गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर रांची पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। ये गैंग झारखंड समेत कई राज्यों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सिटी एसपी राज कुमार मेहता के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की है। इनके पास 71 ग्राम सोना, 25 ग्राम चांदी और चोरी करने के औजार बरामद हुए हैं। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इस गैंग के और कितने सदस्य रांची या झारखंड के अन्य हिस्सों में सक्रिय हैं।

### अनगड़ा में अंगारों पर चलकर फूलखुंदी की रस्म निभाई



**अनगड़ा।** शिव मंडा पूजा समिति सोसो द्वारा पांच दिनों तक चली शिव मंडा पूजा मंगलवार की सुबह फूलखुंदी और झूलन के साथ संपन्न हुई। 59 भोक्ता और 81 सोकताइन नंगे पांव अंगारों पर चलकर अपनी आस्था का परिचय दिया। इससे पूर्व रविवार की रात मंडा पूजा मेले की शुरूआत मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, विशिष्ट अतिथि प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया भुनेश्वर बेदिया, बुधराम बेदिया ने संयुक्त रूप से किया। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि मंडा पूजा उपासना और भक्ति का प्रतीक है। दहकते अंगारों पर चलना हमारी आस्था को मजबूत करता है। मंडा पूजा झारखंडी संस्कृति की अहम कड़ी है। पूर्वजों की इस परंपरा को आगे भी कायम रखने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष प्रदीप महतो ने किया। सोमवार की रात पश्चिम बंगाल की छऊ नृत्य पार्टी ने लोगों का मनोरंजन किया। मौके पर जनार्दन महतो, सुरेश महतो, पंकज महतो, बलराम महतो, राजकिशोर महतो, रामदास महतो, अजीत महतो और सतीश महतो आदि मौजूद थे।

वन बंधु परिषद की हुई वार्षिक आम बैठक

# अंचल किंगर बने वन बंधु परिषद के अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
वन बन्धु परिषद की वार्षिक आम बैठक मरवाड़ी आरोग्य भवन में हुआ। सर्व प्रथम ओंकार से सभा की कार्यवाही शुरू की गई। चैप्टर के अध्यक्ष रमेश धरणीधरका ने आए हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया और बीते दो वर्षों का चैप्टर द्वारा किए गए कार्यों को सभा के समक्ष रखा। जिसे सर्वप्रथम से पारित किया गया। वहीं बीते दो वर्षों में हुए कार्यों व कोष का लेखा जोखा से सभी सदस्यों को कोषाध्यक्ष राजेश अडूकिया ने अवगत कराया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया । साथ ही आने वाले वर्षों के लिए नई टीम की घोषणा की गई। अंचल किंगर को अध्यक्ष व अजय दीप वाधवा को सचिव का कार्यभार सौंपा गया। महिला समिति की अनुपमा राजगारिया व अनीता तुलस्यान को अध्यक्ष और सचिव का कार्यभार स्वीकृत किया। युवा इकाई की भागदौड़ विशेष केडिया ने अपने हाथ में ली। सचिव के रूप में अभिनव मित्तल सामने आए । इस सभा में 60 से अधिक संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। युवा इकाई ने एकल लाइब्रेरी ज्ञानोदय का विमोचन किया। वहीं रांची में एकल गुरुकुल शुरू करने का ऐलान किया। यह गुरुकुल भारत का दूसरा एकल द्वारा संचालित गुरुकुल होगा। सभा में जयदीप मोदी, सुमित खेमका, सुमित पोद्दार, राज राजघड़िया ,राधा ड्रॉलिया, करण बुटाला, सुमन मिनोचा सहित अन्य उपस्थित थे।

# रग्बी चैंपियनशिप दोनों वर्गों में खूंटी बना विजेता



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
झारखंड एथलेटिक्स स्टेडियम खेल गांव रांची में 12 और 13 अप्रैल को आयोजित सातवीं झारखंड राज्य रग्बी चैम्पियनशिप के सीनियर एवं जूनियर दोनों वर्गों में खूंटी की टीम विजेता बनी। महिला वर्ग के उपविजेता का खिताब पश्चिम सिंहभूम और पुरुष वर्ग के उप विजेता का खिताब बोकारो को मिला। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की 26 टीमें ने भाग लिया था। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्व रिकॉर्ड धारक पर्वतारोही सत्यारू सिध्दांत और विशिष्ट अतिथि झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु जालान, राजू गुप्ता, सुनील गुप्ता ने किया था।

**प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा :** सीनियर पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान खूंटी, द्वितीय स्थान बोकारो और तृतीय स्थान पर पूर्वी सिंहभूम रहा। सीनियर महिला वर्ग में प्रथम स्थान खूंटी, द्वितीय स्थान पश्चिम सिंहभूम और तृतीय स्थान पूर्वी सिंहभूम की टीम रही। जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान खूंटी, द्वितीय स्थान पश्चिम सिंहभूम और तृतीय स्थान गुमला, जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान खूंटी , द्वितीय स्थान सरायकेला और तृतीय स्थान सिमडेगा रहा। खूंटी के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खूंटी जिला रग्बी संघ के हरीश कुमार, सचिन कुमार, शादाब खान और अश्विनी मिश्रा सहित कई अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

## न्यूज बॉक्स

### रॉकमैन किड्स ने डांगी को 116 रनों से हराया




**रांची।** विगत सोमवाकर को अनस्टॉपेबल क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित अनस्टॉपेबल अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत दो मैच खेले गए। पहले मैच में कुसमाही सी.ए. ने रॉकमैन जूनियर को 89 रनों से हराया। के.सी.ए. के अर्जुन विष्णु को 38 रन बनाने और 5 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे दिन के मैच में रॉकमैन किड्स ने डीएलएस सिद्धांत के आधार पर डांगी को 116 रनों से हराया। रॉकमैन किड्स के रौनक ने 37 रन बनाए और 3 विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्कोरः कुसमाही 146/10(19.3 ओवर) रॉकमैन जूनियर 57/10(13 ओवर) दूसरा मैच रॉकमैन किड्स 158/9(20 ओवर) डांगी 42/9(11.5 ओवर) में रहा।

### सीआरपीएफ ने बलिदानी किरण टोपनो को दी श्रद्धांजलि



**खूंटी।** लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने और देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देनेवाले बलिदानी नायकों की वीरता और बलिदान का सम्मान करने की कड़ी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने मंगलवार को बलिदानी हवलदार जीडी किरण टोपनो के गांव तोरपा प्रखंड के मरचा में शहादत दिवस का आयोजन किया। बलिदानी किरण टोपनो 50वीं बटालियन सीआरपीएफ में तैनाती के दौरान 15 अप्रैल 2000 को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकवादियों से वीरतापूर्वक लड़ते हुए देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। शहादत दिवस पर उप कमांडेंट संतोष कुमार के 94 बटालियन ने बलिदानी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनकी पत्नी हेलेना होरो को सम्मानित करते हुए उपहार भेंट किया और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। मौके पर अपने संबोधन में उप कमांडेंट ने कहा कि बलिदानी किरण टोपनो साहस, पराक्रम, देशभक्ति और राष्ट्रीय हित के लिए सब कुछ न्यौछावर कर देशवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए। देश के लिए बलिदान देने वाले बलिदानी किरण टोपनो को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल नमन करती है।

# ज्वेलरी शॉप के सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी के दौरान हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। पूर्वी सिंहभूम**
पूर्वी सिंहभूम के साकची थाना क्षेत्र के टैंक रोड के पीछे स्थित प्रसिद्ध छगनलाल दयाल ज्वेलरी शॉप में तैनात सिक्योरिटी गार्ड की बीती देर रात अचानक मौत हो गई। सिक्योरिटी गार्ड रोज की तरह ड्यूटी पर तैनात था। रात के समय अचानक उसे बेचैनी महसूस होने लगी। इस दौरान वह राहत पाने के उद्देश्य से दुकान से बाहर गली में टहलने लगा। इसी बीच वह अचानक जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना साकची थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। प्राथमिक रूप से यह मामला हार्ट अटैक या किसी स्वास्थ्य समस्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस हर पहलु से जांच कर रही है।

### टाटा स्टील के एचएसएम विभाग में हादसा, वेंडर कर्मचारी की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** टाटा स्टील के जमशेदपुर स्थित प्लांट में एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) विभाग में कार्यरत एक वेंडर कर्मचारी की जान चली गई। यह हादसा सोमवार रात उस वक्त हुआ जब फर्नेस के ट्रायल के दौरान कर्मचारी शॉर्टकट रास्ते से गुजरने की कोशिश कर रहा था। मृतक का नाम 50 वर्षीय विजय कुमार पाणिग्रही है। जानकारी के अनुसार एचएसएम विभाग में फर्नेस को शट डाउन कर मरम्मत का काम चल रहा था। मरम्मत के बाद ट्रायल प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान विजय कुमार पाणिग्रही एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में जाने के लिए फुटओवरब्रिज जैसे एक संकरे रास्ते से शॉर्टकट लेने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच उनका संतुलन बिगड़ गया और वे फिसलकर रोल के बीच गिर गए। उन्हें तत्काल टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कंपनी के अधिकारियों ने उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी है और फैक्टरी इंस्पेक्टर को भी सूचित कर दिया गया है। कंपनी की ओर से इस हादसे की आधिकारिक पुष्टि कर दी गई है और मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। फिलहाल विस्तृत जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### हेमंत सोरेन को झामुमो का केंद्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई

**खलारी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के 13वें अधिवेशन में शिबू सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा का संस्थापक संरक्षक तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर झामुमो खलारी प्रखंड के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने बधाई दिया है। पार्टी के 13वें अधिवेशन में झामुमो खलारी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी शामिल हुए थे। बधाई देने वालों में पूर्व जिला उपाध्यक्ष नंदू मेहता, खलारी प्रखंड के संयोजक मंडली के प्रमुख अनिलकुमार पासवान, संयोजक राजेश गोप, मुकेश यादव, चितरंजन सिंह, महेंद्र चौहान, शंभू दास, अरुण यादव, सुनील यादव, नंदकिशोर सिंह चंदेल, छोटू राम, शिवानी यादव, चंदा देवी, मनीता देवी, राजकुमार गंझू, अजीत चौहान, कलाम रिजवी, हैदर अली खान, इस्लाम अंसारी, साहिद अंसारी, दिनेश्वर सिंह यादव, अजय पासवान, कुणाल गंझू, माया देवी आदि शामिल हैं।

# एफसी आराडीह ने एसटी जोहार को 2-1 से किया पराजित



*प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब आराडीह के प्रकाश अहीर को बसंत मुंडा ने किया सम्मानित*

**नवीन मेल संवाददाता। तमाड़**
पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन तमाड़ द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग ग्रुप बी का 18वां मैच एफसी आराडीह और एसटी जोहार के बीच जीएल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। दोनों टीम शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एसटी जोहार के शिकार मुंडा द्वारा 11वें मिनट पर पहला गोल कर टीम को 1-0 का बढ़त दिलाया। परंतु यह बढ़त ज्यादा देर नहीं रहा। आराडीह के प्रकाश अहीर द्वारा 20 वें मिनट पर पहला गोल मारकर मैच को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद दोनों टीम ताबड़तोड़ प्रहार कर स्कोर को आगे बढ़ाने का प्रयास करते रहे। इसी बीच प्रकाश अहीर ने 44वें मिनट पर दूसरा गोल मारकर टीम को 2-1 का बढ़त दिलाई। मैच कों बराबरी पर लाने का विपक्षी टीम एसी जोहार काफी प्रयास किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब आराडीह के प्रकाश अहीर को बसंत मुंडा द्वारा सम्मानित किया गया। मैच का संचालन करम मुंडा, गखेन मुंडा महावीर पुराण हंस ने किय। ग्रुप ए लीग का 19वां मैच बुधवार की शाम 3 बजे एनसी स्पोटिंग और राज स्पोर्ट्स बुंडू के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर आयोजक पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संरक्षक हीरालाल दास, अध्यक्ष हरीश चंद्र मुंडा, उपाध्यक्ष प्रेम पूर्ति, सचिव निशांत भेंगरा, उपसचिव करम मुंडा, कोषाध्यक्ष रितेश गुप्ता, विवेक गुप्ता,लक्ष्मी कुमारी, चांदनी कुमारी, सरिता कुमारी प्रमिला कुमारी, संन्योती कुमारी, मोनिका कुमारी शकुंतला कुमारी, जीविका कुमारी और तमाम सदस्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### खोखा सिंह बने मांडू विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि

**रामगढ़।** मांडू विधानसभा अंतर्गत आने वाले सभी मंडल मे हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं, जिस से पार्टी के कार्यकर्ताओं व नेताओं मे खुशी व उत्साह का माहौल है। सांसद ने खोखा सिंह उर्फ द्वारिका सिंह को मांडू विधानसभा का सांसद प्रतिनिधि बनाया है, वहीं विवेक गुप्ता को मांडू मंडल का सांसद प्रतिनिधि घोषित किया गया है। विवेक गुप्ता को सांसद प्रतिनिधि घोषित होने पर किमो पंचायत के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई व उज्वल भविष्य की कामना किए हैं। बधाई देने वालों में भाजयुमो मांडू मंडल के सोशल मिडिया प्रभारी जयनाथ कुमार महतो, चुरामन महतो, भीम महतो, द्वारिका सोनी, संतोष सोनी, कैलाश महतो सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।

### झारखंड उत्खनन परियोजना में विदाई समारोह का आयोजन

**रामगढ़।** सीसीएल की झारखंड उत्खनन परियोजना में कार्यरत दिनेश्वर राम के सेवानिवृत होने पर सह कर्मियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता मैनेजर गोलक सिंह मुंडा ने किया। समारोह में सेवानिवृत हुए दिनेश्वर राम को लोगों ने उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर गोलक सिंह मुंडा ने कहा कि सेवानिवृत जीवन का एक पड़ाव है। इसके आगे अब आपको नई पारी खेलनी है। उन्होंने कहा की सभी कर्मियों को अनुशासन के साथ सुरक्षित रह कर कार्य करना चाहिए। क्योंकि एक कर्मचारी कंपनी के साथ-साथ अपने परिवार के लिए भी अनमोल होता है। मौके पर विनय बारला, देशराज मीणा, किशोर रजवार, महावीर मुर्मू, राजू कुमार, संजय महतो, पितांबर पांडे, विनोद राम, अनिल रजवार, जेना उरांव, अजय रजवार, महेश मरांडी सहित कई कामगार उपस्थित थे।

### आंधी-बारिश व ओलावृष्टि से भारी क्षति

**गिद्दी।** मांडू प्रखंड के बड़काचुंबा में सोमवार को दोपहर बाद लगभग 3 बजे आंधी-बारिश ओलावृष्टि ने ग्रामीण किसानों को भारी क्षति पहुंचाया है। मौसम में अचानक बदलाव आया और तेज आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। बड़काचुंबा के किसान भरत महतो, गिरधारी महतो, महावीर महतो, प्रसादी महतो, शंकर महतो, हरि महतो, बीगू महतो, महेंद्र साव, श्यामानंद साव, प्रदीप महतो, बिरबल महतो, विकास, आनंद महतो, भवानी गुप्ता के फसल की काफी क्षति हुई है। वहीं राजेंद्र ठाकुर और रंजीत कुमार के सीट के घर के छप्पर उड़ कर टूट गए हैं। तेज आंधी से कई पेड़ भी टूटने और गिरने की खबर है। वहीं बारिश के साथ ओलावृष्टि से किसान के भिंडी, कदू, करैली, खीरा, मिर्ची, गेहूं, बोदी, टमाटर, प्याज आदि फसल की क्षति हुई है। बिजली गुल हो गई है।

बाबा साहेब के संदेशों को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास

# डा. अंबेडकर के विचारों को अपनाने की जरूरत : लक्ष्मण



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** संविधान निमार्ता व देश के पहले विधि मंत्री के 134वें जयंती के अवसर पर भारत एकता भीम आर्मी एकता मिशन ने बरही में बाईक रैली निकाली. सैकड़ों की संख्या में संगठन पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक अंबेदकरनगर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर पहुंचे. बाबा साहब के प्रतिमा को माल्यार्पण और पुष्पार्चन के साथ नमन किया. नमन कार्यक्रम के बाद प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव की अगुवाई में बाईक रैली की शुरूआत हुई जो बरही के चारो प्रमुख मार्ग का भ्रमण करते हुए बरही चौक पर नुक्कड़ सभा में तब्दील हुआ. सभा में बोलते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने लोगो को संवैधानिक अधिकारों और बाबा साहब के विचारों की चर्चा करते हुए उसे आत्मसात करते की अपील किया. सचिव अनिल कुमार ने भी बाबा साहब के बताए सिद्धांतो का अनुसरण करने को प्रेरित किया. उपाध्यक्ष टिंकू अंसारी ने आजादी की लड़ाई मे बाबा साहब के योगदानों की चर्चा किया. कांग्रेस नेता कार्तिक पासवान ने कहा की बाबा साहब गरीब मजलूम शोषित पीड़ित एवं महिलाओं का मुक्तिदाता थे. इनकी जयंती समानता मानवता और ज्ञान का प्रतीक है. कार्यक्रम में जिला सचिव राहुल अंबेदकर, प्रखंड संरक्षक गुलाब दास, पूर्व जिलाध्यक्ष सूरज दास, महासचिव मुकेश कुमार, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र पासवान, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र भुइयां आदि सहित विभिन्न पंचायत के पंचायत पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए.

### शिव परिवार व हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर भूमिपूजन

**रामगढ़।** केदला चौक कलाली मोड़ में आगामी 05 मई से 09 मई तक होने वाले पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर सोमवार को सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में भूमि पूजन और ध्वजारोहण अनुष्ठान किया गया। मौके पर यज्ञाचार्य राकेश कुमार पांडेय, आचार्य गोपाल पांडेय, उपाचार्य अभिषेक पांडेय, सत्यम पांडेय, अंश शास्त्री, अभिजीत कुमार पांडेय, शशी पांडेय, बब्लु प्रसाद सपत्निक के साथ मंत्रोचारण के बीच भूमि पूजन और ध्वजारोहण अनुष्ठान कराया।

### पोषण अभियान योजना के तहत उपायुक्त ने जगरूकता रथ किया रवाना




**हजारीबाग ।** नैन्सी सहाय, उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा पोषण अभियान योजना के तहत जिलान्तर्गत सभी प्रखण्डों में जन-जागरूकता हेतु प्रचार-रथ को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय भवन से रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा जानकारी दी गई कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग से प्राप्त निदेशानुसार पोषण अभियान योजना के अन्तर्गत हजारीबाग जिला में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन संचार तथा सामुदायिक भागीदारी रणनीतियों के माध्यम से जन-समुदाय के पोषण स्तर में सुधार किया जाना है। इसके तहत जिला, प्रखण्ड, ग्राम पंचायत एवं आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर गतिविधियों के लिए निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। पोषण अभियान के दौरान आँगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की वृद्धि निगरानी, जीवन के पहले 1000 दिनों के महत्व पर चर्चा, समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापा के नियंत्रण के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना जैसे विषयों पर जागरूकता अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। पोषण पखवाडा के दौरान लाभार्थी मॉडयूल को लोकप्रिय बनाना भी एक उद्देश्य है। इसके तहत पोषण ट्रैकर एप्लिकेषन को हर लाभार्थी तक पहुँचाने के लिए पोषण ट्रैक वेब एप्लिकेशन में लाभार्थियों का स्वयं पंजीकरण का विकल्प जोड़ा गया है। अब लाभार्थी स्वयं अपना पंजीकरण के साथ-साथ, आंगनबाड़ी केन्द्र में दी जा रही सेवाओं की भी जानकारी ले सकते हैं। पोषण पखवाडा के तहत जागरूकता अभियान में स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कल्याण विभाग, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के समन्वय से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए पोषण अभियान के डैशबोर्ड पर प्रविष्टि किये जाने हेतु निदेशित किया गया है। प्रचार-रथ रवाना किये जाने के दौरान इश्तियाक अहमद, उप विकास आयुक्त,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हजारीबाग ग्रामीण, बड़कागांव एवं कटकमसांडी, विभिन्न परियोजना की महिला पर्यवेक्षिकाएं, हजारीबाग ग्रामीण परियोजना की सेविकाएँ तथा समाज कल्याण विभाग एवं बाल संरक्षण इकाई के कर्मी गण मौजूद थे।

# पेट्रोल पंप मैनेजर की गोली मारकर हत्या

## चार दिनों के कैश कलेक्शन की रकम जमा करने बैंक जा रहे थे



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत इचाक थाना क्षेत्र में मंगलवार को अपराधियों ने एक पेट्रोल पंप के मैनेजर की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात उस वक्त अंजाम दी गई, जब मैनेजर पेट्रोल पंप के चार दिनों के कैश कलेक्शन की रकम जमा करने बैंक जा रहे थे। मृतक का नाम शंकर कुमार है और वह हजारीबाग जिले का ही रहने वाला था। बताया गया कि शंकर कुमार रांची-पटना रोड में सालपरनी स्थित पेट्रोल पंप से सुबह करीब 11 बजे कैश कलेक्शन की राशि लेकर निकले थे। इसी दौरान अपराधियों ने उन्हें घेरकर रकम लूटने का प्रयास किया। अपराधियों ने विरोध करने पर मैनेजर को गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। हजारीबाग जिले में हाल के महीनों में लूटपाट और हत्या जैसी कई आपराधिक वारदातें सामने आई हैं।

शहर के खिरगांव इलाके में 10 अप्रैल की शाम प्रभात कुमार नामक एक 25 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। इस वारदात को लेकर लोगों का आक्रोश फूट पड़ा था। स्थानीय लोगों ने हजारीबाग-सिमरिया रोड को करीब छह घंटे तक जाम कर दिया था। इससे पहले 8 मार्च को हजारीबाग के केरेडारी में एनटीपीसी की खनन परियोजना में डीजीएम (डिस्पैच एंड बिलिंग) के पद पर कार्यरत रहे कुमार गौरव की हत्या कर दी गई थी। अपराधियों ने कुमार गौरव को उस वक्त गोली मारी थी, जब वे सुबह करीब दस बजे कंपनी की एसयूवी से दफ्तर जा रहे थे। इस घटना के विरोध में एनटीपीसी की परियोजनाओं में तीन दिनों तक उत्पादन ठप रहा था।

इस घटना को लेकर विपक्षी दल भाजपा ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर तीखे हमले किए थे। भाजपा नेताओं ने तो राज्य की कानून-व्यवस्था लचर होने का आरोप लगाते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए थे। भाजपा नेताओं का कहना था कि राज्य की मौजूदा सरकार के कार्यकाल में लगातार अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं और पुलिस कोई कदम नहीं उठा रही है।

**एक हफ्ते में दो घटनाएं घटी**

हजारीबाग जिले में हाल के महीनों में लूटपाट और हत्या जैसी कई आपराधिक वारदातें सामने आई हैं। शहर के खिरगांव इलाके में 10 अप्रैल की शाम प्रभात कुमार नामक एक 25 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। इस घटना लोग अभी उबरे नहीं थे कि दूसरी घटना हो गई, जिससे लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### अपार्टमेंट के निबंधन को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



**रामगढ़।** निबंधक महानिरीक्षक राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड सरकार से फ्लैट/अपार्टमेंट के निबंधन को लेकर प्राप्त निर्देश के आलोक में मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत नगर परिषद एवं छावनी परिषद क्षेत्र में निर्मित फ्लैट एवं अपार्टमेंट की जानकारी ली गई। इस संबंध में नगर प्रबंधक नगर परिषद द्वारा बताया गया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र में कुल 8 अपार्टमेंट निर्मित हैं। वही, छावनी परिषद अंतर्गत 1 अपार्टमेंट निर्मित है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अवर निबंधक रामगढ़ को रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी अपार्टमेंट में स्थित फ्लैट का निबंधन तीव्र गति से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### इनरव्हील क्लब ने विवाह के लिए सहयोग किया



**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब रामगढ़ द्वारा मंगलवार को एक कन्या को शादी के लिए सहयोग किया गया । सहयोग के रूप में कन्या के विवाह के लिए एक अलमीरा, कपड़े, कॉस्मेटिक आइटम्स, नगद राशि एवं गिफ्ट दिए गए। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने कहा की हम समाज के जरूरतमंद लोगों की हमेशा मदद करते हैं और आनेवाले समय में भी करते रहेंगे। मौके पर सचिव नवलजीत कौर, अनुराधा श्रॉफ,नमिता श्रॉफ,स्वीटी सोनी,राजेंद्र कौर, जनेशा वडेरा, उर्मिला बगड़िया,मीरा बगड़िया आदि मौजूद थीं।

### गोरहर थाना के समीप दो कंटेनर आपस में टकराए, हताहत नहीं



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के एनएच2 स्थित गोरहर थाना के समीप मंगलवार सुबह 7:00 बजे दो कंटेनर जो एक दूसरे के विपरीत दिशा में आ रही थी आपस में टकरा गई। जिससे एक कंटेनर खाई में गिर गई, जबकि दूसरा पलट गया।वहीं दोनों वाहन के ड्राइवर और खलासी को मामूली चोट आई है, जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरही और बगोदर की ओर से आ रही कंटेनर गाड़ी आपस में टकराई और पलट गई। तत्पश्चात ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरकट्ठा में इलाज के लिए भेजा गया है। मौके पर गोरहर थाना पुलिस बल पहुंची और घटना का जायजा लिया।

### जेएलकेएम ने किसानों को मुआवजा देने की मांग की

**गिद्दी।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने रामगढ़ जिला प्रशासन से बड़काचुंबा के किसानों के बारिश और ओलावृष्टि से फसल नुकसान की मुआवजा देने की मांग की है। जेएलकेएम जिला संगठन सचिव नंदकिशोर कुमार और संगठन महामंत्री मिथुन कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सोमवार को आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से गांव के किसान बालगोविंद महतो, सुखदेव महतो, पिंटू महतो, लखन महतो, राजदेव महतो, मंजीत, उत्तम, श्याम, बीरू आदि के फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गया है।

### मारवाड़ी महिला समिति ने किया समृद्धि सेल का आयोजन

**रामगढ़।** मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा ने शहर के मेन रोड स्थित जैन भवन में समृद्धि सेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र जैन और सचिव योगेश जैन ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस दौरान भगवान श्री गणेश की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर उपस्थित अतिथियों एवं समिति की पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुणा जैन, पुष्पा अग्रवाल, सरिता जैन, प्रिया अग्रवाल, स्वाति पंसारी, मंजू मैडम, श्वेता बगड़िया, नैना मेवाड़, मीनू मोदी, ममता अग्रवाल, रेनू मित्तल, पूनम गर्ग आदि सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

बैंक मोड़ पर बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण

# डॉ अंबेदकर ने समाज को शिक्षा व न्याय का मार्ग दिखाया : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** दानवीर क्लब गुड़ियों ने डॉ भीम राव अंबेदकर की जयंती धूमधाम से मनाई. जिसमें बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए. इस अवसर पर विधायक ने विजैया मोड़ पर बाबा साहब की प्रतिमा ने अनावरण किया. इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बाबा साहब एक महामानव के रूप में जाने जाते हैं. जिन्होंने भारतीय को संविधान उपलब्ध कराकर अधिकार और कर्तव्य से अवगत कराया. उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने न केवल दलित विशेष के लिए अपितु भारतीय के लिए समानता, शिक्षा और न्याय का मार्ग दिखाया. उनका पूरा जीवन प्रेरणाओं से भरा पड़ा है, जिसे हम सबों को अनुसरण करने की आवश्यकता है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष कयूम अंसारी, बरही मुखिया संघ अध्यक्ष मलकोको मुखिया विजय यादव, रविदास संघ के अध्यक्ष अर्जुन रविदास, कांति देवी, क्लब के अध्यक्ष रामकिसून ठाकुर, उपाध्यक्ष कार्तिक पासवान, सचिव विद्यासागर, डॉ उमेश भारती आदि सहित कई लोग मौजूद थे. उपस्थित लोगो ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर उन्हे नमन किया.

**भारतीय को संविधान उपलब्ध कराकर अधिकार और कर्तव्य से अवगत कराया.**

उत्क्रमित मवि गोविंदपुर को मिला स्मार्ट टीवी

# बच्चे स्मार्ट क्लास में शिक्षा ग्रहण कर बनेंगे स्मार्ट : डॉ कश्यप



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू को सपोर्ट संस्था एवं एलआइसी के सौजन्य से स्मार्ट टीवी का पूरा मंगलवार को उपलब्ध कराया। इसके लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने सपोर्ट संस्था और एलआइसी के पूरे परिवार को विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद देते हुए इसके लिए आभार प्रकट किया। डॉ कश्यप ने यह कहा की गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर के छात्र-छात्राएं अब स्मार्ट क्लास के माध्यम से सभी विषयों का विशेष जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और स्मार्ट महसूस करेंगे। उन्होंने कहा कि सपोर्ट संस्थान को मैं विश्वास दिलाता हूं की स्मार्ट क्लास के माध्यम से अब यह के बच्चे सफलता का नया इतिहास लिखेंगे। इस दौरान वर्ग 1 से 8 तक के बच्चों के स्मार्ट क्लास का अवलोकन डॉ सुनील कुमार कश्यप के नेतृत्व में किया गया। वहीं, शिक्षा की इस नई व्यवस्था से बच्चे काफी खुश नजर आए। मौके पर शारदानंद शर्मा, गौतम कुमार गुप्ता, जेठालाल मांझी और बाल संसद के सदस्य उपस्थित रहे।

झारखंड में पहली बार सर्विकल कैंसर पर कार्यशाला आयोजित

# स्वास्थ्य की देखभाल करना हमारी प्राथमिकता है : शेफाली



❑ रांची के एचसीजी क्यूरी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर संस्थान के कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ. आफताब आलम अंसारी ने सर्विकल कैंसर की रोकथाम एवं बचाव पर अपना परामर्श दिया

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** शहर के करगिल पेट्रोल पंप समीप रिंग एंड रोसेस बैंकेट हॉल में मंगलवार को ओम आरोहणम् संस्थान की संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के द्वारा सर्विकल कैंसर पर जागरूकता कार्यशाला एवं वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के वरिष्ठ सदस्य गंगाधर दुबे, आर बी सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह तथा बड़ी संख्याओं में महिलाएं भी उपस्थित रही। विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल गणमान्य एवं लाइंस क्लब के पदाधिकारियों को अंगवस्त्र एवं सोहराई की आकृति भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। रांची के एचसीजी क्यूरी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर संस्थान के कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ. आफताब आलम अंसारी ने सर्विकल कैंसर की रोकथाम एवं बचाव पर अपना परामर्श दिया। सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा कैंसर गंभीर बिमारी से महिलाओं को अवगत कराया। उन्होंने बचाव पर सर्वाइकल कैंसर की पहचान के लिए नियमित जांच, जैसे पैप टेस्ट और एचपीवी परीक्षण का सलाह दिया। जागरूकता, टीकाकरण और स्वस्थ जीवनशैली से भी सर्वाइकल कैंसर से बचाव किया जा सकता है। लायंस क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर जीतेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि लायंस क्लब एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है और शेफाली गुप्ता का सर्वाइकल कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करना एक सराहनीय कदम है।

कस्तूरबा में चित्रांकन और निबंध प्रतियोगिता आयोजित

# चित्रांकन में रेखा व निबंध लेखन में सोनी प्रथम




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** 135वें अंबेदकर जयंती के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विष्णुगढ़ में छात्राओं के बीच चित्रांकन और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जानकारी देते हुए वार्डेन ज्योति वर्मा ने बताया कि दोनों प्रतियोगिता में आठवीं, नवमी और बारहवीं कक्षा के दर्जनों छात्राओं ने हिस्सा लिया. जिसमे प्रतिभागियों ने बाबा साहब की जीवनी पर आधारित चित्रांकन या निबंध लिखने का काम किया. निबंध प्रतियोगिता में 12वीं कक्षा की सोनी मरांडी प्रथम, लक्ष्मी कुमारी-1 द्वितीय तथा लक्ष्मी कुमारी-2 तृतीय स्थान प्राप्त किया. वहीं चित्रांकन में नवमी कक्षा की रेखा कुमारी प्रथम, दशमी की बुशरा खातून द्वितीय तथा 12वीं की खुशबू कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया. सभी विजेताओं को कार्यक्रम के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा. तीन दिवसीय जयंती समारोह का समापन सह पुरस्कार वितरण बुधवार को होगा. जिसे सफल बनाने के लिए तैयारियां जारी हैं. समापन समारोह पूर्वाहन 10 बजे से प्रारंभ होगा. इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भीं प्रस्तुत किए जायेंगे.

झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉची।
अति अल्पकालीन प्रथम आमंत्रण सूचना सं०–LAB/DWSD/01/2025-26 दिनांक– 15.04.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉची। |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय | दिनांक 16.04.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय. | दिनांक 23.04.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| 4 | ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 25.04.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे। |
| 5 | ई–निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉची–02। |
| 6 | ई–मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 7 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 9204931335 |

कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Request Proposal for Supplying various Equipment, Chemicals, Standard Reference Microbial cultures, Glasswares/ Plasticwares and General items in 13 Numbers of District Level Water Testing Laboratories of Jharkhand A -Ranchi Zone ( Ranchi, Ramgarh, Koderma, Chatra Medininagar, Latehar, Garhwa, Chaibasa, Saraikela and Kharsawan, Khunti, Lohardaga, Simdega, Gumla) | 5,75,000/- | 10,000/- |

NB:- For Details
1.निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता हैं।
कार्यपालक अभियंता
PR 350371 Drinking Water and Sanitation(25-26)D
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, रॉची।

# बाल सुधार गृह में नाबालिग की मौत पर भाजपा ने की जांच और मुआवजे की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिले के बाल सुधार गृह में नाबालिग किशोर की संदिग्ध मौत को लेकर भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा इकाई सक्रिय हो गई है। इस मामले में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए किशोर की मौत की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग भी की गई है।भाजपा प्रतिनिधियों ने बताया कि मृतक किशोर के परिजनों ने स्वाभाविक मौत पर संदेह जताया है और इसे अस्वाभाविक मौत करार दिया है। परिजनों का कहना है कि मृतक की तबीयत खराब होने की कोई जानकारी बाल सुधार गृह द्वारा नहीं दी गई थी, न ही उसका कोई प्रमाण प्रस्तुत किया गया है। इससे मामले पर संदेह और भी गहरा हो गया है।भाजपा ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि यह लापरवाही या किसी प्रकार की हिंसा का परिणाम है, तो दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। आवेदन की प्रतिलिपि राज्यपाल, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भी भेजी गई है।प्रतिनिधिमंडल में भाजपा नेता व पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा, जिला मंत्री तुलसी कुमार साहु, जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मोतीलाल ओहदार और रवि वर्मा शामिल थे।

# सिमडेगा में चेकिंग के दौरान यात्री बस से 3 किलो से अधिक गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिले के बांसजोर ओपी क्षेत्र अंतर्गत खम्हनटांड़ चेक पोस्ट पर सोमवार सुबह चेकिंग के दौरान एक बड़ी कार्रवाई की गई। राउरकेला से रांची की ओर जा रही मंत्री बस में सवार दो यात्रियों – राजकुमार सिंह और ओमबीर शर्मा, दोनों उत्तर प्रदेश निवासी – के पास से लगभग 3 किलो 128 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।इस मामले में जलडेगा थाना (बांसजोर ओपी) में कांड संख्या 33/25, दिनांक 15.04.25 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(बी) के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।एसडीपीओ बैजू उरांव ने प्रेस वार्ता कर इस कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खम्हनटांड़ चेक पोस्ट पर लगातार सघन निगरानी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में यह गांजा बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कई बार यात्री बसों से भारी मात्रा में गांजा की बरामदगी हो चुकी है और अनेक तस्करों को जेल भेजा गया है।उन्होंने स्पष्ट किया कि नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और जिले में किसी भी सूरत में अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस प्रशासन चेक पोस्टों पर निगरानी और सख्ती बढ़ा रही है ताकि नशे के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# मईयां सम्मान योजना का एक बार फिर आवेदन भरा जाएगा : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

- **कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने मालसाड़ा पंचायत के कार्यक्रम में दी जानकारी**

**बोलबा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने बोलबा प्रखंड के मालसाड़ा पंचायत में एक कार्यक्रम के दौरान कहा की मईयाँ योजना का आवेदन एक बार फिर से भरा जाएगा। इस मौक़े पर उन्होंने कहा की सरकार द्वारा एक बार फिर से पोर्टल खोला जाएगा। अभी सरकार जांच करा रही है। जिनका जिनका आवेदन सेंगशन हुआ है। उसमे कुछ शिकायतें आई। विभाग के लोग या हड़बड़ी में अन्य- अन्य खाते में पैसा ट्रांसफर हो गया था। उसमे उनलोगों का भी आवेदन स्वीकृत हो गया था जो सक्षम लोग है। इसकी जांच की जा रही है। जांच पूरा होने के बाद कुछ लोग छटेंगे। जो इसका कराइटेरिया में नहीं आते है। खाता संबंधी त्रुटि होने पर जांच के बाद लाभ मिलेगा। वैसे आवेदक जो इस योजना का लाभ लेने योग्य है और वंचित है उन्हें भी अवसर मिलेगा। मईयाँ योजना का पोर्टल सरकार खोलेगी। इससे पहले आवेदक अपना आवेदन फॉर्म भरकर तैयार रखें। ध्यान रहे की आधार कार्ड एवं बैंक खाता में नाम और नंबर सही होनी चाहिए गलत होने पर इसका सुधार पहले करा लें। ऑनलइन फाइनल होने से पहले एक बार जांच कर ले ताकि कोई त्रुटि न हो इसके बाद आवेदन जमा करें।

# सिमडेगा में मजदूर यूनियन दिवस की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन, सिमडेगा इकाई की एक मंगलवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने की। इस बैठक में आगामी 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस को धूमधाम से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि मजदूर दिवस के अवसर पर शहर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अल्बर्ट एक्का स्टेडियम पहुंचेगी। स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के उपायुक्त , पुलिस अधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए एक आयोजन समिति का भी गठन किया गया, जो पूरे कार्यक्रम की तैयारी और समन्वय का कार्य देखेगी। राजेश कुमार सिंह ने कहा कि मजदूर दिवस मजदूरों के सम्मान, हक और अधिकार की याद दिलाने वाला दिन है और इसे पूरे गर्व के साथ मनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मजदूरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, उनके अधिकार, सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।बैठक में यूनियन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए और सहयोग का आश्वासन दिया।

# बैल चोरी के संदेह में युवक की पिटाई, इलाज के दौरान मौत, मुकदमा दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

- **पुलिस ने आरोपी प्रवीण डुंगडुंग और ओलिया डुंगडुंग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा**

सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र के चिमटी घाट में बैल चोरी के संदेह में भंवरपानी निवासी दीपक केरकेट्टा की मौत हो गई थी ।घटना को लेकर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमडेगा थाना कांड संख्या 41/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 103 (जानलेवा हमला) के तहत मामला दर्ज किया। जांच में जुटी पुलिस ने आरोपी प्रवीण डुंगडुंग और ओलिया डुंगडुंग की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि अन्य संभावित आरोपियों की भी जांच की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।गौरतलब हो मेरोमडेगा बाजार से एक बैल चोरी होने के संदेह में चिमटी घाट के ग्रामीणों ने दीपक केरकेट्टा को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी थी। घायलावस्था में परिजन उसे अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

# लचरागढ़ के कुम्हारटोली आंगनबाड़ी कलस्टर में मनाया गया पोषण दिवस

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ कलस्टर के कुम्हारटोली मे पोषण दिवस मनाया गया।इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में पोषण दिवस मनाया गया।इस अवसर पर विभिन्न व्यंजन की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।बच्चो को पोषण दिवस के बारे जानकारी दिया गया। विभिन्न प्रकार के व्यंजनो की प्रदर्शनी लगायी गयी।पोषण पखवाड़ा 2025 पोषण त्योहार से व्यवहार हमारा संकल्प कुपोषण मुक्त झारखंड के तहत प्रभात फेरी भी निकल गई इस दौरान हरा साग सब्जी खाएंगे,कुपोषण मुक्त झारखंड बनाएंगे आदि नारे लगाए गए।कार्यक्रम मे बच्चो पोषण युक्त भोजन करने को कहा गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सुपरवाइजर प्रेमशीला कुमारी, पूर्णिमा देवी,रजनी डुगडुंग, फिदा सुरीन, किरण इंदवार, सुषमा देवी, इंदुमती देवी, जोसफिन भेंगरा, सुचिता केरकेट्टा, सुषमा कडुंलना, इंद्रणी देवी, बेरानिदत टेटे, भलेरिया टेटे, के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## नगर भवन में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन आज

**सिमडेगा।** आज नगर भवन, सिमडेगा में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता की शिकायतों को सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड जगुआर, रांची के पुलिस महानिरीक्षक अनूप बिरथरे (भा.पु.से.)उपस्थित रहेंगे। उनके साथ-साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों की भी उपस्थिति रहेगी।यह कार्यक्रम जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है, जिससे स्थानीय समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जा सकेगा।

# सिमडेगा सदर अस्पताल में हृदय रोगियों के लिए विशेष जांच शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सदर अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जेम्स थॉमस द्वारा विशेष जांच शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक चला, जिसमें उन्होंने मरीजों की निशुल्क जांच कर आवश्यक दवाइयां भी लिखीं।इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग का लगातार प्रयास है कि सदर अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को पूरा किया जाए। इसी कड़ी में विशेष शिविर लगाकर ऐसे चिकित्सकों की सेवा आम लोगों तक पहुंचाई जा रही है, जिनकी अस्पताल में नियमित रूप से उपलब्धता नहीं है।उन्होंने बताया कि हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है, इसलिए समय पर जांच और इलाज अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के शिविरों से न केवल मरीजों को राहत मिलती है, बल्कि उन्हें अपने जिले में ही विशेषज्ञ सलाह और उपचार की सुविधा भी मिल जाती है।स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए नियमित अंतराल पर ऐसे शिविर आयोजित किए जाने की मांग की है।

# बरसलोया में अखंड हरिकीर्तन से पूर्व निकाली गई भव्य कलशयात्रा



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड के बरसलोया में आयोजित चार दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव के अवसर पर प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली गयी।कलश यात्रा में 1001 महिलाओं ने भाग लिया।कलश यात्रा बरसलोया स्थित राम-जानकी मंदिर यज्ञ स्थल से आरंभ होकर मुख्य सड़क होते हुए केतुंगा धाम नदी पहुंची।जहां वैदिक मंत्रोच्यार के साथ कलश मे जल भरा गया इसके बाद कलश यात्रा विभिन्न मार्ग होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंची।इस दौराण जय श्री राम,जय हुनमान के नारों से क्षेत्र गुंजयमान रहा।इसके साथ ही चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आरंभ किया गया। बुधवार प्रातः 6:00 बजे अखंड हरी कीर्तन नामकरण व अधिवास वहीं गुरूवार को प्रातः 4:00 बजे अखंड हरी कीर्तन और मेल आकर्षक झांकी निकाली जाएगी।वहीं शुक्रवार को पुर्णाहुति व नगर भ्रमण भंडारा और रात्रि में भजन संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में अमित सिंह सह धर्म पत्नी विनीता देवी पंडित पवन शर्मा,सुधांशु महाराज,प्रदीप गोस्वामी और अवधेश पाढ़ी ने पुजा अनुष्ठान कराया।इस अवसर पर ओमप्रकाश साहू,अध्यक्ष रूपेंद्र साहू,महामंत्री रोहित साहू,कोषाध्यक्ष नीतीश कुमार दास,सुनीत कुमार पति,युधिष्ठिर सिंह,प्रमोद साहु,मोनू साहू,कपिल साहू, महेंद्र साहू,अयोध्या साहू, शंभू साहू,स्मिथ सोनी,आनंद साहू,उदित सिंह,संतोष मिश्रा,स्वाति कुमारी,गुड़िया देवी,गुड़िया कुमारी,विनीता कुमारी और अन्य लोग उपस्थित थे।

## बानो : अधूरे कागजात रहने पर तीन वाहन चालकों के चालान काटे गए

**बानो।** बानो थाना गेट के समीप व सोदे घाट मे वाहन जांच अभियान चलाया गया अधूरे कागजात रहने पर तीन वाहन चालक का चालान काटा गया।थाना प्रभारी बानो विकास कुमार के निर्देश पर थाना गेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया इस दौरान दोपहिया,तीन पहिया व चार पहिया वाहन के कागजात डिक्की हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी।सड़क पर लोगों को वाहन पार्किंग करने पर फटकार लगाई गयी।ए एस आइ सत्यनारायण कुमार ने बताया कि टेंपो में चालकों को अगले सीट पर महिलाओं को नही बैठाने हिदायत दी गयी। पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी। अभियान को सफल बनाने में पुलिस बल के जवानों ने भी सहयोग किया

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो छात्र गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** राउरकेला मार्ग स्थित कसडेगा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल सवार स्कूली छात्रों ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।इस हादसे में सड़क पार कर रहे रोहित टेटे का पैर टूट गया था, जबकि मोटरसाइकिल सवार छात्रों के चेहरे और माथे पर गंभीर चोटें आईं। इलाज के क्रम में देर शाम को रोहित रोनाल्ड टेटे की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया।जानकारी के अनुसार, रोहित रोनाल्ड टेटे सिमडेगा की जानी-मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ओलंपिया केरकेट्टा के पुत्र थे। हादसे के समय रोहित सड़क पार कर रहे थे। उसी दौरान स्कूल की छुट्टी के बाद अतुल ओसगा, जो बीरु निवासी है, अपने दोस्त आलोक बेसरा (निवासी जामबहार) को घर छोड़ने के लिए मोटरसाइकिल चला रहा था। तेज रफ्तार में आ रही बाइक से रोहित को जोरदार टक्कर लग गई, जिससे तीनों घायल हो गए।फिलहाल दोनों छात्र सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज चल रहा है। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रांची में 'लहू बोलेगा' संगठन ने खुबैब शाहिद को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती एवं पूर्व शहीद कामरेड गुरुदास चटर्जी की शहादत दिवस के अवसर पर "लहू बोलेगा स्वैच्छिक रक्तदान संगठन" रांची द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन सत्य भारतीय सभागार में किया गया। कार्यक्रम में झारखंड नव निर्माण के प्रख्यात वामपंथी नेता, मजदूर-किसानों की बुलंद आवाज़ और ईमानदार जन राजनीति के प्रतीक पूर्व सांसद कामरेड ए.के. राय तथा पूर्व विधायक व शहीद कामरेड महेंद्र सिंह को भी भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर थे। कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए 22 रक्तवीरों को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।जिसमे सिमडेगा से अल-फलाह सोसायटी ब्लड डोनर ग्रुप के अध्यक्ष खुबैब शाहिद को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा है और "लहू बोलेगा" जैसी संस्थाएं समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य कर रही हैं।

## गरीब के आशियाने को हाथी ने उजाड़ा घर में रखे अनाज को किया बर्बाद

**जलडेगा।** प्रखंड के टाटी पंचायत अंतर्गत पैतानो में रविवार रात दो बजे झुण्ड से बिछड़े हाथी ने उत्पात मचाते हुए मार्टिन लुगुन नामक ग्रामीण के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया एवं घर में रखे धान एवं भंडारीत अनाज को बर्बाद कर दिया। अचानक हाथी के आगमन पर ग्रामीण काफ़ी भयभीत हुए एवं कुछ ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए हाथी को डुगडुगिया की और खदेड़ दिया। पीड़ित मार्टिन लुगुन ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।

# बानो के रबई और नौमील क्लस्टर में पोषण दिवस मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** बानो प्रखंड के रबई और नौमील क्लस्टर में पोषण दिवस मनाया गया।कार्यक्रम मे विभिन्न व्यंजनो की प्रदर्शनी लगायी। विभिन्न व्यंजनो का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सफल आगंन बाडी केंद्र को पुरस्कृत किया गया। रब्बई मे लीलावंती सुरीन विवियानी भेंगरा, सुशीला भेंगरा, सुनीता कुमारी, रेजीना सुरीन, सुचिता आइंद, मार्गरेट होबो, जंसीता सुरिन, पुनिया बरला, रेजीना सुरीन, मेरी होरो, शिक्षक समीर कुमार साहु के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। नौमील महुआटोली, बानो मे पोषण दिवस मनाया गया। विभिन्न व्यंजनो की प्रदर्शनी लगायी। बच्चो को पोषण दिवस के बारे जानकारी दिया गया।



## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

**दुमका।** दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए. घटना रविवार देर शाम सिकटिया पंचायत के सिमराडंगाल कुरुमटांड़ गांव के पास की है. मिली जानकारी के अनुसार, तीनों युवक जरमुंडी थाना क्षेत्र के कटहरा हटिया से बाइक से अपने घर उदलखाप लौट रहे थे. रास्ते में सिमरडगाल कुरुमटांड़ के पास बाइक असंतुलित होकर पलट गई. इस दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये. सूचना मिलते ही जामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को दुमका अस्पताल पहुंचाया. गंभीर रूप से घायल मनोज पुजहर की मौत इलाज के क्रम में हो गई. अन्य दो घायलों का इलाज दुमका के अस्पताल में ही चल रहा है. उनका नाम नरेश पुजहर व उमेश पुजहर है. वे सिकटिया पंचायत के उदलखाप व नोखिला गांव के रहने वाले बताये जाते हैं.

### बारिश के बीच हजारीबाग की बदहाल स्थिति पर जताई गहरी चिंत

# नाली सफाई व निर्माण कार्य अविलंब शुरू कराए नगर निगम : विधायक

**नगर निगम अधिकारी व एन एच और स्थानीय नागरिकों के बीच समस्याओं को लेकर विस्तृत बातचीत की**



**नवीनम मेल संवाददाता। हजारीबाग**

लगातार हो रही बारिश ने हजारीबाग शहर की सड़कों और नालियों की स्थिति को बेहाल कर दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद स्वयं क्षेत्र भ्रमण पर निकले और लाखे मे स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। श्री प्रसाद बिना किसी पूर्व सूचना के क्षेत्र में पहुंचे और जैसे ही उन्होंने वहां की स्थिति देखी, वे काफी व्यथित हुए। जगह-जगह जलजमाव, गंदगी और जाम नालियों की स्थिति को देखते हुए उन्होंने तुरंत नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त व एन एच के पदाधिकारियों को मौके पर बुलाया। कुछ ही समय में नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद विधायक, नगर निगम अधिकारी व एन एच और स्थानीय नागरिकों के बीच समस्याओं को लेकर विस्तृत बातचीत हुई। लाखे रोड के दोनों ओर की नालियां अत्यधिक गंदी और जाम पाई गईं। विधायक ने नगर निगम को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र की सफाई कराई की जाए तथा जहां आवश्यक हो वहां नालियों के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा जनता की समस्या मेरी अपनी समस्या है। इसे हल करना मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है। विधायक के अचानक क्षेत्र में पहुंचने से स्थानीय नागरिकों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। लोगों के चेहरों पर राहत और उम्मीद की झलक देखने को मिली।

## जादूगोड़ा में सुर संगीत का समापन एफजी वॉरियर्स टीम ने मचाया धमाल

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा सामुदायिक केंद्र में दो दिवसीय सुर संगीत का मंगलवार को समापन हो गया. कराउके ग्रुप की पहल पर आयोजित इस संगीत संध्या में अंतिम दिन स्थानीय कलाकारो ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को खूब झुमाया. कार्यक्रम का संचालन कर रहे यूसिल अधिकारी काशीनाथ चौधरी ने अपने रोचक अंदाज से लोगों को खूब गुदगुदाया. कलाकार रंजन दास की प्रस्तुति ह्लएक दिन मिट जायेगे माटी के मोल, जग में रह जायेगे प्यारे तेरे बोलह्व पर खूब तालियां बजीं. इसी तरह संदीप गुप्ता, श्रेया राणा, पीयूष सेन, करण, अर्जुन, चन्द्र बहादुर श्रेष्ठ, दिल आले, काशी नाथ चौधरी, छोटू माझी, मुखिया मंजरी बानरा व संजय श्रेष्ठ ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया. अंत में एफजी वॉरियर्स एकेडमी म्यूजिकल टीम के सामूहिक नृत्य ने खूब धमाल मचाया.

### एसपी ने अपराध गोष्ठी का किया आयोजन

# लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का दिया निर्देश

**सभी थाना / ओ०पी० प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर वाहन चेकिंग करने तथा आसूचना संकलन करने का निर्देश दिया**



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

एसपी ने मंगलवार को अपराध गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें मुख्य रूप से कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित कांडों, अति संवेदनशील कांडों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, ए०डीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी आदि ) की समीक्षा की गई । समीक्षा के क्रम में टीएसपीसी/ पीएलएफआई के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने, प्रत्येक दिन थाना/ओपी प्रभारी द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने के लिए निर्देश दिया गया। साथ ही जन शिकायत के प्राप्त मामलों पर अविलम्ब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारण्ट, कुर्की, पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन, पीजी पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों को 2 माह के अन्दर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों एवं जागरूकता अभियान चलाने, जेल से छुटे अपराधियों, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, सीसीटीएनएस अन्तर्गत आइआइएफ - 1 टू 7 फॉर्म को अद्यतन करने, दुकानदारों से अनुरोध कर धारा-144 सीआरपीसी या 163 बीएनएसएस का उपयोग करते हुए दुकानों के सामने सीसीटीवी लगवाने, हिट एण्ड रन मामलों के पीड़ितों को ससमय मुआवजा दिलवाने, डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का स-समय निपटारा करने, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगर प्रिंट को एनएएफआइएस पर अपडेट करने, अस्पतालों की सुरक्षा, न्यू क्रिमिनल ला के तहत ई-साक्ष्य एप का उपयोग करने के लिए निर्देश दिया गया। सभी थाना / ओ०पी० प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर वाहन चेकिंग करने तथा आसूचना संकलन करते हुए चोरी, लूट, गृहभेदन एवं डकैती के काण्डों को अंजाम देने वाले गिरोह के संबंध में जानकारी एकत्रित करते हुए साक्ष्य के अधार पर गिरफ्तार करने साथ ही थाना/ओपी क्षेत्रों में चल रहे कोल माईंस एवं विकास कार्यों में लगे संवेदकों का मोबाईल नं० आदि सूचना अपराधिक गिरोह को उपलब्ध कराने वाले व्यक्तियों की पहचान करने का निर्देश दिया गया।

## न्यूज | बॉक्स

### पुलिस ने सात साल से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**गिरिडीह।** पिछले करीब सात वर्षों से फरार चल रहे वारंटी को बेंगाबाद थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित घोघो उर्फ डेगन हाजरा बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मेहाबांक गांव का रहने वाला है। पुलिस ने मंगलवार को आरोपित को कोविड व चिकित्सा जांच कराने के बाद न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया, जहां से न्यायालय के आदेश पर आरोपित को जेल भेज दिया गया। आरोपित के खिलाफ पीड़िता की ओर से दिए गए आवेदन के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से पुलिस की नजरों से फरार चल रहा था।इसी को लेकर देवघर न्यायालय की ओर से आरोपित के खिलाफ वारंट जारी किया गया गया। इसी बीच उसके घर पर रहने की बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी।

### धरने पर बैठे किसान जनता पार्टी ने कर्मियों को कार्यालय घुसने से रोका



**तिसरी।** रजिस्टर 2 की प्रमाणित प्रतिलिपि को लेकर पिछले 6 दिनों से तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसान जनता पार्टी के लोगों ने 6ठवें दिन मंगलवार को कार्यालय के मेन गेट को जाम कर किसी भी कर्मी को अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। हालांकि तिसरी के सीओ अखिलेश्वर प्रसाद और बीडीओ मनीष कुमार तो कार्यालय नहीं आए। लेकिन कार्यालय पहुंचे कई कर्मियों ने भीतर जाने के लिए थोड़ी देर इंतजार कर वापस लौट गए। दोपहर में इसकी जानकारी पर तिसरी के थानाप्रभारी रंजय कुमार धरने पर बैठे लोगों को समझाने पहुंचे। लेकिन धरनार्थियों ने उनकी एक न सुनी जिसके कारण उन्हें भी बेरंग लौट जाना पड़ा। लिहाजा कर्मियों के कार्यालय नहीं जाने से ब्लॉक और अंचल का काम दिन भर ठप रहा। बता दे कि किसान जनता पार्टी रजिस्टर टू की सत्यापित प्रतिलिपि की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रही है। उनके मुताबिक झारखंड हाईकोर्ट के रिट याचिका संख्या 5925/2022 में पारित आदेश और गिरिडीह के अपर समाहर्ता के निर्देश पर प्रतिलिपि के लिए दो-दो बार शुल्क जमा कर दिया गया है बावजूद इसके उन्हें रजिस्टर टू की प्रतिलिपि नहीं दी जा रही। इसको लेकर किजपा के दर्जनों महिला व पुरुषों ने पहले तिसरी में 16 दिनों तक अनिश्चितकालीन धरना दिया, फिर जिला मुख्यालय में भी धरना दिया। जिसके बाद दो दफा सड़क जाम किया गया फिर भी प्रतिलिपि नहीं मिलने पर अंततः वे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।

### झरिया में बारिश बनी परेशानी घरों में घुसा नाले का पानी



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद कोयलांचल में दो दिनों से हो रही बारिश ने नगर निगम की पोल खोल कर रख दी है. बारिश के चलते झरिया के कई मोहल्लों में नाले का गंदा पानी घरों में घुस गया है. इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. नाले के पानी से घरों में गंदगी और बदबू फैल गई है. लोगों का आरोप है कि नगर निगम समय रहते नालियों की सफाई नहीं कराता है, जिससे हल्की या बिन मौसम बारिश में भी जलजमाव की स्थिति बन जाती है. इस बार भी ऐसा ही हुआ. पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण नाले ओवरफ्लो कर गए और गंदा पानी घरों में घुस गया. लोगों का आरोप है कि गली-मोहल्लों की नालियों की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है. नालियों की महीनों से सफाई नहीं हुई है. कई जगह तो नालियों पर ढक्कन तक नहीं है, जिससे हादसे का भी डर बना रहता है. अमलापाड़ा निवासी गुड्डू, यशोदा देवी व रूपा मित्रा ने कहा कि निगम हर साल बारिश से पहले सफाई का दावा करता है, लेकिन कोई भी काम धरातल पर नहीं दिखता है. अभी तो अप्रैल में ही यह हालत है, अगर मई-जून की तेज बारिश हुई तो हालात और बदतर हो जाएंगे. मुहल्लेवासियों ने नगर निगम प्रशासन से तत्काल नालियों की सफाई कराने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है. ताकि आने वाले समय में गंदगी से महामारी जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं होने पाए.

## बैठक में अनुपस्थित बीसीसीएल सीएमडी को शो-कॉज जारी करेगा आयोग : आशा



धनबाद। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है. आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने धनबाद में एससी/एसटी कर्मचारियों से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक के दौरान सीएमडी की अनुपस्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें शो-कॉज नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है. यह जानकारी आशा लकड़ा ने मंगलवार को बीसीसीएल के गेस्ट हाउस में दी. उन्होंने कहा है कि बीसीसीएल को पूर्व में इस बैठक की सूचना दे दी गई थी, बावजूद इसके सीएमडी बैठक में शामिल नहीं हुए. आशा लकड़ा ने कहा कि आयोग द्वारा जारी किए जाने वाले नोटिस में सीएमडी से यह स्पष्ट करने को कहा जाएगा कि वह बैठक में क्यों अनुपस्थित रहे. उनके इस रवैये को आयोग ने गंभीरता से लिया है. साथ ही इस नोटिस की एक प्रति कोयला सचिव और कोल इंडिया के चेयरमैन को भी भेजी जाएगी. आयोग का मानना है कि इस तरह की बैठकों का उद्देश्य कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना होता है. इसलिए इसमें जिम्मेदार अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है.

## मनरेगा में लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन करें : बीडीओ



**गांडेय, गिरिडीह।** गांडेय बीडीओ निशांत अंजुम की अध्यक्षता में मंगलवार को समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में मनरेगा,15 वी वित्त, पीएम आवास, अबुवा आवास, योजनाओं की समीक्षा की गई। बीडीओ ने बैठक में उपस्थित पंचायत सेवकों को निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा में मानव दिवस की संख्या को बढ़ाना है। प्रत्येक पंचायत को एक महीना में कम से कम 6 हजार मानव दिवस सृजन करना आवश्यक होगा। वित्तीय वर्ष में सभी पंचायतों में कम से कम 25 एकड़ आम बागवानी योजना का संचालन करना है। बीडीओ ने कहा कि वर्तमान समय में बारिश हो रही है जिसके कारण मिट्टी में गीलापन है । पंचायतों में आम बागवानी योजना के तहत गड्ढा खुदाई का कार्य शुरू करें। बैठक में वीर शहीद हो पोटो खेल विकास योजना के निर्माण धीन खेल - स्टेडियम का निर्माण शुरू किया जाए , संबंधित पंचायत के जेई और पंचायत सेवक प्रत्येक सप्ताह स्थल का निरीक्षण करके कार्य प्रगति रिपोर्ट पेश करेंगे।


**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

72वीं औपबंधिक सूची
जिला–राँची (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी एवं पूर्व सदस्य श्री सुनील फकीरा कच्छप एवं चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्रीमती सुशील एक्का , श्री अमर कुमार महतो एवं श्री मुमताज खान के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–16/25 2. आवेदक–असफ लकड़ा , पिता–कोनका लकड़ा<br>3. ग्राम–लोआ टोली, रामपुर , पोस्ट–नामकुम, थाना–नामकुम , प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–17/25 2. आवेदक–विमल कुमार तिर्की , पिता–स्व0 गंगा तिर्की<br>3. ग्राम–सारजोमडीह (रामपुर), पोस्ट–राजा उलातू , थाना–नामकुम , प्रखण्ड–नामकुम (खिजरी)<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी गुलाम मोहम्मद एवं उदय सिंह के द्वारा आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री दुर्गा उराँव के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–18/25 2. आवेदक–रंथू उराँव तिग्गा , पिता–स्व0 दशरथ उराँव तिग्गा<br>3. ग्राम–करकट्ठा, पोस्ट–खलारी , थाना–खलारी , प्रखण्ड–खलारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आंख के उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–102/25 2. आवेदक–हलधर उराँव , पिता–स्व0 सोमा उराँव<br>3. ग्राम–ओझासाडम–जुठारी, पोस्ट–चामा , थाना–बुड़मू , प्रखण्ड–बुड़मू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–103/25 2. आवेदक–झरी मुण्डा , पिता–स्व0 अलखवा मुण्डा<br>3. ग्राम–आरादेवरखंड, पोस्ट–मुरूपीरी , थाना–बुड़मू , प्रखण्ड–बुड़मू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेहरा पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–104/25 2. आवेदक–मुक्तिनाथ गिरि, पिता–स्व0 पशुपतिनाथ गिरि<br>3. ग्राम–डकरा, पोस्ट–डकरा , थाना–खलारी , प्रखण्ड–खलारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–105/25 2. आवेदक–श्याम किस्टो महतो, पिता–स्व0 इन्द्र महतो<br>3. ग्राम–पैराईडीह, पोस्ट–जानुमपीड़ी , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–होंठ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–106/25 2. आवेदक–सहदेव भगत, पिता–स्व0 धर्मनाथ भगत<br>3. ग्राम–ओझासाड़म, पोस्ट–चामा , थाना–बुड़मू , प्रखण्ड–बुड़मू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–107/25 2. आवेदक–मसो0 सम्पति देवी (आश्रित पत्नी) ,पति–स्व0 चन्द्रदेव भगत (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–ओझासाड़म, पोस्ट–चामा , थाना–बुड़मू , प्रखण्ड–बुड़मू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–108/25 2. आवेदक–फूलचनद गंझू , पिता–स्व0 पानु गंझू<br>3. ग्राम–मैकलुस्कीगंज , पोस्ट–मैकलुस्कीगंज, थाना–मैकलुस्कीगंज , प्रखण्ड –खलारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–109/25 2. आवेदक–जगनी देवी , पति–स्व0 परबिल गंझू<br>3. ग्राम–कोनका , पोस्ट–मैकलुस्कीगंज, थाना–मैकलुस्कीगंज , प्रखण्ड –खलारी<br>4. लिंग–महिला , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–110/25 2. आवेदक–रूपलाल गंझू , पिता–बन्धू गंझू<br>3. ग्राम–कोनका हेसालौग , पोस्ट–मैकलुस्कीगंज, थाना–मैकलुस्कीगंज , प्रखण्ड –खलारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–111/25 2. आवेदक–रतन कुमार तुरी , पिता–स्व0 अम्बिका राम<br>3. ग्राम–भूतनगर , पोस्ट–डकरा, थाना–खलारी , प्रखण्ड –खलारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–35 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–112/25 2. आवेदक–सावित्री देवी , पति–स्व0 मदन प्रसाद साहु<br>3. ग्राम–हेसालौग , पोस्ट–मैकलुस्कीगंज, थाना–मैकलुस्कीगंज , प्रखण्ड –खलारी<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–113/25 2. आवेदक–बीरबल गंझू , पिता–मुंसी गंझू<br>3. ग्राम–कोनका, पोस्ट–मैकलुस्कीगंज, थाना–मैकलुस्कीगंज , प्रखण्ड –खलारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–114/25 2. आवेदक–दिलीप कुमार पासवान , पिता–अगनू पासवान<br>3. ग्राम–बुकबुका , पोस्ट–खलारी , थाना–खलारी, प्रखण्ड–खलारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में छः अंगुली का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–115/25 2. आवेदक–अशोक कुमार शुक्ला , पिता–स्व0 राम मनोहर शुक्ला<br>3. ग्राम–बैक मोड टी0 टु0 टाईप , पोस्ट–खलारी , थाना–खलारी, प्रखण्ड–खलारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–116/25 2. आवेदक–शैलेश कुमार सिंह , पिता–स्व0 सुरेश सिंह<br>3. ग्राम–बुकबुका गौरी धौड़ा , पोस्ट–खलारी , थाना–खलारी, प्रखण्ड–खलारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट के दोनों तरफ मस्से का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–117/25 2. आवेदक–शोभा कच्छप , पति–विलियम कच्छप<br>3. ग्राम–चदरा धौड़ा बुकबुका, पोस्ट–खलारी , थाना–खलारी, प्रखण्ड–खलारी<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–118/25 2. आवेदक–श्याम कुमार लोहरा , पिता–लाल लोहरा<br>3. ग्राम–हुटाप , पोस्ट–खलारी , थानामैकलुस्कीगंज , प्रखण्ड–खलारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुबोध लकड़ा एवं पुष्कर महतो के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–04/25 2. आवेदक–चम्पा टाना भगत , पिता–स्व0 दुर्गा टाना भगत<br>3. ग्राम–पंडरिया , टाना टोली, पोस्ट–जमगाँई, थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना घुटने के नीचे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–19/25 2. आवेदक–धनन्जय महतो , पिता–मोहन महतो<br>3. ग्राम–टटकुन्दो , पतरा टोली, पोस्ट–झिंझरी, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें घुटने के नीचे जला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–05/25 2. आवेदक–पंची टाना भगत , पति–चम्पा टाना भगत<br>3. ग्राम–पंडरिया , टाना टोली, पोस्ट–जमगाँई, थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा<br>4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अनामिका अंगुली में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–20/25 2. आवेदक–गुनुवा मुण्डा , पति–कृष्णा मुण्डा<br>3. ग्राम–बैरटोली , पोस्ट–बेड़ो, थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–21/25 2. आवेदक–पौलुस एक्का, पिता–स्व0 पास्कल एक्का<br>3. ग्राम–चेशायर, होम रोड, पोस्ट–बरियातू, थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के कानी अंगुली में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–22/25 2. आवेदक–रोबिन बाड़ा, पिता–जोन बाड़ा<br>3. ग्राम–सोसई , मरिया टोली, पोस्ट–सोसई आश्रम, थाना–मांडर , प्रखण्ड–मांडर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–06/25 2. आवेदक–दशी उराँईन , पति–रामवृक्ष भगत<br>3. ग्राम–पंडरिया टाना टोली , पोस्ट–पंडरिया , थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा<br>4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–07/25 2. आवेदक–जोवना तिरिया , पति–स्व0 गेड़े तिरिया<br>3. ग्राम–कुटिंगता , पोस्ट–कोटगढ़ , थाना–नोवामुण्डी , प्रखण्ड– नोवामुण्डी<br>4. लिंग–महिला , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–23/25 2. आवेदक–सलोमी कुमारी , पति–धुर्वा उराँव<br>3. ग्राम–कमाती , पोस्ट–ताला , थाना–चान्हों , प्रखण्ड– चान्हों<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां कान तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–24/25 2. आवेदक–रंजित खलखो , पिता – जोहन खलखो<br>3. ग्राम–चलियो सलया टिकरा , पोस्ट–ताला , थाना–चान्हो , प्रखण्ड– चान्हो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–/25 2. आवेदक–रोजनी उराईन , पति–बूदा उराँव<br>3. ग्राम–बंझिला , पोस्ट–बुढ़हा खुखरा , थाना–माण्डर , प्रखण्ड– माण्डर<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–26/25 2. आवेदक–मंगरी किस्पोट्टा , पति–निरल बन्ने किस्पोट्टा<br>3. ग्राम–सरगांव , पोस्ट–केम्बो , थाना–माण्डर , प्रखण्ड– माण्डर<br>4. लिंग–महिला , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–27/25 2. आवेदक–पुनी टोप्पो , पति–चमरा उराँव<br>3. ग्राम–सरगांव , पोस्ट–केम्बो , थाना–माण्डर , प्रखण्ड– माण्डर<br>4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–28/25 2. आवेदक–रामवृक्ष भगत , पिता – दुर्गा भगत<br>3. ग्राम–पन्डरीया , पोस्ट–जमगाँई , थाना–भण्डरा , प्रखण्ड– भण्डरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–29/25 2. आवेदक–विजय उराँव , पिता – स्व0 तुरिया उराँव<br>3. ग्राम–केना भीठा , पोस्ट–नेहालु , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड– बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना घुटना के निचे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–30/25 2. आवेदक–रेणु मेरी लकड़ा , पति–प्रकाश मिंज<br>3. ग्राम–चेशायर होम रोड , पोस्ट–बरियातू , थाना–बरियातू , प्रखण्ड– कांके<br>4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें घुटने के निचे कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–31/25 2. आवेदक–प्रकाश कछुवा , पिता – स्व0 सिमोन कछुवा<br>3. ग्राम–ए जी चर्च स्कूल के पास , पोस्ट–बरियातू , थाना–सदर , प्रखण्ड– सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां जांघ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–119/25 2. आवेदक–शीला भगताईन , पति–लखन भगत<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–कैम्बो , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–120/25 2. आवेदक–मन्नु एक्का , पिता – स्व0 पासकल एक्का<br>3. ग्राम–सरगांव, पोस्ट–कैम्बो , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें अंगुठा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–121/25 2. आवेदक–लीलावती देवी , पति–प्रभु साह<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–कैम्बो , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के बगल में जोनेया का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–122/25 2. आवेदक–ललित नारायण उराँव , पिता – स्व0 सोमरा उराँव<br>3. ग्राम–सोसई मरियाटोली, पोस्ट–सोसई आश्रम , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के कलाई में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–123/25 2. आवेदक–झरिया उराँव , पिता–स्व0 सुकरा उराँव<br>3. ग्राम–पाली, पोस्ट–पाली , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर कमर के पास टुटा है। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–124/25 2. आवेदक–एवरेन खेस, पति–बेनेदिक खेस<br>3. ग्राम–बोड़ेया, ठाकुरगांव, पोस्ट–ठाकुरगांव , थाना–इटकी , प्रखण्ड–इटकी<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–1/25 2. आवेदक–सुशीला उराईन, पति–हरिवंश भगत<br>3. ग्राम–करकरा, पोस्ट–करकरा , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–126/25 2. आवेदक–चरवा उराँव, पिता–स्व0 सालू उराँव<br>3. ग्राम–टांगरबसली , पोस्ट–टांगरबसली , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें बांह में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–127/25 2. आवेदक–हरिवंश भगत, पिता–बन्ने उराँव<br>3. ग्राम–करकरा , पोस्ट–करकरा, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कलाई में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–128/25 2. आवेदक–राकेश मिंज, पिता–स्व0 बन्ने मिंज<br>3. ग्राम–झिंझरी , पोस्ट–झिंझरी, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के एढ़ी के उपर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–129/25 2. आवेदक–फारूक खान , पिता–स्व0 मो सगीर अहमद<br>3. ग्राम–मदीना मस्जिद ,हिन्दपीड़ी, ,पोस्ट–हिन्दपीड़ी, थाना–हिन्दपीड़ी,, प्रखण्ड–हिन्दपीड़ी,<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–130/25 2. आवेदक–रमेश कुमार , पिता–स्व0 भुनेश्वर महतो<br>3. ग्राम–चुटिया ,पोस्ट–चुटिया , थाना–चुटिया , प्रखण्ड– चुटिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना कलाई में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–357/25 2. आवेदक–कर्मेला केरकेट्टा , पति–प्रदीप केरकेट्टा तिर्की<br>3. ग्राम–पंडरिया ,पोस्ट–सिसई , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–358/25 2. आवेदक–संजय उराँव , पिता–स्व0 लच्छु उराँव<br>3. ग्राम–पंडरिया चारका टांगार टोली ,पोस्ट–सिसई , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–131/25 2. आवेदक–नर्वदेश्वर पाण्डेय , पिता–स्व0 कैलाश पाण्डेय<br>3. ग्राम–न्यू मार्केट सी0 टी0 ओ0 रोड धुर्वा, पोस्ट–धुर्वा , थाना–धुर्वा , प्रखण्ड–नगड़ी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–132/25 2. आवेदक–रीतम देवी , पति–नर्वदेश्वर पाण्डेय<br>3. ग्राम–न्यू मार्केट सी0 टी0 ओ0 रोड धुर्वा, पोस्ट–धुर्वा , थाना–धुर्वा , प्रखण्ड–नगड़ी<br>4. लिंग–महिला , आयु–54वर्ष, पहचान चिन्ह–गले में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–212/25 2. आवेदक–महेश महतो , पिता–रविलाल महतो<br>3. ग्राम–सांगा, पोस्ट–मालशिरिंग, थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के उपर चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–213/25 2. आवेदक–संतोष कुमार , पिता–स्व0 कविराज महतो<br>3. ग्राम–तिरिल बस्ती कोकर , पोस्ट–बरियातु, थाना–सदर, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंख के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 350395 Home(25-26)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जब आपके शरीर की प्रत्येक गतिविधि शांतिपूर्ण होती है, और जब आपके विचारों में, इच्छा-शक्ति में, प्रेम में, शांति होती है, तथा शांति एवं ईश्वर आपके लक्ष्य होते हैं, तो समझ लीजिए कि आपने अपने जीवन को ईश्वर से जोड़ लिया है। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### विरोध बंगाल और हिंसा

कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं बढ़ी ही हैं, और अब राज्य के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ कानून के विरोध में शुरू हुए प्रदर्शनों के बाद स्थितियां कुछ यों बिगड़ीं कि करीब 500 लोगों को वहां से भागकर मालदा जिले में शरण लेने पर मजबूर होना पड़ा, जो दर्शाता है कि दीदी के बंगाल में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। मुर्शिदाबाद जिले के धुलियान, जंगीपुर और शमशेरगंज सहित कई इलाकों में हिंसा और बर्बादी के दृश्य न केवल हृदयविदारक हैं, बल्कि यह हमारे समाज और प्रशासन की विफलता के भी प्रतीक हैं। राज्य की ममता सरकार अक्सर सांप्रदायिक मुद्दों पर केंद्र सरकार को निशाना बनाती है, लेकिन अपने राज्य में इस तरह के तनावों को रोकने में उसका रवैया ढुल-मुल ही रहा है, अलबत्ता, उसके शासन में समुदायों के बीच अविश्वास की खाई और गहरी होती जा रही है। हाल के हिंसा के मामले में भी राज्य सरकार की प्रतिक्रिया केवल औपचारिक बयानों और विपक्ष पर आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रही। क्या यह पर्याप्त है? सैकड़ों लोग, जो अपने घरों से विस्थापित हो चुके हैं, उनके लिए तत्काल राहत और पुनर्वास की ठोस योजना कहां है? मालदा में शरण लिए लोगों की मदद भले ही स्थानीय लोग और स्वयंसेवी कर रहे हों, लेकिन यह सरकार का दायित्व था कि वह स्थिति को इस हद तक बिगड़ने ही न दे। राज्य में विभिन्न चुनावों और पर्व-त्योहारों के दौरान अक्सर सांप्रदायिक तनाव की खबरें सामने आती रही हैं। हर बार सरकार की तरफ से केवल खानापूर्ति ही की जाती रही है, लेकिन समस्या की जड़ में जाकर समाधान करने की इच्छाशक्ति कभी नहीं दिखी। वक्फ विरोधी प्रदर्शन से निपटने के मामले में ममता पड़ोसी राज्य असम से सबक सीख सकती हैं, जहां तीस फीसदी से अधिक मुस्लिम आबादी होने के बावजूद कोई हिंसा नहीं हुई। उत्तर प्रदेश में भी कमोबेश यही स्थिति रही। चिंताजनक यह भी है कि हिंसा के बाद ममता सरकार का रवैया रक्षात्मक रहा है। वह विपक्ष को सियासी फायदे के लिए दंगे न भड़काने की नसीहत तो दे रही हैं, लेकिन क्या वह अपने प्रशासन की जवाबदेही तय करेंगी, जिन अधिकारियों ने हिंसा को रोकने में लापरवाही बरती, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होगी और सबसे अहम, उनका भरोसा कैसे जीता जाएगा, जो डर के मारे अपना घर छोड़ चुके हैं? उन्हें समझना होगा कि राजनीतिक बयानबाजी से कानून-व्यवस्था नहीं सुधरती। पश्चिम बंगाल को मुर्शिदाबाद के लोगों की उनके घरों में सुरक्षित वापसी, दोषियों पर सख्त कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने की प्रभावी नीतियां होनीं चाहिए।

*राज्य की ममता सरकार अक्सर सांप्रदायिक मुद्दों पर केंद्र सरकार को निशाना बनाती है।*

# मतांतरण बना महत्वाकांक्षा का आधार, अब ताला को चाहिए चाबी व नीरू को नीरवता

आज की बात



**केदारनाथ दास**
बसिया, गुमला।

इस सप्ताह झारखंड में राजनैतिक मतांतरण की दो घटनाएं देखने को मिली। इनमें से लोहरदगा की नीरू शांति भगत ने आजसू की विचारधारा का परित्याग कर झामुमो का दामन थाम लिया है तो भाजपा के बूते राजनैतिक कैरियर स्थापित करने वाले ताला मरांडी ने एक बार फिर से राजनीति के लिए दलबदल कर लिया है। झारखंड के दृष्टिकोण से देखें तो इन दोनों घटनाओं के बावजूद यहाँ किसी बड़े राजनैतिक उलटफेर की संभावना दूर दूर तक नजर नहीं आ रही है। चुनावी मौसम में ऐसा कुछ होता रहता है और माहौल बनाने के दृष्टिकोण से विभिन्न दल ऐसी हरकतों को हवा भी देते रहते हैं। अभी ऐसा कुछ भी नहीं है क्योंकि मतांतरण की इन घटनाओं से न सत्ताधारी झामुमो को कोई विशेष फायदा होने वाला है, न आजसू या भाजपा के समक्ष किसी जातिगत या क्षेत्रीय समीकरणों को लेकर कोई चुनौती सामने आने वाली है और न दल बदल करने वाले नेताओं को ही इससे कुछ हासिल होनेवाला है। बात की शुरुआत संथाल परगना के ताला मरांडी से करते हैं। श्री मरांडी पहले झामुमो में थे फिर कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े परन्तु विधानसभा चुनाव हार बैठे। वर्ष 2003 में फिर से उनका मतांतरण हुआ और 2005 में उन्हें कमल फूल के दम पर बोरियोसे विधानसभा की सदस्यता मिल गई। भाजपा के लिए यह एक बड़ी जीत थी क्योंकि बोरियो विधानसभा क्षेत्र में यह भाजपा की पहली जीत थी और इस जीत के साथ झामुमो के भीष्म पितामह समझे जाने वाले कद्दावर व जमीनी पकड़ वाले जननेता लोबिन हेम्ब्रम को पटखनी देने में वह कामयाब हो गई। यह क्रम 2009 के चुनाव में भी दर्ज किया गया परन्तु 2014 के बाद यह क्रम जारी नहीं रह सका। भाजपा के लिए यह एक असहज स्थिति थी क्योंकि विभिन्न कारणों से बोरियो विधानसभा क्षेत्र को संथाल राजनीति का केंद्र माना जाता है। शायद इसे ही ध्यान में रखते हुए भाजपा के द्वारा ताला मरांडी का भरपूर प्रोमोशन किया गया और उन्हें न केवल राजमहल से लोकसभा चुनाव लड़ाया बल्कि प्रदेश अध्यक्ष के पद का सम्मान तक दिया गया। इसका राजनैतिक नतीजा यह आया कि अब श्री मरांडी पर व्यक्तिगत लोकप्रियता के वहम में रहने का आरोप लगता चला गया। दूसरी ओर, दल में उपेक्षा झेलने की विवशता और सोरेन परिवार से तल्खी के कारण लोबिन हेम्ब्रोमको झामुमो से बाहर जाना पड़ा। बदली हुई परिस्थिति में श्री हेम्ब्रम ने भाजपा का दामन थाम लिया और इसके साथ बोरियो में ताला मरांडी की संभावनाओं पर एक तरह से ताला लग गया। अब थके हारे श्री मरांडी ने एक बार फिर से मतांतरण का विकल्प चुना है और उन्होंने आनन फानन में झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम भी लिया। बताते चलें कि इस कड़ी में सबसे चौंकाने वाला समाचार लोहरदगा से आया है। यहाँ कभी आजसू के कद्दावर नेता कमल किशोर भगत की तूती बोलती थी। वर्ष 2019 के चुनाव में आजसू ने कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत पर तब भरोसा किया जब डॉ.के.के.सिन्हा मामले में कमल किशोर भगत को चुनाव के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। इसी तरह 16 दिसंबर 2021 को संदेहास्पद परिस्थितियों में कमल किशोर भगत की मौत के बाद आजसू ने 2024 में इनपर फिर से भरोसा किया। इस भरोसे के विपरित नीरू का प्रदर्शन कभी अच्छा नहीं रहा। चुनाव में हार जीत होते रहते हैं परंतु सच तो यही है कि खराब प्रदर्शन के बावजूद एनडीए में उनके लिए संभावनाएं अभी समाप्त नहीं हुई थी। इसके उलट गठबंधन की शर्तों के अनुरूप लोहरदगा विधानसभा चुनाव क्षेत्र कांग्रेस के लिए आवंटित है। 2024 के चुनाव में यहाँ से कांग्रेस के सुखदेव भगत ने जीत भी दर्ज की। बाद में सुखदेव लोकसभा के लिए चुन लिए गए। निसंदेह लोहरदगा में विधानसभा के लिए उपचुनाव होने हैं परन्तु गठबंधन धर्म के कारण लोहरदगा में झामुमो का प्रवेश लगभग संदिग्ध है। इधर नो वेकैंसी के बावजूद आसन्न उपचुनाव की दृष्टि से नीरू भगत की महत्वाकांक्षा को उनके मतांतरण का आधार माना जा रहा है। अपने आप में यह एक हैरान करने वाला विषय बनकर सामने आया है जबकि कुछ लोग नीरू के इस निर्णय को दिवास्वप्न से अधिक कुछ नहीं मान रहे हैं। ऐसे में यह देखना काफी दिलचस्प हो गया है कि मतांतरण के बल पर केवल पति की विरासत को लेकर सियासत करने वाली नीरू की नीरवता को क्या झामुमो भंग कर पाएगी और क्या इसी मतांतरण के बल पर ताला मरांडी को झामुमो के बूते सफलता की कोई चाबी मिल भी पाएगी?






**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## जिंदगी मंच पर थी, मौत ने पर्दा गिरा दिया!

देश की बात



**सोनम लववंशी**

हर दिन के उजाले में हम जीवन का उत्सव मनाते हैं, पर हमें यह अहसास तक नहीं कि मृत्यु अब हमारी परछाई से भी तेज़ रफ्तार से हमारे करीब आ रही है। महाराष्ट्र के धाराशिव में मंच पर अचानक गिरी वर्षा खरात की मौत कोई अकेली घटना नहीं है, यह उस अदृश्य महामारी की गूंज है जो कोविड के बाद हमारे समाज में मौन पांव पसार रही है। सड़कों पर चलते, खेलते, नाचते, बोलते-हम जिन्दगी के सामान्य क्षणों को जीते हुए जैसे मौत से एक अनदेखा समझौता कर बैठे हैं। विडंबना यह है कि एक असामान्य परिस्थिति को भी हम सामान्य मानने लगे हैं। कोरोना वायरस ने केवल शरीर पर वार नहीं किया, उसने समाज की मानसिकता और सरकार की प्राथमिकताओं पर भी गहरा घाव किया है। कोरोना के बाद की यह अचानक गिरने, धड़कन थम जाने वाली घटनाएँ वास्तव में पोस्ट कोविड सिंड्रोम का विकराल चेहरा हैं। मेडिकल साइंस के अनुसार, कोविड के संक्रमण ने शरीर के अंदर सूक्ष्म रक्त वाहिनियों में थक्के बनाने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया। यह स्थिति कई बार बिना किसी पूर्व लक्षण के जानलेवा साबित हो रही है। हार्ट अटैक, कार्डियक अरेस्ट, माइक्रोथ्रोम्बस, ब्रेन स्ट्रोक - ये सब एकदम से हमला कर रहे हैं और अक्सर इतने तेजी से कि चिकित्सा सहायता भी समय पर नहीं पहुंच पा रही। भारत में कोविड के बाद कार्डियक मौतों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आंकड़े बताते हैं कि 2020 से 2024 के बीच अचानक कार्डियक अरेस्ट के मामलों में 28 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। 30 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में यह वृद्धि 15 प्रतिशत के करीब है। लेकिन यह आंकड़े अखबार के किसी कोने में दबे रह जाते हैं, उन पर न तो नीतिगत बहस होती है, न ही कोई राष्ट्रीय आपात चेतावनी जारी होती है। आख़िर क्यों? हकीकत यह है कि सरकार और प्रशासन महामारी के बाद इस स्वास्थ्य आपातकाल को लेकर उतने सतर्क नहीं हैं, जितनी गंभीरता की आवश्यकता है। सार्वजनिक स्थलों पर इमरजेंसी मेडिकल सुविधाओं का अभाव, प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की कमी, और तत्काल जीवनरक्षक उपकरणों स्वचालित बाह्य डिफिब्रिलेटर (एईडी मशीनों) की अनुपलब्धता हमारी व्यवस्था की ढुलमुल मानसिकता का प्रमाण हैं। किसी समारोह, कॉलेज फंक्शन या सार्वजनिक कार्यक्रम में सुरक्षा का मतलब केवल भगदड़ रोकने तक सीमित कर दिया गया है, स्वास्थ्य संबंधी आकस्मिकताओं के लिए तैयारियां अब भी हास्यास्पद रूप से अपर्याप्त हैं, और समस्या केवल चिकित्सा व्यवस्था तक सीमित नहीं है। हमारे समाज की सामूहिक चेतना पर भी प्रश्नचिन्ह है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## अनसुलझी कहानी भारतीय गणितज्ञ की

भूले-बिसरे (दूसरा अंक)

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

भारत की प्राचीन वैज्ञानिक परंपरा में कई ऐसे महान विभूतियाँ हुईं, जिनके योगदान को या तो भुला दिया गया या जानबूझकर इतिहास के पन्नों से हटा दिया गया। ऐसे ही एक महान गणितज्ञ और वैज्ञानिक थे कात्यायन। कात्यायन भारतीय गणित और व्याकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महर्षियों में से एक थे, लेकिन उनके कार्यों को वैसी प्रसिद्धि नहीं मिली, जैसी अन्य प्राचीन विद्वानों को मिली। कात्यायन को भारतीय परंपरा में "महर्षि" और "वराह" की उपाधि दी गई थी। उन्हें संस्कृत व्याकरण, गणित और वेदों के विद्वान के रूप में सम्मानित किया जाता था। उनकी विद्वत्ता और बहुआयामी योगदान के कारण उन्हें "श्रुतिस्मृतिपारगः" (वेदों और स्मृतियों के गहन ज्ञाता) भी कहा जाता था। कात्यायन केवल गणितज्ञ ही नहीं थे, बल्कि वे एक महान दार्शनिक, ज्योतिषविद्, व्याकरणाचार्य और वेदों के गहन विद्वान भी थे। कात्यायन के जन्म और मृत्यु के विषय में निश्चित रूप से कोई स्पष्ट प्रमाण उपलब्ध नहीं है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि वे ईसा पूर्व तीसरी या चौथी शताब्दी में रहे होंगे। कुछ विद्वानों का मानना है कि वे पाणिनि के बाद और पतंजलि से पहले के काल में हुए थे। उनके जन्म स्थान को लेकर भी विभिन्न मत हैं, लेकिन उन्हें प्राचीन भारत के एक प्रमुख विद्वान के रूप में स्वीकार किया जाता है। उनके माता-पिता के विषय में कोई निश्चित विवरण नहीं मिलता, लेकिन उनका जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था, जो वैदिक शिक्षा और गणित के क्षेत्र में निपुण था। कात्यायन ने गणित के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उनकी रचनाएँ मुख्य रूप से अंकगणित, बीजगणित और ज्यामिति पर केंद्रित थीं। उन्होंने गणितीय सूत्रों को स्पष्ट करने का कार्य किया और कई गणनाओं को सरल और व्यवस्थित किया। कात्यायन को विशेष रूप से 'कात्यायन सूत्र' के लिए जाना जाता है। उनके कार्यों में गणितीय समीकरणों और सूत्रों की व्याख्या मिलती है, जो बाद में भारतीय गणितीय परंपरा का आधार बने। कात्यायन ने संस्कृत व्याकरण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने पाणिनि के व्याकरण 'अष्टाध्यायी' पर 'वार्तिक' लिखा, जिसमें उन्होंने पाणिनि के सूत्रों की व्याख्या और उनके सुधार का प्रयास किया। उनके इस कार्य को 'कात्यायन वार्तिक' कहा जाता है। वे केवल गणितज्ञ ही नहीं थे, बल्कि एक महान दार्शनिक और धर्मशास्त्री भी थे। वे वैदिक ज्ञान और शास्त्रों में निपुण थे। उनकी शिक्षाएँ भारतीय दार्शनिक परंपरा को आगे बढ़ाने में सहायक रहीं। इतिहास के पन्नों में कात्यायन जैसे महान गणितज्ञ का नाम प्रमुखता से नहीं लिया जाता। इसका एक प्रमुख कारण भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति विदेशी लेखकों और इतिहासकारों का पूर्वाग्रह था। ब्रिटिश शासन के दौरान जब भारत का इतिहास लिखा गया, तो जानबूझकर भारतीय विद्वानों के योगदान को कम आंका गया और पश्चिमी वैज्ञानिकों को अधिक श्रेय दिया गया। कई पश्चिमी विद्वानों ने भारतीय गणितज्ञों और वैज्ञानिकों के कार्यों को अपनाया और उन्हें यूरोपीय खोज के रूप में प्रस्तुत किया। उदाहरण के लिए, कई गणितीय सिद्धांत जो भारतीय विद्वानों ने ईसा पूर्व में दिए थे, वे बाद में पश्चिमी गणितज्ञों के नाम से प्रसिद्ध हुए। कई विद्वानों का मानना है कि कात्यायन के गणितीय और व्याकरणिक कार्यों को कई विदेशी और भारतीय लेखकों ने अपने नाम से प्रस्तुत किया। उदाहरण के लिए भारतीय गणित और विज्ञान का ज्ञान अरब देशों और यूनानियों तक पहुँचा, लेकिन उन्होंने इसे अपने विद्वानों के नाम से प्रचारित किया। उदाहरण के लिए, अल-ख्वारिज़्मी द्वारा प्रस्तुत कुछ गणितीय सिद्धांत भारतीय गणितज्ञों के कार्यों पर आधारित थे। ब्रिटिश और पश्चिमी विद्वान ने औपनिवेशिक काल में जब भारतीय ज्ञान को पश्चिमी देशों में ले जाया गया, तो इसे यूरोपीय वैज्ञानिकों ने अपने नाम से प्रकाशित किया। भारतीय वैज्ञानिकों और गणितज्ञों को उचित श्रेय नहीं दिया गया। कात्यायन ने खगोलशास्त्र और कालगणना पर भी कार्य किया। उन्होंने ग्रहों की गति, चंद्र-सूर्य की स्थिति और नक्षत्रों की गणना पर भी अध्ययन किया था। ज्योतिष एवं खगोलशास्त्र में भी उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। भारतीय पंचांग के कुछ गणितीय आधार उनके सिद्धांतों पर आधारित माने जाते हैं। कात्यायन वेदों के प्रकांड विद्वान थे। विशेष रूप से यजुर्वेद पर उनकी गहरी पकड़ थी। उन्होंने शुल्क सूत्र की रचना की, जिसमें यज्ञ वेदियों के निर्माण के लिए गणितीय सूत्र दिए गए हैं। उनकी गणनाएँ वैदिक यज्ञों के आयोजन में प्रयुक्त होती थीं। उन्होंने धर्मशास्त्र और सामाजिक नियमों को परिभाषित करने वाले ग्रंथों का भी निर्माण किया। उनकी रचनाओं में समाज को व्यवस्थित रखने के लिए नैतिकता और विधि-विधान का उल्लेख मिलता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

सांझ हुई, दिखने लगे, धारा के मिस दीप।
लहरों से टकरा रहे, ज्यों मोती के सीप।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए
आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## रात में नींद खुलना गंभीर रोगों से ग्रस्त होने का संकेत, बचाव के लिए करे योग-प्राणायाम

अलग बात



**योगाचार्य महेश पाल**

वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवन को देखते हुए, कई लोगों की दैनिक दिनचर्या व भोजनचर्या मैं आये बदलाव की बजह से आज बच्चे युवा महिलाएं, बुजुर्ग कई गंभीर रोगों से ग्रस्त होते जा रहे हैं उन्हें में से एक है जब हम गहरी नींद में सो रहे होते हैं तो लगभग 12 से लेकर 3 बजे के बीच में अचानक से नींद खुल जाना यह एक हमारे शरीर मैं गंभीर रोगों से ग्रस्त होने का संकेत है, यह समस्या अधिकतर गर्मी के समय मैं ज्यादा नजर आती है, रात को अचानक से नींद खुलने की इस समस्या को इन्सोमनिया या अनिद्रा भी कहा जाता है। कई बार इस तरह की स्थिति में ये बीमारी की बड़ी वजह होती अगर आप लगातार तनाव से जूझ रहे हैं,तो यह शरीर मैं आपके अनुकंपी तंत्रिका तंत्र को सक्रिय कर देता है, जिससे आप चौंक कर आधी रात में जाग जाते हैं। इससे आपके ब्लड प्रेशर के स्तर में भी बदलाव आता है और दिल की धड़कनें भी बढ़ जाती हैं। तनाव और बेचैनी का स्तर बढ़ता हैं जिससे हम कटस्ट्रोफिसिंग या नाइट ड्रेड नामक बीमारी के शिकार हो सकते हैं,इस बीमारी में आधी रात में नींद खुल जाती है और इंसान चौंक कर बैठ जाता है, इसके अलावा आपको स्लीप एपनिया भी हो सकता है। स्लीप एपनिया में आपको नींद में सांस लेने में दिक्कत आने लगती है। इस बीमारी में सांस की दिक्कत के कारण आपकी अचानक नींद खुल जाती है। फेफड़ों और शरीर के बाकी हिस्सों में ऑक्सीजन का फ्लो काफी कम होने लगता है। स्लीप एपनिया के लक्षणों में अचानक नींद खुलना, सांस न आना, खर्राटे मारना, थकान और दिन भर सुस्ती आना शामिल अगर रोजाना रात में जागने की समस्या से परेशान है तो यह स्थिति चिंताजनक तब हो जाती है जब एक बार जागने के बाद आपको दोबारा नींद न आए। ऐसी स्थिति में एंग्जाइटी, निराशा, थकान जैसी शिकायत हो जाती है और सिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम एक्टिवेट हो जाता है। इस तरह की स्थिति में नींद खुलने के बाद दिमाग काफी ज्यादा सक्रिय हो जाता है और हृदय गति तेज हो जाती है। इस वजह से दोबारा नींद आने में दिक्कत होने लगती है। चिंता के कारण इंसोमनिया की समस्या हो जाती है। अगर रात को गहरी नींद में सो रहे हैं और अचानक आपकी नींद रात में 1 से 3 के बीच खुल जाए तो समझ लीजिए आपको लीवर से संबंधित परेशानियां हो सकती है और आपका लीवर सही तरीके से काम नही कर रहा है, लीवर का फंक्शन डिस्टर्ब हो चुका है जिसकी वजह से रक्त का प्रभाव सही तरीके से नहीं हो पा रहा है जिससे हम कई गंभीर शारीरिक व मानसिक रोगों से घिर सकते हैं रात में अचानक से नींद खुलने की कई कारण है जिनमें से कुछ बीमारियाँ भी हैं। स्लीप एपनिया, गैस्ट्रिक समस्याएँ, अर्थराइटिस, अवसाद, न्यूरोपैथी, मेनोपॉज़, बढ़ा हुआ प्रॉस्टेट,या अतिसक्रिय थायरॉयड ग्रंथि।

**स्लीप एपनिया :** यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें नींद के दौरान सांस लेने में रुकावट होती है, जिससे नींद बार-बार टूट सकती है।

**गैस्ट्रिक समस्याएं :** एसिडिटी या अन्य पाचन संबंधी समस्याओं से भी नींद में खुल जाती।

**अर्थराइटिस:** जोड़ों का दर्द रात में नींद में बाधा डाल सकता है। अवसाद-मानसिक बीमारी भी अनिद्रा और रात में बार-बार नींद खुलने का कारण बन सकती है।

**न्यूरोपैथी :** तंत्रिकाओं की बीमारी से भी नींद में समस्याएँ आ सकती हैं।


**मेनोपॉज़ :** महिलाओं में मेनोपॉज़ के दौरान हार्मोनल बदलावों से नींद में परेशानी हो सकती है।

**बढ़ा हुआ प्रॉस्टेट :** पुरुषों में प्रॉस्टेट ग्रंथि का बढ़ना भी रात में बार-बार उठने का कारण बन सकता।

**अतिसक्रिय थायरॉयड ग्रंथि :** थायरॉयड ग्रंथि का अधिक सक्रिय होना भी अनिद्रा और रात में नींद खुलने का कारण बन सकता है, अर्धरात्रि के समय नींद खुलना हमारे शरीर में बड़ी बीमारी का आने का संकेत है इन सभी समस्याओं से बचाव के लिए हमें अत्यधिक सोशल मिडिया, मोबाइल फोन आदि से बचना होगा हमारे दैनिक दिनचर्या व खानपान में बदलाव करना पड़ेगा, योग प्राणायाम को महत्व देना पड़ेगा समय पर सोए समय पर खाना खाएं फास्ट फूड - जंक फूड, शराब तंबाकू सेवन, कोल्ड ड्रिंक्स आदि से बचे और योग में सूर्य नमस्कार, योगमुद्रासन, वीरभद्रासन, भ्रामरी प्राणायाम, नाड़ीशोधन प्राणायाम, योगनिद्राध्यान का अभ्यास जरूरी करे,रात मैं सोने से पहले 5 मिनिट का भ्रामरी प्राणायाम अवश्य करके सोए अगर रात मैं अचानक नींद खुल जाती है तब ऐसी स्थिति मैं क्या करें सर्वप्रथम उठकर पानी पिए, 5 से 10 मिनट प्राणायाम का अभ्यास कर सकते हैं, और अच्छी व धार्मिक ग्रंथो का अध्यन कर सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# अयोध्या में श्रीराम मंदिर में स्थापित संत तुलसीदास की प्रतिमा का लोकार्पण



**अयोध्या (हि.स.)।** श्रीराम जन्मभूमि में मन्दिर निर्माण कार्य पूर्णता की तरफ अग्रसर है। परिसर के यात्री सुविधा केंद्र के पूर्व दिशा के प्रवेश द्वार के प्रांगण में संत तुलसीदास की प्रतिमा स्थापित की गई है। मंगलवार को इस प्रतिमा का विधिवत पूजन करने के पश्चात लोकार्पण किया। इस अवसर पर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। इससे पहले श्री रामजन्मभूमि मन्दिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर पर सोमवार को कलश स्थापित किया गया।

ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय ने बताया कि आज वैशाख कृष्ण द्वितीया विक्रम संवत 2082, 15 अप्रैल 2025 मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में यात्री सुविधा केंद्र के पूर्व दिशा के प्रवेश द्वार प्रांगण में संत तुलसीदास की प्रतिमा स्थापित की गई। उन्होंने बताया कि आज संत तुलसीदास की प्रतिमा का विधिवत पूजन करने के पश्चात लोकार्पण किया गया। वर्षभर में जितने भी भक्तजन राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन करने के लिए आएंगे, वह सब संत तुलसीदास की प्रतिमा का दर्शन भी करेंगे।

## यूपी के मथुरा रेलवे स्टेशन पर प्रेमी युगल ने खाया विषाक्त पदार्थ, मौत

**मथुरा (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश के मथुरा में मंगलवार को स्टेशन स्थित मालगोदाम पर टीन शेड के नीचे एक प्रेमी युगल ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। इससे दोनों की तबीयत बिगड़ गई। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर थोड़ी देर बाद दोनों ने दम तोड़ दिया। एसपी सिटी अरविंद कुमार ने बताया कि रेलवे स्टेशन के गेट नंबर दो से सूचना मिली थी कि एक लड़का और लड़की जहर खाकर अचेत अवस्था में पड़े हैं। सूचना पर हाईवे और जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची थी। दोनों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। वहां दोनों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि लड़के के पास एक आधार कार्ड मिला है। उसमें उसका नाम मुनींद्र लिखा है। वह शाहजहांपुर का रहने वाला है। मृतक के पिता को सूचना दे दी गई है। अभी लड़की के बारे में पूरी जानकारी पता की जा रही है। दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे जा रहे हैं। ज्यादा जानकारी इनके परिजनों के आने पर मिलेगी। अगर कोई समस्या होगी तो विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण की जानकारी परिजनों से ही मिल पाएगी। घटना स्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार, मथुरा रेलवे स्टेशन के गेट नंबर दो के पास माल गोदाम बना हुआ है।

## बंगाल में घुसपैठियों को ममता सरकार का पूरा समर्थन : अजय आलोक

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने मंगलवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल में जारी हिंसा पर चिंता जताते हुए ममता सरकार पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और सपा नेताओं के बयानों पर भी तल्ख टिप्पणी की। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और 24 परगना में हुई हिंसा पर अजय आलोक ने कहा कि पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश से आए तमाम इस्लामी जिहादी घुसपैठ कर चुके हैं। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि इन्हें राज्य सरकार का पूरा संरक्षण मिल रहा है। पश्चिम बंगाल देश का हिस्सा है और इसके बावजूद वहां से लोगों का पलायन हो रहा है, जो बेहद चिंता का विषय है। 1988-89 में कश्मीर में जो हालात बने और जिसके चलते कश्मीरी पंडितों को भागना पड़ा, वैसी ही तस्वीर आज बंगाल में सामने आ रही है। आज बंगाल में भी लोगों को डराकर भगाया जा रहा है। केंद्र सरकार को जल्द सख्त कदम उठाने होंगे।

### बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर हुई कांग्रेस-राजद की बैठक

# बिहार की जनता को हम एक सशक्त विकल्प देंगे : खरगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पक्ष और विपक्ष के राजनीतिक दल रणनीति बनाने में जुट गए हैं इसी संदर्भ में मंगलवार को दिल्ली में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस की बैठक हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई इस बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भाग लिया। आगे की चुनावी रणनीति को लेकर अब 17 अप्रैल को पटना में बैठक बुलाई गई है जिसमें विपक्ष के अन्य दलों के प्रतिनिधियों के भी भाग लेने की संभावना है। बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 17 अप्रैल को आगे के विषयों पर विचार के लिए पटना में बैठक होगी। उस बैठक में सारे दलों से मिलकर एक आम सहमति बनाकर और मजबूत रणनीति के साथ हम आगे बढ़ेंगे। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि आज बैठक में कई सारे विषयों पर चर्चा हुई। हम पूरी ताकत और एकजुटता के साथ एनडीए की सरकार से लड़ेंगे।

**17** अप्रैल को पटना में होगी आगे की चर्चा

- बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दलों ने तेज की रणनीतिक तैयारी



- **बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने दी जानकारी, कहा- एकजुट होकर बनाएंगे मजबूत रणनीति**
- **बैठक में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव भी रहे मौजूद**
- **प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार बोले- पूरी ताकत से लड़ेंगे एनडीए सरकार के खिलाफ**

### बिहार में महागठबंधन को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा, बदलाव का दिया संकेत

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के आवास पर हुई बैठक में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार शामिल हुए। वहीं, राजद सांसद मनोज झा भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आज की बैठक में महागठबंधन की मजबूत बनाए जाने पर विचार किया गया। बिहार में इस बार निश्चित तौर पर बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में बिहार की जनता को हम एक सशक्त, सकारात्मक, न्यायप्रिय व कल्याणकारी विकल्प देंगे। युवा, किसान-मज़दूर, महिलाएँ, समाज के पिछड़े, अति पिछड़े व अन्य सभी वर्गों के लोग बिहार में महागठबंधन की सरकार चाहते हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम बिहार को प्रगति के मार्ग पर लेने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बिहार सबसे अधिक आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है, प्रति व्यक्ति आय सबसे कम है, किसानों की आय भी कम है। हम इन सभी मुद्दों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। सरकार की कमियों को जनता के सामने उजागर करना हमारी जिम्मेदारी है। महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री के चेहरे के बारे में उन्होंने कहा कि इसपर आगे विचार किया जाएगा लेकिन यह निश्चित है कि इसबार बिहार में एनडीए की सरकार नहीं होगी।

### बंगाल हिंसा पर सीएम योगी की दो टूक

## दंगाइयों का इलाज केवल डंडा है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर एक बार फिर ममता सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बंगाल जल रहा है और मुख्यमंत्री चुप हैं, दंगाइयों को शांति दूत कहती हैं। सीएम योगी ने यह भी कहा कि लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं?

सीएम योगी ने मंगलवार को हरदोई में अमर सेनानी राजा नरपति सिंह स्मारक स्थल पर आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि याद कीजिए 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश को, हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था, इन दंगाइयों का उपचार ही डंडा है। बिना डंडे के मानेंगे नहीं। आप देख रहे होंगे कि बंगाल जल रहा है, वहां की मुख्यमंत्री चुप हैं, दंगाइयों को शांति दूत कहती हैं, लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं, लेकिन सेकुलरिज्म के नाम पर इन लोगों ने दंगाइयों को दंगा करने की पूरी छूट दे रखी है। सीएम योगी ने ममता सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूरा मुर्शिदाबाद एक सप्ताह से जल रहा है।

## रंगदारी मांगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार, हथियार बरामद

**ग्रेटर नोएडा (आईएएनएस)**



ग्रेटर नोएडा की कासना थाना पुलिस ने ठेकेदारों और कबाड़ियों से जबरन वसूली करने वाले एक गैंग का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से दो तमंचे, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी सौरभ (21), ऋषभ भाटी (19) और सलमान (21) को खानपुर के साइट-5 के पास से एक बंद पड़ी कंपनी से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस के अलावा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि यह गैंग ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के कबाड़ियों से प्रतिदिन गत्ता ले जाने की जानकारी इकट्ठा करता था।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

### वंदे भारत पर पत्थरबाजी

## पत्थरबाज़ी पर डीआरएम ने जताई चिंता कहा, देश की संपत्ति की रक्षा करें

**भागलपुर (आईएएनएस)**




भागलपुर से हावड़ा जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को शरारती तत्वों ने निशाना बनाया है। मालदा रेल डिवीजन के डीआरएम ने अपील की है कि ऐसी घटनाओं से लोग बाज आएं। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र की संपत्ति है और इसे जनहित में आम लोगों की सुविधा के लिए भारत सरकार ने शुरू किया है। दरअसल, भागलपुर और टेकानी स्टेशन के बीच सोमवार को शरारती तत्वों ने वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव कर दिया। पथराव में ट्रेन की बोगी का शीशा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी जानकारी रेलकर्मी ने संबंधित अधिकारियों को दी। हालांकि, ट्रेन में सफर करने वाले यात्री और रेलकर्मियों को कुछ नहीं हुआ। इस घटना को लेकर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा शरारती तत्वों ने रामपुरहाट और दुमका के बीच पिनरगड़िया के पास भी वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव किया। पथराव में ट्रेन का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। इस मामले को लेकर जांच की जा रही है। मालदा रेल डिवीजन के डीआरएम मनीष गुप्ता ने एक वीडियो बयान जारी करते हुए अपील की है कि यह राष्ट्र की संपत्ति है और भारत सरकार ने जनहित में आम लोगों की सुविधा के लिए ट्रेन शुरू की है। उन्होंने कहा कि पूर्व रेलवे के लिए वंदे भारत महत्वपूर्ण ट्रेन है, जो भागलपुर से हावड़ा के लिए चलती है।

## अवैध हथियार गैंग का सरगना गिरफ्तार, 5 देसी पिस्तौल बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली में द्वारका जिले की स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने 'नो गन-नो गैंग' अभियान के तहत राजस्थान आधारित अंतरराज्यीय अवैध हथियार सप्लायर गैंग के सरगना को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आस मोहम्मद उर्फ बहरा के रूप में हुई है, जो राजस्थान का निवासी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर की पांच देसी पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। द्वारका के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही राजस्थान और हरियाणा में आर्म्स एक्ट के तहत आठ मामले दर्ज हैं। हथियार सप्लायर्स की धरपकड़ के लिए स्पेशल स्टाफ की एक टीम गठित की गई थी। एसीपी राम अवतार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया।

## हल्द्वानी के बनभूलपुरा में 18 अवैध मदरसों पर कार्रवाई, 17 सील, एक का अधिग्रहण

**हल्द्वानी (आईएएनएस)**



उत्तराखंड में हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे मदरसों के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के बाद दो दिन तक चले अभियान में कुल 18 मदरसों पर कार्रवाई हुई। इसमें 17 मदरसों को सील कर दिया गया, जबकि एक मदरसे का अधिग्रहण किया गया। नैनीताल जिले में अब तक कुल 21 मदरसों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। यह अभियान अपर जिलाधिकारी (एडीएम) विवेक कुमार रॉय के नेतृत्व में चलाया गया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन, पुलिस और अन्य विभागों की संयुक्त टीम ने पहले सर्वे किया था। इस सर्वे में हल्द्वानी क्षेत्र में 18 ऐसे मदरसे सामने आए, जो बिना पंजीकरण और मान्यता के अवैध रूप से चल रहे थे। रविवार को 14 और सोमवार को चार मदरसों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

एडीएम विवेक रॉय ने कहा कि जिलाधिकारी के आदेश पर एक कमेटी बनाई गई थी, जिसने अवैध मदरसों की जांच की। जिन मदरसों के पास पंजीकरण या मान्यता नहीं थी।

## हत्या के बाद डरा परिवार, भतीजे ने लगाई सुरक्षा की मांग

**कोलकाता।** वक्फ संशोधन कानून को लागू किए जाने के बाद से पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में विरोध-प्रदर्शन जारी है। कई स्थानों पर यह प्रदर्शन उग्र रूप ले चुका है। मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज इलाके में इसी कानून के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के बीच एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक दो नाबालिग बच्चों का पिता था। आरोप है कि उपद्रवियों ने उसे जबरन उसके घर से बाहर घसीटकर निकाला और पहले उसके सिर और चेहरे पर ईंटों से वार किए। इसके बाद शरीर के अन्य हिस्सों पर भी बेरहमी से हमला किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हमलावरों ने उसे धारदार हथियार से काटकर मार डाला। इसके साथ ही उसके घर को भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

# अमरनाथ यात्रा रजिस्ट्रेशन : पहले दिन भक्तों को निराशा, बैंक में कंप्यूटर अनुपलब्ध

**कठुआ (आईएएनएस)**

श्री अमरनाथ यात्रा 2025 के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन मंगलवार से शुरू हो गया, लेकिन कठुआ में पहले ही दिन पंजीकरण कराने पहुंचे भक्तों को मायूसी हाथ लगी। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की कठुआ शाखा में पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन तकनीकी खामियों के कारण काउंटर नहीं खुल सके। इससे भक्तों में निराशा और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई।

हीरानगर से आए विकास महाजन ने बताया कि वे और उनके साथी सुबह जल्दी उठकर उत्साह के साथ रजिस्ट्रेशन के लिए पहुंचे थे। उनका इरादा 3 जुलाई को पहले जत्थे के साथ बाबा बर्फानी के दर्शन करने का था। लेकिन, बैंक प्रबंधन ने बताया कि कंप्यूटर उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते पंजीकरण शुरू नहीं हो सका। उन्होंने इसे निराशाजनक बताते हुए कहा कि श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड ने 14 अप्रैल से पंजीकरण शुरू होने की घोषणा की थी, लेकिन स्थानीय स्तर पर व्यवस्था की कमी ने उनके उत्साह को ठेस पहुंचाई। इसी तरह, हीरानगर के सुमित शर्मा ने अपने साथियों के साथ पंजीकरण कराने की योजना बनाई थी। उन्होंने बताया कि उनके समूह में जम्मू और अन्य जगहों से आए भक्त भी शामिल थे। सुमित ने कहा, "हम सुबह सात बजे से तैयार होकर आए थे। लेकिन, बैंक अधिकारियों से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली। वे कह रहे हैं कि कंप्यूटर जम्मू भेज दिया गया है और ऊपर से कोई दिशा-निर्देश नहीं मिले हैं।



सुमित ने यह भी बताया कि उनके दिल्ली में रहने वाले कुछ दोस्तों ने वहां की बैंक शाखाओं से पंजीकरण करा लिया है, लेकिन कठुआ में स्थिति अनिश्चित बनी हुई है। श्रद्धालुओं ने बैंक अधिकारियों पर अस्पष्ट जानकारी देने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि पंजीकरण कब शुरू होगा, दोपहर, शाम, अगले दिन या उससे भी बाद में, इस बारे में कोई ठोस जवाब नहीं मिल रहा है। इससे लंबी दूरी तय करके आए श्रद्धालुओं का उत्साह कम हो गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और श्राइन बोर्ड से बेहतर समन्वय की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी परेशानियां न हों। हालांकि, श्रद्धालुओं ने उम्मीद जताई कि जल्द ही व्यवस्था सुधरेगी और वे बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के अनुसार, इस साल यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी और 9 अगस्त तक चलेगी। रजिस्ट्रेशन के लिए अनिवार्य स्वास्थ्य प्रमाणपत्र (सीएचसी) और आधार कार्ड जैसे दस्तावेज जरूरी हैं। बोर्ड ने देशभर में 533 बैंक शाखाओं को पंजीकरण के लिए अधिकृत किया है।

## ईडी ने गुरुग्राम की जमीन के मामले में कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से की पूछताछ

**नई दिल्ली (हि.स.)** । प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से हरियाणा के गुरुग्राम स्थित भूमि सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ की। हालांकि, वाड्रा ने एजेंसी के समन को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय ने हरियाणा के गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव की जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को समन भेजकर आज पूछताछ के लिए बुलाया था। जांच के सिलसिले में नया समन मिलने के बाद रॉबर्ट वाड्रा आज सुबह केंद्रीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए ईडी कार्यालय दो किलोमीटर पैदल गए। केंद्रीय जांच एजेंसी से पूछताछ के पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत में ईडी के समन को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। उन्होंने कहा कि पूछताछ में पहले भी ईडी के साथ घंटों बिताए हैं, हजारों पेज के जवाब साझा किए हैं, लेकिन फिर भी केंद्रीय जांच एजेंसी उनके खिलाफ मामले उठा रही है। उन्होंने कहा, 'अगर मैं देश के मुद्दों पर बोलूं, सरकार की नीतियों की आलोचना करूं या राजनीति में आने की बात करूं, तो मुझे रोकने के लिए पुरानी फाइलें निकाल ली जाती हैं।



## आज का मैच

दिल्ली कैपिटल्स Vs राजस्थान रॉयल्स

दिनांक: 16 अप्रैल बुधवार | स्थान: दिल्ली | 7:30 बजे से

## IPL 2025-अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|
| एसआरएच | 06 | 02 | 04 | 04 |
| आरसीबी | 06 | 04 | 02 | 08 |
| पीके | 05 | 03 | 02 | 06 |
| सीएसके | 06 | 01 | 05 | 02 |
| डीसी | 05 | 04 | 01 | 08 |
| एलएसजी | 06 | 04 | 02 | 08 |
| एमआइ | 06 | 02 | 04 | 04 |
| जीटी | 06 | 04 | 02 | 08 |
| केकेआर | 06 | 03 | 03 | 06 |
| आरआर | 06 | 02 | 04 | 04 |

## एक नजर

### 'मेरी पत्नी आराम करती है, मैं सारा खाना बनाता हूं' : डी कॉक



**चंडीगढ़।** पोइला बैसाख (बंगाली नव वर्ष) के उपलक्ष्य में एक शानदार पाककला क्रॉसओवर में, केकेआर के कुकिंग शो 'नाइट बाइट' में दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर क्विंटन डी कॉक और एनरिक नोर्टजे के साथ भारतीय स्टार मनीष पांडे ने पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने मुकाबले से पहले एक विशेष फ्यूजन कुकिंग सेशन में हिस्सा लिया। इस एपिसोड में क्रिकेटरों ने 'पटूरी' बनाने की कोशिश की - एक पारंपरिक बंगाली व्यंजन जिसमें मछली या झींगे को केले के पत्तों में लपेटा जाता है और ग्रिल किया जाता है - लेकिन पेरी-पेरी मैरिनेड का उपयोग करके दक्षिण अफ्रीकी ट्विस्ट के साथ।

### रविवार के डबल हेडर के बाद मैदान पर बल्ले की जांच एक नियमित मामला बन जाएगा

**नई दिल्ली।** हाल ही में आईपीएल 2025 के डबल हेडर के दौरान रविवार को कुछ दिलचस्प हुआ। मैदान पर मौजूद अंपायरों ने जयपुर और नई दिल्ली में खेले गए मैचों के दौरान एक सफेद त्रिकोण आकार का प्लास्टिक गेज निकाला और शिमरॉन हेटमायर, फिल साल्ट और हार्दिक पांड्या के बल्ले को इसके जरिए गुजारा। यह समझा जाता है कि मैचों में निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से यह जांच टूनामेंट के बाकी बचे मैचों के लिए एक नियमित मामला बन जाएगा।



# केकेआर ने पंजाब किंग्स को 111 पर समेटा

**एजेंसी। मुल्लांपुर**

हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की घातक गेंदबाजी की बदौलत कोलकाता नाईट राइडर्स ने पंजाब किंग्स को उसी के मैदान में मंगलवार को आईपीएल मुकाबले में 15.3 ओवर में मात्र 111 रन पर समेट दिया। पंजाब का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उनके लिए सही साबित नहीं हुआ। हर्षित राणा ने 25 रन पर तीन, चक्रवर्ती ने 21 रन पर दो और नारायण ने 14 रन पर दो विकेट लेकर पंजाब को ध्वस्त कर दिया। पंजाब ने हालांकि 39 रन की तेज-तर्रार शुरूआत की लेकिन ओपनिंग साझेदारी टूटने के बाद टीम ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। हर्षित राणा ने पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर को शून्य पर आउट कर घरेलू टीम को सबसे बड़ा झटका दिया। हर्षित ने पंजाब के दोनों ओपनरों को भी पवेलियन की राह दिखाई। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 15 गेंदों में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक 30 रन बनाये। प्रियांश आर्य ने 12 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 22 रन का योगदान दिया। निचले क्रम में शशांक सिंह ने 17 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 18 रन बनाये।

एक बोलिंग यूनिट के रूप में केकेआर के लिए यह प्रदर्शन, इस सीजन का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। पंजाब को अच्छी शुरूआत मिल गई थी लेकिन इसके बाद हर्षित ने एक ही ओवर में दो विकेट झटक कर, उन्हें बैकफुट पर ला दिया। उसके बाद जो भी गेंदबाज आया, उसे विकेट मिला। पंजाब की टीम पार्टनरशिप बनाने में सफल नहीं हुई। इसी कारण से वह 20 ओवर भी नहीं खेल पाए। चक्रवर्ती ने नेहाल वढेरा को दो और ग्लेन मैक्सवेल को सात रन पर निपटाया। नारायण ने सूर्यांश शेडगे और मार्को यानसन को आउट किया। जेवियर बार्टलेट 11 रन बनाकर रन आउट हुए और पंजाब की पारी 111 रन पर सिमट गई।



# श्रेयस अय्यर बने आइसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी

**दुबई।** भारत की चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कलात्मक बल्लेबाज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को मार्च महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता में सर्वाधिक 243 रन बनाए थे। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पीछे छोड़ा। अय्यर ने आईसीसी विज्ञप्ति में कहा, ह्यमार्च महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अविश्वसनीय रूप से विशेष है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। एक ऐसा क्षण जिसे मैं हमेशा अपनी यादों में संजो कर रखूंगा।' उन्होंने कहा, प्रत्येक क्रिकेटर का सपना होता है कि वह इतनी बड़ी प्रतियोगिता में भारत की जीत में योगदान दे। मैं अपने साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ का उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। प्रशंसकों को भी दिल से धन्यवाद। आपकी ऊर्जा और प्रोत्साहन हमें हर कदम पर आगे बढ़ने में मदद करते हैं।' यह लगातार दूसरा महीना है जबकि किसी भारतीय खिलाड़ी ने यह पुरस्कार हासिल किया। इससे पहले शुभमन गिल ने फरवरी महीने के लिए यह पुरस्कार जीता था।

# जॉर्जिया वोल ने जीता आइसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ' का पुरस्कार



**दुबई ।** पिछले वर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को मार्च महीने के लिए आईसीसी महिला ह्यप्लेयर ऑफ द मंथ' खिताब से नवाजा गया हैं। वोल ने हमवतन एनाबेल सदरलैंड और अमेरिका की चेतना प्रसाद को पछाड़ कर यह पुरस्कार जीता है। 21 वर्षीय वोल ने मार्च में व्हाइट फर्न्स पर ऑस्ट्रेलिया की 3-0 की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

वोल ने दूसरे छोर पर अनुभवी बेथ मूनी के साथ मिलकर आत्मविश्वास के साथ शुरूआत की। वोल ने पहले मैच में 31 गेंदों पर 50 रन, दूसरे टी-20 में 20 गेंदों पर 36 रन और अंतिम मैच में 57 गेंदों पर 75 रन बनाये थे। यह लगातार चौथी बार है जब ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने यह मासिक पुरस्कार जीता है। दिसंबर 2024 में एनाबेल सदरलैंड ने, उसके बाद जनवरी में बेथ मूनी और फरवरी में एलन किंग यह पुरस्कार जीता। मार्च महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर वोल ने कहा, ह्ययह पुरस्कार जीतना निश्चित रूप से मेरे और टीम के लिए एक अविश्वसनीय है। न्यूजीलैंड जाकर विश्व चैंपियन के खिलाफ टी-20 सीरीज जीतना सीजन को खत्म करने का सबसे अच्छा तरीका था।

# जीत आत्मविश्वास को बढ़ावा देगी : धोनी



**एजेंसी**

**लखनऊ।** चेन्नई सुपर किंग्स ने लगातार पांच मैचों से हार का सिलसिला खत्म किया और कई बार की तरह कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने शिवम दुबे की दमदार पारी के साथ प्लेयर ऑफ द मैच का प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट से जीत दर्ज की। सीएसके वर्तमान में आईपीएल 2025 अंक तालिका में सबसे नीचे है, जिसने रात में अपना दूसरा मैच जीता। धोनी ने स्वीकार किया कि चीजें कठिन रही हैं और उम्मीद है कि जीत आत्मविश्वास को बढ़ावा देगी।

मैच जीतना अच्छा है। जब आप इस तरह का टूनामेंट खेलते हैं, तो आप मैच जीतना चाहते हैं। दुर्भाग्य से (पहले के) मैच किसी भी कारण से हमारे पक्ष में नहीं गए। इसके कई कारण हो सकते हैं। हमारे पक्ष में जीत होना अच्छा है। इससे पूरी टीम को आत्मविश्वास मिलता है और हमें उन क्षेत्रों में सुधार करने में मदद मिलती है, जिनमें हम सुधार करना चाहते हैं।"

धोनी ने मैच के बाद दिए इंटरव्यू में कहा, हम सभी जानते थे कि जब क्रिकेट में कुछ आपके पक्ष में नहीं आता है, तो भगवान इसे बहुत कठिन बना देता है, और यह एक कठिन मैच था। अगर आप पावरप्ले देखें, चाहे वह संयोजन हो या परिस्थितियां, हम गेंद से संघर्ष कर रहे थे। और फिर हम बल्लेबाजी इकाई के रूप में वह शुरूआत नहीं कर पाए, जो हम चाहते थे। धोनी ने 11 गेंदों पर नाबाद 26 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच सम्मान अर्जित किया, जबकि दुबे ने दबाव को झेला और शुरूआत में ही मैच में बंध जाने के बावजूद 19वें ओवर में उन्होंने शार्दुल ठाकुर की धज्जियां उड़ा दीं। एक गाइडेड चौका, एक फुल-टॉस को स्टैंड में भेजा गया और एक नो-बॉल ने सीएसके को 19 रन दिए, जिससे आखिरी ओवर में सिर्फ 4 रन की जरूरत रह गई। दुबे 37 गेंदों पर 43 रन बनाकर नाबाद रहे और उन्होंने आवेश खान की गेंद पर विजयी चौका लगाया। बाएं हाथ के मध्यक्रम के बल्लेबाज ने उस दिन अपने दृष्टिकोण का खुलासा किया, जब उन्होंने गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाने से पहले अपना समय लिया। उन्होंने कहा, यह बहुत मायने रखता है, लगातार 5 मैच हारना सीएसके के लिए नहीं है, हमारे गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की और आज मैं अंत तक टिकना चाहता था और मैंने सोचा कि मैं मैच को खत्म करना चाहता हूं और मुझे लगा कि बीच में कुछ विकेट खोने के बाद मैच को बहुत गहराई तक ले जाने का यही समय है। यह मानसिकता के बारे में नहीं है और यह स्थिति के अनुसार खेलने के बारे में है, यही कारण है कि मुझे लगा कि आक्रमण करने के बजाय मैच को गहराई तक ले जाना बेहतर विकल्प था।

# भारत 11 साल बाद बांग्लादेश में खेलेगा सफेद गेंद की सीरीज

## बीसीबी ने जारी किया पूरा शेड्यूल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत 17 से 31 अगस्त तक मीरपुर और चटगांव में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की सफेद गेंद की सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (इउइ) ने मंगलवार को कार्यक्रम की घोषणा की। भारतीय टीम 17 अगस्त को मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में वनडे सीरीज के पहले मैच से पूर्व 13 अगस्त को ढाका पहुचेगी।

दूसरा वनडे 20 अगस्त को मीरपुर में खेला जाएगा। तीसरा और अंतिम वनडे चटगांव में खेला जाएगा, जहां 26 अगस्त को तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच भी खेला जाएगा। दूसरे और तीसरे टी20 के लिए मैच मीरपुर में ही खेले जाएंगे। यह 2014 के बाद से भारत का बांग्लादेश का पहला सफेद गेंद वाला दौरा होगा। इसके अलावा टी20 सीरीज पहली बार होगी जब बांग्लादेश अपने घर में द्विपक्षीय सीरीज में भारत की मेजबानी करेगा।

**भारत के बांग्लादेश दौरे का कार्यक्रम**

**वनडे सीरीज :**
पहला वनडे - 17 अगस्त, मीरपुर
दूसरा वनडे - 20 अगस्त, मीरपुर
तीसरा वनडे - 23 अगस्त, चटगांव

**टी20आई सीरीज :**
पहला टी20 - 26 अगस्त, चटगांव
दूसरा टी20 - 29 अगस्त, मीरपुर
तीसरा टी20 - 31 अगस्त, मीरपुर



## व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारतीय शेयर बाजार में तूफानी तेजी सेंसेक्स 1,578 अंक चढ़कर बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,578 अंक या 2.10 प्रतिशत बढ़कर 76,734 और निफ्टी 500 अंक या 2.19 प्रतिशत बढ़कर 23,328 पर था। बाजार में तेजी की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ (चीन को छोड़कर) हटाने को माना जा रहा है, जिससे बाजार के सेंटीमेंट में सुधार हुआ है। लार्जकैप के साथ के मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,472 अंक या 2.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,974 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 483 अंक या 3.08 प्रतिशत बढ़कर 16,179 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मेटल, प्राइवेट बैंक और मीडिया सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड में रिसर्च के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, अजीत मिश्रा ने कहा कि शेयर बाजार ने हफ्ते की शुरूआत मजबूत 2 प्रतिशत की तेजी के साथ की है। इस तेजी में सभी सेक्टरों ने योगदान दिया।

### टैरिफ वार से आई गिरावट निवेशकों के लिए मौका, लंबी अवधि में मिलेगा अच्छा रिटर्न : एक्सपर्ट

**नई दिल्ली।** अमेरिकी रेसिप्रोकल टैरिफ के चलते शेयर बाजार में आई गिरावट निवेशकों के लिए एक मौका है और ऐसे समय पर लंबी अवधि का नजरिया रखते हुए निवेश करने से अच्छा रिटर्न मिल सकता है। यह बयान स्टॉक मार्केट एक्सपर्ट की ओर से मंगलवार को दिया गया। स्टॉक मार्केट एक्सपर्ट एपी शुक्ला ने एजेंसी से बातचीत करते हुए कहा, बाजार में ऐसे अवसर काफी कम मिलते हैं। गिरावट का फायदा उठाते हुए निवेशकों को उन शेयरों में निवेश करना चाहिए, जिनमें वे पहले से निवेश करना चाहते थे, क्योंकि यही वह समय होता है जब आप अपनी पसंदीदा शेयर को 5-10 प्रतिशत कम दाम पर खरीद सकते हैं। शेयर बाजार में तेजी पर शुक्ला ने आगे कहा, हमारा शुरू से ही मानना था कि अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड वार का फायदा सीधे तौर पर भारत को मिलेगा।

# भारत में 2026 तक बनने वाले 70 प्रतिशत मॉल 'ए प्लस' कैटेगरी के होंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मुंबई।** भारत के रिटेल रियल एस्टेट सेक्टर में बड़ा बदलाव हो रहा है और 2025 एवं 2026 तक बनने वाले 12.3 मिलियन वर्ग फुट नए ग्रेड ए मॉल स्पेस में से 70 प्रतिशत से अधिक सुपीरियर ग्रेड (ए प्लस) के होंगे। यह जानकारी मंगलवार को जारी रिपोर्ट में दी गई।

कुशमैन एंड वेकफील्ड की नई रिपोर्ट के अनुसार, यह बदलाव बढ़ती उपभोक्ता आकांक्षाओं, अधिक खर्च और ब्रांडों एवं डेवलपर्स दोनों की रणनीति में बदलाव के कारण हो रहा है।

रिपोर्ट में बताया गया कि यह नए मॉल बेहतर गुणवत्ता, सेवा और अनुभव प्रदान करेंगे, जो स्पेस के विस्तार करने से लेकर स्टैंडर्ड अपग्रेड होने तक के बदलाव को दशाएंगे।

कुशमैन एंड वेकफील्ड के एग्जीक्यूटिव



मैनेजिंग डायरेक्टर, सौरभ शतदल ने कहा कि भारत का रिटेल सेक्टर तेजी से बदल रहा है और उपभोक्ताओं की अपेक्षाएं भी बढ़ रही हैं।

उन्होंने आगे कहा, आज के खरीदार सोच-समझकर डिजाइन की गई जगहों की तलाश कर रहे हैं और खरीदारी का अनुभव प्रोडक्ट जितना ही महत्वपूर्ण हो गया है। ब्यूटी, वेलनेस, फूड और बेवरेज और एथलीजर जैसी टॉप परफॉर्मेंस कैटेगरी भारतीय रिटेल सेक्टर के इस नए फेस को आकार देने में मदद कर रही हैं। सुपीरियर ग्रेड मॉल, जो आमतौर पर जाने-माने डेवलपर्स या संस्थागत निवेशकों के अधीन होते हैं और अपनी हाई ऑक्यूपेंसी रेट (85 प्रतिशत से अधिक), प्रीमियम ब्रांड मिक्स और रिच कस्टमर सर्विसेज के लिए जाने जाते हैं।

मौजूदा समय में, भारत में 61.5 मिलियन स्क्वायर फीट ग्रेड ए मॉल स्पेस हैं, जिसमें से 63 प्रतिशत सुपीरियर ग्रेड के हैं। इन मॉलों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है, 2019 से औसत किराए में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मौजूदा समय में इन मॉलों में किराया औसतन 315 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह है।

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में दो फीसदी बढ़ी : सियाम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर दो फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 43 लाख इकाइयों के पार पहुंच गई। यात्री वाहनों की कुल बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की हिस्सेदारी 65 फीसदी रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 60 फीसदी थी।। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह 42,18,750 इकाई रही थी।

उद्योग निकाय सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 11 फीसदी बढ़कर 27,97,229 इकाई पर पहुंच गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 25,20,691 इकाई थी। इसकी तुलना में यात्री कारों की बिक्री में 13 फीसदी की गिरावट देखी गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की 15,48,947 इकाई से घटकर 13,53,287 इकाई रह गई। सियाम ने कहा कि यात्री वाहन खंड ने भी वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक का सबसे अधिक 7.7 लाख इकाई का निर्यात दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में यह 15 फीसदी की वृद्धि को दशार्ता है। निर्यात में वृद्धि देश में निर्मित होने वाले वैश्विक मॉडल की मांग से प्रेरित रही।

उद्योग निकाय के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री नौ फीसदी बढ़कर 1,96,07,332 इकाई रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1,79,74,365 इकाई थी।

### अमेरिकन टेक फर्म यूएसटी ने भारत में किया विस्तार

**बेंगलुरु।** डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अमेरिकी कंपनी यूएसटी ने मंगलवार को कहा कि कंपनी ने बेंगलुरु में नया ऑफिस खोला है। इह शहर में कंपनी का चौथा ऑफिस है, जिसमें 300 लोगों के बैठने की क्षमता है। यूएसटी ने 2012 में बेंगलुरु में अपना परिचालन शुरू किया था और वर्तमान में यह शहर इसका दूसरा सबसे बड़ा ग्लोबल डिलीवरी सेंटर है, जिसमें 6,500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जो सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य सेवा, टेक्नोलॉजी, लॉजिस्टिक्स, हाई-टेक, रिटेल और बीएफएसआई में नए समाधान प्रदान करते हैं। बेंगलुरु के सेंटर हेड, किरणकुमार डोरस्वामी ने कहा, नई सुविधा का उद्घाटन भारत में यूएसटी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# थोक महंगाई दर मार्च में चार माह के निचले स्तर 2.05 फीसदी पर आई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर राहत देने वाली खबर है। मार्च महीने में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर घटकर 2.05 फीसदी पर आ गई है। इससे पहले नवंबर में थोक महंगाई 1.89 फीसदी रही थी, जबकि फरवरी में यह 2.38 फीसदी पर थी। यह 4 महीने का निचला स्तर है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि रोजाना की जरूरत के सामान की कीमतों के घटने से थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज हुई है। डब्ल्यूपीआई पर महंगाई मार्च में घटकर 2.05 फीसदी रही है। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें वृद्धि हुई है।

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में दो फीसदी बढ़ी : सियाम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर दो फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 43 लाख इकाइयों के पार पहुंच गई। यात्री वाहनों की कुल बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की हिस्सेदारी 65 फीसदी रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 60 फीसदी थी।। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह 42,18,750 इकाई रही थी।

उद्योग निकाय सोसायटी ऑफ इंडियन



ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 11 फीसदी बढ़कर 27,97,229 इकाई पर पहुंच गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 25,20,691 इकाई थी। इसकी तुलना में यात्री कारों की बिक्री में 13 फीसदी की गिरावट देखी गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की 15,48,947 इकाई से घटकर 13,53,287 इकाई रह गई। सियाम ने कहा कि यात्री वाहन खंड ने भी वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक का सबसे अधिक 7.7 लाख इकाई का निर्यात दर्ज किया है।

# अंबेडकर की प्रतिमा चोरी होने पर भड़के लोग, सड़क जाम कर प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के खरारपर गांव के स्वास्थ्य उपकेंद्र के समीप भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की लगाई गई प्रतिमा को सोमवार रात्रि में उखाड़ कर असामाजिक तत्वों की ओर से चुरा ले जाने पर स्थानीय लोग मंगलवार की सुबह भड़क गए। निर्धारित जगह पर प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। तीन घंटे तक जपला-छतरपुर मुख्य मार्ग को जाम रखा गया। सूचना मिलने पर हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, बीडीओ सुनील वर्मा जाम स्थल पर पहुंचे और किसी तरह लोगों को समझा कर जाम हटाया। जाम कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गयी थी।

बताया जाता है सोमवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के दिन मूर्ति स्थापित करने के दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने उक्त भूमि पर विवाद किया था। प्रशासन ने पहुंच कर मामले को शांत कराया था। रात्रि में अंबेडकर की मूर्ति संबंधित जगह से गायब हो गई।

सड़क जाम कर रहे लोगों ने मांग की है कि भीमराव की प्रतिमा के चुराने वालों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए। प्रशासन भीम राव की प्रतिमा को उसी स्थान पर तत्काल स्थापित करे और हुसैनाबाद सीओ भूमि को बताये कि किसकी है। जानकारी मिल रही है कि लोगों के जरिए नामजद आवेदन दिया गया है।

हुसैनाबाद के थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि जिस जगह पर प्रतिमा लगाने की बात कही जा रही है, वह सरकारी भूमि है। सोमवार को अंबेडकर जयंती पर वहां प्रतिमा स्थापित करने की कोशिश की गई थी। विवाद होने पर मामले को शांत कराया गया था। ग्रामीणों से जानने की कोशिश की गई थी कि उन्होंने प्रतिमा लगाने से संबंधित अनुमति अंचलाधिकारी से मांगी है या नहीं। ग्रामीणों ने अनुमति नहीं लेने की बात कही थी। ग्रामीणों को बताया गया था कि बिना अनुमति प्रतिमा नहीं लगाना है। इसी बीच रात्रि में प्रतिमा चोरी हो गई। मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# बहन की शादी के बहाने कैमरा बुक कर लूटपाट करने वाले चार गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू (हि.स.)।** बहन की शादी में वीडियो-फोटो कैमरा बुक करने के बहाने बुलाकर लूटपाट करने वाले चार लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से लूटे गए वीडियो-फोटो कैमरा, आइफोन और कार बरामद की गयी है। चारों आरोपित तरहसी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। मंगलवार को पांकी थाना में जानकारी दी गई।

पांकी अंचल क्षेत्र की पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो ने बताया कि पांकी के मनोज कुमार से पांकी-बालूमाथ मार्ग पर कारीमाटी में उपरोक्त सामान लूट मामले में 14 अप्रैल को मामला दर्ज कराया गया था। कार्रवाई करते हुए तरहसी



थाना क्षेत्र के चार युवकों को गिरफ्तार किया गया और लूट गए सामान बरामद किए गए। घटना 13 अप्रैल को हुई थी। वीडियो फोटो कैमरा बुक करने के बहाने बुलाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि कैमरा बुक करने के लिए 500 रूपए एडवांस कर चंदवा बुलाया गया था। चंदवा जाने के क्रम में घटना को अंजाम दिया गया। मामला दर्ज होते ही टीम गठित की गयी एवं 24 घंटे में सफलता प्राप्त की गयी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में सुशील कुमार यादव, चुन्नू कुमार यादव, राहुल कुमार और राजन कुमार सिंह शामिल हैं। कार्रवाई टीम में पांकी के थाना प्रभारी राजेश रंजन, पुलिस अवर निरीक्षक संतोष गिरी, ददन राम गोंड और जवान शामिल थे।

# तालाब में डूबने से 4 बच्चों की मौत, मचा कोहराम



**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू (हि.स.)।** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले में मंगलवार को एक फिर बड़ी दुर्घटना हो गयी। सदर थाना क्षेत्र के उड़सुगी में तालाब में नहाने गए आठ बच्चों में से चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर की है। पुलिस ने सभी बच्चों के शव को तालाब से बाहर निकलवाकर सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है।

जानकारी के अनुसार उड़सुगी में चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के लिए गांव के आठ बच्चे पास के एक गड्ढानुमा तालाब में नहाने गए थे। किसी अज्ञात व्यक्ति की ओर से खोदे गए गहरे गड्ढे में पानी भरा हुआ था। उसी में नहाने के दौरान चारों बच्चे डूब गए।

मृतकों में तीसरी कक्षा का छात्र लक्की कुमार (8), पांचवीं कक्षा का छात्र अक्षय कुमार (12), छठी कक्षा का छात्र हरिओम चंद्रवंशी (13) और नौवीं क्लास का छात्र नारायण चंद्रवंशी (16) शामिल है। हरिओम और नारायण चंद्रवंशी दोनों सगे भाई थे। वो बाबूलाल चंद्रवंशी के बेटे थे। बाबूलाल की शादी के 15 साल बाद काफी मन्नत के बाद दोनों बच्चों का जन्म हुआ था। वहीं, लक्की कुमार और अक्षय कुमार, बाबूलाल के भाई के नाती थे।

घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। माता-पिता ग्रामीण सभी बदहवास होकर दौड़ पड़े। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से चारों शवों को बाहर निकाला और सदर अस्पताल भेजा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

परिजनों ने कहा कि गांव में किसी के जरिए वन विभाग की जमीन पर दो से तीन सौ फीट गड्ढा खोद कर ऐसे ही छोड़ दिया है, जिसमें जमा पानी में बच्चे नहाने गए थे और मौत हो गई।

# लातेहार में दो नक्सलियों ने किया पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार (हि.स.)।** भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के दो सक्रिय नक्सली अमरजीत बृजिया और मिथिलेश कोरबा ने मंगलवार को लातेहार पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों नक्सली छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के रहने वाले हैं। दोनों लातेहार जिले के बूढ़ा पहाड़ सहित अन्य इलाके में सक्रिय थे।

एसपी कुमार गौरव और सीआरपीएफ कमांडेंट यादराम बुनकर ने नक्सलियों को पुलिस अधीक्षक के सभागार में आयोजित समारोह में माला पहनाकर स्वागत किया।

इस सम्बंध में एसपी कुमार गौरव ने बताया कि अमरजीत बृजिया और मिथिलेश कोरबा नक्सली कमांडर छोटू खरवार के दस्ते में सक्रिय था। उन्होंने कहा कि इन दोनों के खिलाफ




लातेहार जिले के छिपादोहर थाना में नक्सली हिंसा के मामले दर्ज थे। पुलिस को इनकी कई दिनों से तलाश थी। एसपी ने बताया कि पुलिस के द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के कारण नक्सली काफी कमजोर हो गए हैं। इससे अमरजीत और मिथिलेश ने पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण करने की योजना बनाई। झारखंड सरकार के आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर दोनों ने मंगलवार को आत्मसमर्पण कर दिया।

एसपी जिले में सक्रिय अन्य नक्सलियों को भी चेतावनी देते हुए कहा है कि नक्सलियों के पास अब अंतिम मौका बचा है।

नक्सली या तो आत्मसमर्पण करें नहीं तो पुलिस उनका खात्मा कर देगी। मौके पर सीआरपीएफ कमांडेंट यादराम बुनकर ने भी नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा कि नक्सलियों का यह अंतिम वर्ष चल रहा है। नक्सलियों के पास दो ही विकल्प हैं या तो पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण करें ,या फिर पुलिस के गोली का शिकार बने।

# पोषण माह जागरुकता का है सशक्त कदम : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पोषण माह के जारी कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जलसहिया व संबधित मुखिया से बीडीओ विश्व प्रताप मालवा नेस्वच्छता अभियान के प्रगित की जानकारी ली। इस क्रम में एसबीएम एचके दयानिधि व जलसहिया गायत्री देवी की उपस्थिति में प्रावि विद्यालय गोल्हना में बच्चों के बीच स्वच्छता व स्वास्थ्य पर कई सवाल का जवाब भी मांगे गए। उन्होंने बच्चों को किसी भी काम को करने के बाद नियमित साबुन से हाथ धोने को प्रेरित कर कहा कि मध्याह्न भोजन ग्रहण करने से पूर्व और शौच से आने के बाद यह कार्य निश्चित कर लें। इससे कई बीमारियों से बचने के साथ ही स्वस्थ पोषण और स्वच्छ परिवेश का लाभ मिल सकेगा। इस पर बच्चों ने भी बढ़ - चढ़कर उनकी बातों को व्यवहार में लाने का संकल्प लिया। जलसहिया गायत्री देवी ने बताया कि यह पहल पोषण माह तक ही सीमित नहीं, बल्कि इसे नियमित जारी रखा जायेगा। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को घर में भी स्वच्छता के प्रति अभ्यास कराने का आग्रह किया। उधर मोकहर कला में एक सप्ताह तक चली सफाई अभियान का जाएजा मुखिया नाजमा खातून के साथ लेने के बद कहा कि यह पहल केवल बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को बेहतर बनाने की ही नहीं, बल्कि ग्राम स्तर पर पोषण जागरुकता अभियान का सशक्त कदम है।

# सांसद की पहल पर पलामू एक्सप्रेस की समय सारिणी बदली

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** अप पलामू एक्सप्रेस की समय सारणी में परिवर्तन की खबर है। बताया गया कि सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या-13347/13348 का बरकाकाना से पटना वाया डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रात्रि 10:05 में आगमन एवं 10:10 में प्रस्थान का समय तय कर दिया गया है। इसी अनुसार इस एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज वाले अन्य स्टेशनों पर बदले हुए समय में इसका आगमन और प्रस्थान होगा। इससे पहले उक्त ट्रेन का डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रात्रि 12:30 बजे आगमन एवं 12:35 में प्रस्थान होने से विशेषकर पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को पटना के लिए आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि उक्त मामले को लगातार रेल मंडल संसदीय सलाहकार समिति की बैठकों एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर एवं व्यक्तिगत रूप से मिलकर सांसद ने पलामू एक्सप्रेस ट्रेन का समय सारणी में परिवर्तन करने का अनुरोध किया था। नतीजतन, उक्त ट्रेन की समय सारणी में परिवर्तन के बाबत रेलवे बोर्ड ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। उक्त ट्रेन की समय सारणी में परिवर्तन करने की मांग लगातार की जा रही थी। इस परिवर्तित समय में अब पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को डालटनगंज से पटना आवागमन सुगम हो जाएगा। रेल उपभोक्ताओं ने इस खबर के प्रति खुशी जताते हुए इसके लिए पीएम, रेल मंत्री और सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# अनियंत्रित टोटो ऑटो ने बच्चे को मारी टक्कर, मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू (हि.स.)।** पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के जगतपुरवा मोड़ के समीप में मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। सब्जी एवं यात्रियों लेकर ओवरलोड जा रहे एक टोटो ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग पांच फीट नीचे उतर गया और घर के बाहर खेल रहे एक बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना उस समय हुई जब पांच वर्षीय रोहित कुमार अपने घर के बाहर खेल रहा था। अचानक तेज रफ्तार से आ रहे टोटो ऑटो चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सीधे नीचे उतरते हुए रोहित को टक्कर मारते हुए दीवार से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल बालक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती



कराया। वहां से रेफर किए जाने पर बच्चे को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच ले जाया गया, जहां उसे मृत्यु घोषित कर दिया गया। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने ऑटो को जब्त कर लिया है और चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि एफआइआर दर्ज नहीं हुई है। चालक हिरासत में है। उसकी पहचान लेस्लीगंज के पथरही गांव के दयानंद कुमार के रूप में हुई है।

### जिला परिषद मद से बनीं दुकानों के बीच लगा कूड़े का अंबार

# राज्य निर्माण के समय बनी दुकानों का आवंटित नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राज्य के प्रथम पंचायती राज के गठन के साथ इसी के कार्यकाल में स्थानीय रविवारीय साप्ताहिक बाजार के समीप पलामू जिला परिषद मद से उसी की भूमि पर बनीं दुकानों के बीच की खाली जगह का इस्तेमाल अब कूड़ेदान के रूप में किया जाने लगा है। इससे कूड़े का अंबार लग गया है। वैसे, भी बताया जाता है कि अबतक 6 दुकानों को ही आवंटित किया जा सका है। जबकि मार्केट कॉम्प्लेक्स के रूप में कुल 32 दुकानों का निर्माण किया गया था। लोगों का कहना है कि शटर बंद इन दुकानों का उपयोग नहीं होने और रखरखाव के अभाव में इनकी हालत भी जर्जर होती जा रही है। जबकि इनको आवंटित करने से साप्ताहिक और दैनिक बाजारों में सड़कों के किनारों पर दुकानों के लगाने से फैली अव्यवस्था को दूर किया जा सकता था।



लोगों का कहना है कि इन दुकानों के सटे ही पंचायती राज के दूसरे कार्यकाल में बने बस पड़ाव पर वाहनों का ठहराव शुरू करा देने से इनकी भी उपयोगिता साबित हो सकती है। साथ ही इसके कैंपस को कूड़ेदान बनने से बचाया जा सकता है। ऐसा हो जाता है, तो कादलकुर्मी-जपला मुख्य मार्ग पर स्थित यह पूरा क्षेत्र सदा के लिए एक बड़े बाजार के रूप में भी विकसित हो सकता है। मगर अबतक इन दो बंद और बेकार पड़े महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठान को चालू करने की दिशा में इनकी स्थिति के सूर्खियों में बने रहने के बाद भी सुधि नहीं ली जा रही है। इसका लोगों को मलाल है।

### जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

# निदान को लेकर दिए कई दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एकझएक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

बरियातू प्रखंड के निवासी सागर कुमार ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का लाभ प्रदान करने की मांग रखी।आवेदन को संज्ञान में लेते



हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

जन शिकायत निवारण में कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण, सड़क निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान, सुखाड़ की राशि भुगतान, आबुआ आवास, कस्तुरबा में नामांकन से संबधित, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

# नागरिकों का समस्या का समाधान करना ही हमारी पहली प्राथमिकता है : डीएसपी




**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज 16 अप्रैल को बालूमाथ थाना परिसर में आयोजित किया जायेगा। जिसका जानकारी देते हुए बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी ने बताया कि आम नागरिकों के शिकायतों का त्वरित व प्रभावी निवारण हेतु झारखंड पुलिस के द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि बालूमाथ पुलिस अनुमंडल थाना में इसका आयोजन होगा। जिसमें बालुमाथ, हेरहंज व बारियातू थाना क्षेत्र के ग्रामीणो की समस्याओ का निवारण किया जायेगा। मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी पर भी अपनी शिकायत दर्ज किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में नागरिकों से प्राप्त लिखित एवं मौखिक समस्या या शिकायत पर लातेहार जिला के प्रखंड कार्यालय व थाना व शाखा के पदाधिकारियो के द्वारा शिकायतो का समाधान किया जायेगा। कार्यक्रम मे प्रखंड के प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी भाग लेगें। बतलाया कि आम लोगो की समस्याओ का समाधान करना ही पुलिस की पहली प्राथमिकता है। वहीं इस कार्यक्रम में बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के आम आवाम से बालूमाथ पुलिस प्रशासन ने आग्रह करते हुवे कहा कि थाना में पहुंचकर अपनी समस्या या शिकायत अवश्य दर्ज कराएं। बता दे कि पहले भी इस तरह का पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन हो चुका है।

# जलसहियाओं की सक्रियता से पोषण और स्वच्छता का माहौल बना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा (8-22 अप्रैल) में पोषण व स्वच्छता अभियान को लेकर विभिन्न गांवों की जलसहियाओं की सरकारी दायित्व के प्रति उनकी सक्रियता और महिलाओं व बच्चों की इसके प्रति सामाजिक सजगता से उनके संयुक्त प्रयास से इसको लेकर गांवों में माहौल बन गया है। इसमें उनकी प्रेरणा से संतुलित आहार ग्रहण करने के प्रति भी लोगों में जागरूकता पैदा हो गई है। इस दिशा में ब्लॉक वाश कॉडिनेटर प्रेमतोष पांडेय का मार्गदर्शन कारगर साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा में भजनियां की शकुंतला देवी के साथ ही पंसा पंचायत के रानीदेवा में जलसहिया पूनम देवी और अधौरा में शारदा देवी के अलावा किरण कुमारी मोहम्मदगंज, मीना देवी गजरही, पूनम देवी पंचपोखरी, प्रतिमा देवी गंगापुर लंकासुर और माली गांव की जलसहिया मंजू देवी स्वच्छता और



पोषण संबंधित विभिन्न कार्यक्रम को लेकर दायित्व के प्रति सक्रिय और समर्पित नजर आईं हैं। उन्होंने बच्चों, किशोरियों और महिलाओं को टीका लेने के प्रति सजग रहने के साथ ही उन्हें संतुलित आहार ग्रहण करने के प्रति जागरूक और प्रेरित किया है। इसमें उन्होंने शरीर को स्वस्थ एवं क्रियाशील रखने के लिए पोषक तत्वों की सही मात्रा व संयोजन के साथ सेवन करने की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पोषक तत्व रासायनिक पदार्थ हैं, जो संतुलित आहार से मिलते हैं। जिससे रोग के जोखिम को कम किया जा सकता है।संतुलित आहार एक ऐसा आहार है, जो समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है। जिसमें कार्बन, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज और फाइबर युक्त भोजन शामिल हैं। यह ताजे फलों, सब्जियों, मांस, मछली, नट्स, बीन्स, और डेयरी जैसे खाद्य पदार्थों में मौजूद हैं। इनमें मौजूद लाभकारी पोषक तत्व स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित होते हैं। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत हाथ की नियमानुसार नियमित धुलाई के तरीके बताते हुए आस पास के वातावरण व चापानल समेत अन्य जलस्त्रोतों की सफाई व्यवस्था खासकर, स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों पर इसके प्रति विशेष ध्यान रखने को लेकर संबंधित जलसहिया प्रेरित करती आ रही हैं। उन्होंने बताया कि चालू सप्ताह में भी मंगलवार को शेड्यूल के हिसाब से जलसहिया मंजू देवी (माली-लटपौरी), मोहम्मदगंज पंचायत की जलसहिया किरण कुमारी (शीलापर), पंसा पंचायत के रानीदेवा की जलसहिया पूनम देवी, भजनियां पंचायत के करडंडा व पिपराबांध की जल सहिया कविता देवी, किरण देवी, गोड़ाडीह पंचायत के बटौवा की जलसहिया अनीता देवी और गंगापुर लंकासुर की प्रतिमा देवी ने इस अभियान के तहत स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों की साफ-सफाई करते कराते हुए बच्चों और महिलाओं को इस दिशा में प्रेरित किया है। इस प्रकार गांवों में पोषण व स्वच्छता को लेकर जागृति पैदा हो गई है।

## पेज एक के शेष

### ईडी ने राहुल...

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिग्गज कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने वाला बताया। उन्होंने ह्यएक्सह्ल पर लिखा, मोदी सरकार की एजेंसी ईडी द्वारा कांग्रेस पार्टी और नेशनल हेराल्ड की 661 करोड़ रुपए की संपत्तियों को कब्जे में लेने की कार्रवाई लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास है। भाजपा सरकार की मंशा है कि ऐसे प्रयासों से वह धीरे-धीरे कांग्रेस को आर्थिक रूप से अक्षम बना दे। लोकसभा चुनाव से पहले आयकर विभाग के जरिए कांग्रेस के बैंक खातों को सील कर ऐसा प्रयास किया गया था। पहले आईटी और अब ईडी की यह कार्रवाई निंदनीय है। उन्होंने लिखा, नेशनल हेराल्ड केस को अब पांच साल से भी अधिक का समय हो गया है। ईडी कांग्रेस के खिलाफ तो गैर-कानूनी रूप से कार्रवाई कर रही है, वहीं भाजपा को मिले इलेक्टोरल बांड्स में साफ तौर पर कंपनियों से अवैध वसूली के सबूत मिले, परंतु ईडी ने किसी भाजपा नेता को एक नोटिस तक नहीं दिया। इसी प्रकार रॉबर्ट वाड्रा को बार-बार पूछताछ के लिए बुलाकर मीडिया ट्रायल किया जा रहा है। कांग्रेस एक जन आंदोलन की पार्टी है। ऐसी कार्रवाइयों से भाजपा सरकार और ईडी हमारे मनोबल को नहीं तोड़ सकती। ज्ञात हो कि नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र की स्थापना 1938 में जवाहरलाल नेहरू ने की थी। इस समाचार पत्र को एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) द्वारा प्रकाशित किया जाता था। वर्ष 2008 में वित्तीय संकट के बाद इसे बंद करना पड़ा और वहां से इस विवाद की शुरूआत हुई। वर्ष 2010 में यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएल) नाम की कंपनी बनी, जिसमें सोनिया और राहुल गांधी की 38-38 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने वर्ष 2012 में आरोप लगाया था कि यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने एजेएल की 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियों को मात्र 50 लाख रुपए में हासिल किया। उन्होंने धोखाधड़ी और मनी लांड्रिंग का भी आरोप लगाया। मामला अदालत में भी गया और बाद में ईडी ने इसकी जांच शुरू की।

# जापान के राजदूत ने की बिहार के लिट्टी-चोखा की तारीफ, लिखा -'गजब स्वाद बा'

**पटना (हि.स.)**

बिहार के लिट्टी-चोखा का स्वाद विदेशियों को भी भाने लगा है। भारत में जापान के राजदूत केइची ओनो भी लिट्टी-चोखा के स्वाद के मुरीद हो गये हैं। दरअसल, बिहार दौरे पर आए भारत में जापान के राजदूत केइची ओनो को स्थानीय खानपान से जुड़ी थाली परोसी गई। इसमें लिट्टी-चोखा के अलावा लौंगलता, रसिया, मट्ठा, भात, बजका-कचरी के अलावा अन्य व्यंजन थे। ये सभी व्यंजन बिहार के खानपान से जुड़ी संस्कृति की पहचान हैं। केइची ओनो को इनका स्वाद चखाया गया। उन्होंने लिट्टी-चोखा की जोरदार तारीफ की। राजदूत केइची ओनो लिट्टी-चोखा खाते ही बोल उठे- 'गजब स्वाद बा'। उन्होंने बिहार के व्यंजनों से सजी थाली की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की है जिसमें लिखा है- 'नमस्ते बिहार! अंततः विश्व प्रसिद्ध लिट्टी-चोखा खाने का मौका मिला 'गजब स्वाद बा।' बिहारी व्यंजनों को चखने का उनका यह अनुभव अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।



## केइची ओनो बोधगया आए थे

जापान के राजदूत ओनो पिछले सप्ताह बोधगया आये थे। उनके साथ पूरा प्रतिनिधिमंडल था जिसमें जापान टूरिज्म एजेंसी के कमिश्नर नाओया हराइकावा और जापान एंबेसी के सेकंड सेक्रेटरी यूरता साइटो के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। वहां उन्होंने महाबोधि मंदिर परिसर स्थित विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया था और बोधिवृक्ष के नीचे बैठकर ध्यान भी लगाया था। पोस्ट में बिहार दौरे के बारे में बताया एक अन्य पोस्ट में उन्होंने अपने बिहार दौरे के बारे में लिखा कि जापान टूरिज्म एजेंसी के कमिश्नर के साथ जापान सरकार द्वारा वित्त पोषित बिहार नेशनल हाईवे इंम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट का दौरा किया। इस परियोजना से बिहार में यात्रा करने में समय की बहुत बचत होगी। इसके साथ ही इसका आर्थिक और पर्यटन को बढ़ावा देने में काफी योगदान देगा। पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे भी कर चुके हैं तारीफइसके पहले जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे भी लिट्टी-चोखा के स्वाद के मुरीद हो चुके हैं। अपनी भारत यात्रा के दौरान उन्होंने इस पारंपरिक भोजन का आनंद लिया था और इसकी सादगी और स्वाद की प्रशंसा की थी।

# जीवन मूल्यों पर आधारित जीवन ही देता है सच्चा सुख : राष्ट्रपति



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत 2023 बैच के आईएएस अधिकारियों के समूह से राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में मुलाकात की। राष्ट्रपति ने आईएएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे असाधारण दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से अधिकारी बने हैं। इससे उनके निजी जीवन में भी बड़ा बदलाव आया है। उन्हें अब अधिक दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ अनगिनत लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने का अवसर मिला है। उनके सेवा और अधिकार का क्षेत्र इतना व्यापक है कि वे अपनी पहली पोस्टिंग में ही कई नागरिकों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

उन्होंने आईएएस अधिकारियों को वंचितों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी सलाह दी कि अधिकारी अपने करियर के दौरान कुछ समय बाद पोस्टिंग वाले स्थानों पर जाएं और अपने काम के दूरगामी परिणाम देखें। अधिकारियों को लोक सेवकों के अधिकारों और कर्तव्यों को ध्यान में रखना चाहिए। एक लोक सेवक के कर्तव्य उसकी जिम्मेदारियां हैं और उसके अधिकार उन कर्तव्यों को पूरा करने का साधन हैं। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि उनके करियर की असली कहानी उनके काम से बनेगी, न कि सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाने से। उनकी असली सामाजिक संपत्ति उनके अच्छे काम से तय होगी। प्रत्येक लोक सेवक को ईमानदारी और उद्देश्य के साथ काम करना चाहिए। पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का हम सभी सामना कर रहे हैं। नैतिकता और मूल्यों का क्षरण भी बहुत गंभीर चुनौतियां हैं। निष्ठावान और ईमानदार होने के बारे में और कुछ कहने की जरूरत नहीं है। ईमानदारी, सच्चाई और सादगी के जीवन मूल्यों का पालन करने वाले लोग अधिक सुखी रहते हैं। लोक सेवा में ईमानदारी सबसे वांछनीय नीति है। लोक सेवक से यह अपेक्षा की जाती है कि वे जीवन के हर क्षेत्र में निष्ठा और संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

## जवाबदेही और जनभागीदारी पर राष्ट्रपति का जोर

उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में लोगों की आकांक्षाएं बढ़ रही हैं। वे प्रशासकों की जवाबदेही के प्रति जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को आमजनों के साथ निकटता बढ़ाने और स्थानीय प्रयासों में उनकी भागीदारी बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के जनहित के मुद्दों को हल करने की भी सलाह दी। राष्ट्रपति ने कहा कि स्थानीय और राज्य स्तर पर उनके विकास और जन कल्याण के कार्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेंगे।

# ईडी ने सहारा की लोनावाला के आंबी वैली सिटी की 707 एकड़ जमीन को अस्थायी रूप से कुर्क किया

**ब्यूरो**

**बाजार मूल्य 1460 करोड़ रुपये, जमीन बेनामी प्रॉपर्टी के तहत खरीदी गई,सहारा समूह की चिटफंड आदि संस्थाओं से प्राप्त धन लगाया गया, जमाकर्ताओं को धन जमा करने के लिए धोखा दिया गया, उन्हें सहमति के बिना धन को फिर से जमा करने के लिए मजबूर किया गया था**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय, कोलकाता ने सहारा इंडिया व उसके समूह की संस्थाओं के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत लोनावाला के आंबी वैली सिटी और उसके आसपास की 707 एकड़ जमीन को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। इस जमीन का अनुमानित बाजार मूल्य 1460 करोड़ रुपये है। यह जमीन बेनामी प्रॉपर्टी के तहत खरीदी गई थी। इसमें सहारा समूह की संस्थाओं से प्राप्त धन का इस्तेमाल किया गया था। जमाकर्ताओं को धन जमा करने के लिए धोखा दिया गया। उन्हें सहमति के बिना धन को फिर से जमा करने के लिए मजबूर किया गया था। लोगों ने कई बार परिपक्वता भुगतान की मांग की, लेकिन जमाकर्ताओं को परिपक्वता भुगतान से वंचित कर दिया गया। जांच में सामने आया है कि समूह ने जमाकर्ताओं और एजेंटों को क्रमशः उच्च रिटर्न और कमीशन का लालच देकर धोखा दिया है। ईडी ने ओडिशा, बिहार व राजस्थान पुलिस द्वारा मेसर्स हमारा इंडिया क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (एचआईसीसीएसएल) और अन्य के खिलाफ आईपीसी, 1860 की धारा 420 और 120बी के तहत दर्ज 3 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। इसके अलावा सहारा समूह की संस्थाओं और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ 500 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई थीं, जिनमें से 300 से अधिक पीएमएलए, 2002 के तहत अपराधों के लिए दर्ज की गई थीं। इसमें आरोप लगाया गया था कि जमाकर्ताओं को धन जमा करने के लिए धोखा दिया गया था। उनकी सहमति के बिना धन को फिर से जमा करने के लिए मजबूर किया गया। कई बार परिपक्वता भुगतान की मांग करने के बावजूद उन्हें उनके परिपक्वता भुगतान से वंचित कर दिया गया था। ईडी की जांच से पता चला है कि सहारा समूह, विभिन्न संस्थाओं जैसे एचआईसीसीएसएल, सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (एससीसीएसएल), सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी (एसयूएमसीएस), स्टार्स मल्टीपरपज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (एसएमसीएसएल), सहारा इंडिया कमर्शियल कारपोरेशन लिमिटेड (एसआईसीसीएल), सहारा इंडिया रियल एस्टेट कारपोरेशन लिमिटेड (एसआईआरईसीएल), सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (एसएचआईसीएल) और सहारा समूह की अन्य संस्थाओं के माध्यम से एक पोंजी स्कीम चला रहा था। समूह ने जमाकर्ताओं और एजेंटों को क्रमशः उच्च रिटर्न और कमीशन का लालच देकर धोखा दिया है।जमाकर्ताओं की किसी भी जानकारी या नियंत्रण के बिना गैर-विनियमित तरीके से एकत्र धन का उपयोग किया है। इसके अलावा, उन्होंने पुनर्भुगतान से परहेज किया और इसके बजाय जमाकर्ताओं को उनकी परिपक्वता राशि को फिर से जमा करने के लिए मजबूर/प्रलोभित किया। पोंजी योजना को जारी रखने के लिए, उन्होंने मौजूदा परिपक्वता राशि चुकाने में सक्षम न होने के बावजूद नए जमा स्वीकार करना जारी रखा। एकत्रित धन का एक हिस्सा बेनामी संपत्ति बनाने, अपने निजी खर्चों और शानदार जीवनशैली के लिए इस्तेमाल किया गया। जांच से यह भी पता चला कि उन्होंने सहारा समूह की संपत्तियों का भी निपटान किया है और जमीन की बिक्री के बदले अघोषित नकदी में भुगतान का एक हिस्सा प्राप्त किया है, जिससे जमाकर्ताओं को उनके सही दावे से वंचित किया गया है। जांच के दौरान, जमाकर्ताओं, एजेंटों, सहारा समूह के कर्मचारियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों सहित विभिन्न व्यक्तियों के बयान पीएमएलए की धारा 50 के तहत दर्ज किए गए हैं। साथ ही, पीएमएलए की धारा 17 के तहत तलाशी ली गई, जिसमें 2.98 करोड़ रुपये की अस्पष्टीकृत नकदी जब्त की गई।

## डीआरसी की राजधानी में भारी बारिश से 70 से अधिक लोगों की मौत

**किंशासा (आईएएनएस)।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) के कई हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ ने तबाही मचा दी है। देश की राजधानी किंशासा सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है, यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। ताजा जानकारी के अनुसार, किंशासा के 11 स्वास्थ्य क्षेत्रों में नुकसान हुआ है। वहां 5,000 से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। अब तक कम से कम 72 लोगों की जान जा चुकी है और 170 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह सब तेज बारिश और बाढ़ की वजह से हुआ। देश के पूर्वी हिस्से में स्थित तांगान्यीका और साउथ किवू प्रांतों में भी भारी नुकसान हुआ है। वहां की स्थानीय सरकार जरूरतमंदों की मदद का पूरा आकलन करने में लगी हुई हैं।

## सूडान के विस्थापित शिविर पर हमलों में 300 से अधिक नागरिक मारे गए : संयुक्त राष्ट्र


**संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)।** सूडान के अकालग्रस्त जमजम विस्थापित कैंप पर हुए हमले में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के कार्यालय ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से दी। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने सोमवार को इस घटना की जानकारी देते हुए कहा कि सूडान में उत्तर दारफुर के अल-फशेर में शुक्रवार और शनिवार को जमजम और अबू शौक विस्थापन कैंपों और शहर के आसपास और इनके अंदर हुई गंभीर हिंसा से बड़े पैमाने पर लोगों की मौत हुई है। ओसीएचए ने लोकल सूत्रों के हवाले से बताया कि मृतकों के शुरुआती आंकड़े आए हैं उनसे पता चलता है कि इन हमलों में 10 संयुक्त राष्ट्र के समन्वय कार्यालय के 10 कार्यकर्ताओं सहित 300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

## देश में हाइवे निर्माण की गति बढ़ाकर 100 किलोमीटर प्रतिदिन करना है : गडकरी

### 15 दिन में आ जाएगी नई टोल नीति

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का लक्ष्य देश में हाइवे निर्माण की गति को बढ़ाकर 100 किलोमीटर प्रतिदिन करना है। उन्होंने एआईएमए के 10वें राष्ट्रीय नेतृत्व सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अगले 18 महीनों में भारत का सड़क बुनियादी ढांचा अमेरिका से बेहतर होगा। आगे कहा, ''भारत के लिए बुनियादी ढांचे के विकास का बहुत महत्व है। मैं देश में हाइवे निर्माण की गति को बढ़ाकर 100 किलोमीटर प्रतिदिन करने के लिए काम कर रहा हूं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय आने वाले सालों में कुल 25,000 किलोमीटर के दो और चार लेन वाले हाईवे बनाएगा।" उनका कहना है - ''राजमार्ग परियोजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है। देश में राजमार्ग निर्माण की गति 2020-21 में प्रतिदिन 37 किलोमीटर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी।" उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली को बदलने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर काम कर रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 2019-20 में 10,237 किलोमीटर, 2020-21 में 13,435 किलोमीटर, 2021-22 में 10,457 किलोमीटर, 2022-23 में 10,331 किलोमीटर और 2023-24 में 12,349 किलोमीटर राजमार्गों का निर्माण किया।गडकरी ने बीते सोमवार को कहा था कि भारत तभी 'विश्वगुरु' बन सकता है जब हम अंतरराष्ट्रीय स्तर का बुनियादी ढांचा तैयार करेंगे। हमने कभी गुणवत्ता से समझौता नहीं किया, मैंने ठेकेदारों को कहा है कि गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए, वरना आपको जेल या ब्लैक लिस्ट में डाल दिया जाएगा। टोल को लेकर उन्होंने कहा था कि 15 दिन के अंदर ऐसी नीति आ जाएगी, जिससे टोल के बारे में कोई शिकायत नहीं रहेगी।यह भी कहा था कि आने वाले दो साल में मप्र में नेशनल हाईवे का नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा बन जाएगा। एक साल के भीतर राज्य में तीन लाख करोड़ रुपये के बुनियादी अवसंरचना विकास के काम पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा था कि वह हवा में बातें नहीं करते हैं ,जो भी वादा करते हैं, उसे डंके की चोट पर पूरा भी करते हैं।



## इंग्लिश बाजार में रंगारंग प्रभात फेरी के साथ मनाया गया बंगाली नववर्ष

**मालदा (आईएएनएस)**

बंगाली नववर्ष (पोइला बैशाख) के अवसर पर मंगलवार सुबह इंग्लिश बाजार नगरपालिका के पांच नंबर वार्ड में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। वार्ड कमेटी की ओर से आयोजित रंगारंग प्रभात फेरी के साथ नववर्ष का स्वागत किया गया। सुबह साढ़े सात बजे सिंगाटोला इलाके से शुरू हुई यह फेरी वार्ड के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण करते हुए वापस सिंगाटोला में समाप्त हुई। प्रभात फेरी में इंग्लिश बाजार नगरपालिका के चेयरमैन कृष्णेंदु नारायण चौधरी, उपाध्यक्ष सुमला अगरवाला, वार्ड पार्षद सुमिता बनर्जी और पूर्व पार्षद रामप्रसाद बनर्जी सहित वार्ड कमेटी के कई सदस्य शामिल हुए। इसके अलावा, स्थानीय कलाकारों, महिला ढाकियों और विभिन्न संगीतकारों ने फेरी में हिस्सा लेकर इसे और जीवंत बना दिया। ढाक की थाप और पारंपरिक बंगाली गीतों ने सुबह के माहौल को उत्सवी रंगों से भर दिया। प्रभात फेरी के बाद वार्ड कमेटी ने नववर्ष के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया।




# 'हिट 3': नानी की क्राइम थ्रिलर फिल्म के बारे में नेटिज़न्स का क्या है कहना?

नानी जल्द ही अपनी फिल्म 'हिट 3' के साथ बड़ी स्क्रीन पर लौट आएंगे। नेचुरल स्टार नानी ने आगामी फिल्म हिट -3 में मुख्य भूमिका निभाई, जो कि सिलेश कोलानू द्वारा निर्देशित है। हिट यूनिवर्स में तीसरी किस्त के रूप में, इस फिल्म ने दर्शकों के बीच महत्वपूर्ण प्रत्याशा उत्पन्न की है।

नानी जल्द ही अपनी फिल्म 'हिट 3' के साथ बड़ी स्क्रीन पर लौट आएंगे। नेचुरल स्टार नानी ने आगामी फिल्म हिट -3 में मुख्य भूमिका निभाई, जो कि सिलेश कोलानू द्वारा निर्देशित है। हिट यूनिवर्स में तीसरी किस्त के रूप में, इस फिल्म ने दर्शकों के बीच महत्वपूर्ण प्रत्याशा उत्पन्न की है। इस उत्साह का प्राथमिक कारण फ्रैंचाइज़ी में पहली दो फिल्मों की भारी सफलता है। फिल्म 1 मई को रिलीज़ होने वाली है। तैयारी में, फिल्म निर्माताओं ने अपनी प्रचार गतिविधियों को तेज कर दिया है। इन प्रयासों के हिस्से के रूप में, ट्रेलर अब जारी किया गया है। ट्रेलर को देखते हुए, फिल्म हत्याओं की एक श्रृंखला के इर्द -गिर्द घूमती हुई दिखाई देती है और कैसे अर्जुन सरकार नामक एक शक्तिशाली पुलिस अधिकारी ने जांच की और उन्हें हल किया। इससे पहले, विश्वक सेन और आदिवि सेश ने फ्रैंचाइज़ी में अपराधों को हल किया और नानी ने अब इस अपराध नाटक को लीड के रूप में संभाला है।

